# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 17 फरवरी 2026


साल का पहला सूर्य ग्रहण आज

## भारत में नहीं लगेगा सूतक



**नई दिल्ली।** आज यानी 17 फरवरी को सूर्य ग्रहण लगने वाला है। यह साल का पहला सूर्य ग्रहण है, जो कुंभ राशि और धनिष्ठा नक्षत्र में लगने वाला है। यह एक वलयाकार या कंकण सूर्य ग्रहण होगा। यह सूर्य ग्रहण दोपहर 3 बजकर 26 मिनट से लेकर शाम 7 बजकर 57 मिनट तक रहने वाला है। सूर्य ▸▸शेष पेज 4 पर

**पीएम मोदी ने किया उद्घाटन, 840 से ज्यादा कंपनियां ले रहीं हिस्सा**

# दिल्ली में एआई समिट का 'महाकुंभ' शुरू




*केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि पांच दिवसीय एआई इम्पैक्ट समिट में दुनियाभर के नेता, स्टार्टअप, नवोन्मेषक और शोधकर्ता एकत्र हुए*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन किया। यह एक्सपो एआई तकनीक के व्यावहारिक उपयोग, स्टार्टअप नवाचार और डिजिटल समाधान को प्रदर्शित करने का बड़ा मंच है। इसमें देश-विदेश की कंपनियां और विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। एआई आधारित समाधान आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एआई के दुरुपयोग, गलत सूचना और डीपफेक के खतरे पर चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि डीपफेक और भ्रामक कंटेंट से निपटने के लिए भारत 30 से अधिक देशों के मंत्रियों के साथ तकनीकी और कानूनी समाधान पर बातचीत कर रहा है। सरकार एआई से बने कंटेंट पर वॉटरमार्क और लेबल अनिवार्य करने के लिए सख्त नियम लाने की दिशा में काम कर रही है।



एआई रोबोटिक मशीन का प्रदर्शन

- *एआई स्टार्टअप्स ने दिखाए डैमो*
- *डीपफेक पर सख्ती की तैयारी कर रहा भारत*
- *इवेंट में दुनियाभर के देशों के राष्ट्राध्यक्ष और दिग्गज एआई कंपनियों के सीईओ शामिल*



समिट में पीएम मोदी चर्चा करते हुए

### केंद्रीय मंत्री वैष्णव बोले-तकनीक के साथ सख्त कानूनी ढांचा बनेगा



भारत सरकार ने एआई को लेकर साफ संकेत दिया है कि देश तेज तकनीकी अपनाने के साथ मजबूत कानूनी और तकनीकी सुरक्षा ढांचा भी बनाएगा। आईटी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एआई का विस्तार क्रिएटिव इकोनॉमी को मजबूत करे, लेकिन इससे कॉपीराइट, रोजगार ▸▸शेष पेज 4 पर ▸▸पढ़ें पेज 10 भी

### हॉलो ट्यूब के जरिए बताई जा रही महाभारत की कहानी

भारत मंडपम में जियो ने एक एग्जिबिशन लगाई है, जिसका नाम जियो संस्कृति एआई ऑफ स्टोरी टेलिंग एंड कल्चर है। इसमें महाभारत के पात्रों को दिखाया गया है और वे ही कहानी सुनाने का काम कर ▸▸शेष पेज 4 पर

### एआई इंपैक्ट समिट के मुख्य वक्ता

- इमैनुएल मैक्रों, राष्ट्रपति, फ्रांस
- सुंदर पिचाई, सीईओ, गूगल
- मुकेश अंबानी, चेयरमैन एवं एमडी, रिलायंस इंडस्ट्रीज
- सैम ऑल्टमैन, सीईओ, ओपनएआई
- शांतनु नारायण, सीईओ, एडोबी
- क्रिस्टियानो एमोन, सीईओ, क्वालकॉम
- डारियो अमोडेई, सीईओ, एंथ्रॉपिक
- डेमिस हासाबिस,सीईओ, गूगल डीपमाइंड
- आर्थर मेंश, सीईओ, मिस्ट्रल एआई
- अलेक्जेंडर वांग, चीफ एआई ऑफिसर, मेटा
- प्रत्युष कुमार और विवेक राघवन, सह-संस्थापक, सर्वम एआई
- विशाल सिक्का, संस्थापक एवं सीईओ, वियानाई

### ये भी जानिए

**3250** से अधिक स्पीकर्स और पैनल

**500** से अधिक सेशन

**2.5 लाख** विजिटर्स आने की संभावना

**300** एग्जीबिशन पवेलियन

**600** हाई पावर वाले स्टार्टअप

**13** देशों के पवेलियन


॥ॐ जूं सः भोपालवासी पालय पालय सः जूं ॐ॥
वास्तु शास्त्र के नियम अनुसार
'जैसा आपका भवन है, वैसा आपका जीवन है'
वास्तुशास्त्री, एस्ट्रोलॉजर, न्यूमरोलॉजिस्ट, ऊर्जा स्कैनिंग एक्सपर्ट
VASTUVID SATYENDRA SINGH
Call Now 9171295733
Add: Vastu Sadan D 7 Tribhuvan Colony Salaiya Bhopal Mp

क्या सुनने में कठिनाई होती है
सिल्वर जुबली ऑफर
• कान/सुनने की मशीन पर विशेष छूट
•सुनने की जांच •स्पीच थैरेपी
Sinha SPEECH & HEARING CENTER
Ph. 0755-2760853 9243703712
सिन्हा स्पीच एंड हियरिंग सेंटर
पता : सरिता कॉम्पलेक्स, ब्लॉक नं. 3 शिवाजी नगर भोपाल
समय : सुबह 10.00 से 1.00 तक शाम 5.00 बजे से रात 8.00 तक

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


### टॉयलेट क्लीनर से फैली जहरीली गैस, 3 बेहोश

**बैतूल।** टॉयलेट क्लीनर की गैस की चपेट में आकर एक ही परिवार के तीन लोग बेहोश हो गए। बुजुर्ग पिता की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल के आईसीयू में शिफ्ट किया गया है, जबकि मां और बेटे वार्ड में भर्ती हैं। मामला कोतवाली थाना इलाके के टेमनी गांव में सोमवार का है। स्थानीय निवासी चंदन सुबह अपने घर के टॉयलेट की सफाई कर रहे थे। जैसे ही उन्होंने एसिड युक्त टॉयलेट क्लीनर की बोतल खोली एसिड बाहर छलक गया और बाथरूम में जहरीली गैस फैल गई।

विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन ही विपक्ष ने नारेबाजी कर कार्यवाही नहीं चलने दी

# राज्यपाल के अभिभाषण में हंगामा, कांग्रेस ने 'दूषित' पानी से 35 मौतों का मुद्दा उठाया



राज्यपाल का स्वागत हुआ

*पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण व कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव सदन में रखा गया। वरिष्ठ सदस्य व पूर्व मंत्री अजय विश्नोई ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जबकि पूर्व मंत्री अर्चना चिटनीस ने प्रस्ताव का समर्थन किया*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राज्यपाल के अभिभाषण पर सोमवार को मप्र विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस ने इंदौर के भागीरथपुरा में सीवर मिला हुआ पानी पीने से हुई 35 मौतों का जिक्र अभिभाषण में नहीं करने का आरोप लगाते हुए राज्यपाल के अभिभाषण का विरोध किया। कांग्रेस सदस्यों ने कहा कि अभिभाषण में 35 मौतों का जिक्र तक नहीं है। सदन में ही तीन घटनाओं से जुड़े मंत्री बैठे हैं। कांग्रेस सदस्यों के नारेबाजी से अभिभाषण में खासा व्यवधान हुआ। करीब 10 मिनट तक चले हंगामे के बीच राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कुल 47 पेज के अभिभाषण का महज अंतिम पैराग्राफ पढ़कर उसे पढ़ा हुआ घोषित करते हुए समाप्त कर दिया।

विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया। पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण व कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव सदन में रखा गया। वरिष्ठ सदस्य व पूर्व मंत्री अजय विश्नोई ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जबकि पूर्व मंत्री अर्चना चिटनीस ने प्रस्ताव का समर्थन किया। सदन की कार्यवाही करीब 21 मिनट तक चली। सदन की कार्यवाही सुबह 11.02 बजे शुरू हुई। राज्यपाल पटेल सदन में 11.08 बजे ▸▸शेष पेज 4 पर

### 47 पेज का अभिभाषण महज 20 मिनट में समाप्त

- *राष्ट्रगीत वंदे मातरम का छह छंदों सहित समूह गान किया गया*
- *कांग्रेस बोली अभिभाषण में इंदौर में हुई मौतों का जिक्र होना चाहिए था*



### कांग्रेस ने पूछा- स्वच्छ पानी प्रदेश में कहां मिल रहा है?

राज्यपाल का अभिभाषण करीब 10 मिनट बीते होंगे, इसी दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने स्वच्छ पेयजल का मुद्दा उठाते हुए सवाल किया कि प्रदेश भर में कहीं भी स्वच्छ जल लोगों को नहीं मिल रहा है। राज्यपाल स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की बात तो कर रहे हैं, पर गंदा, सीवरयुक्त पानी पीने से हुई मौतों का जिक्र तक नहीं कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष के इशारे पर कांग्रेस के सभी सदस्य खड़े होकर विरोध जताने लगे। ▸▸पढ़ें पेज 02 व 12 भी

स्पीकर ने कहा

### पहले अभिभाषण सुन लें, सबको मौका मिलेगा

कांग्रेस के हंगामा शुरू करने के दौरान विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कांग्रेसी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे राज्यपाल का अभिभाषण पहले सुनें, यदि उनकी कोई बात होगी तो सदन में उन्हें पर्याप्त समय मिलेगा, इस दौरान अपनी बात कह सकते हैं। किंतु कांग्रेस सदस्यों ने उनकी बात अनसुनी करते हुए शोरगुल व हंगामा करते रहे। कांग्रेस सदस्यों ने अध्यक्ष ने उनका माइक बंद करने का भी आरोप लगाया। यह सब करीब 11.28 मिनट तक चलता रहा। इसके बाद उन्होंने अभिभाषण का अंतिम पंक्ति कहकर समाप्त कर दिया। हालांकि राज्यपाल को सदन से विदा ▸▸शेष पेज 4 पर

राज्यपाल का अभिभाषण

### वर्ष 2047 तक एक समृद्ध, समावेशी और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में विकसित करना है

राज्यपाल पटेल ने अपने अभिभाषण में कहा कि सरकार ने मप्र के दीर्घकालिक और समग्र विकास की ठोस नींव रखते हुए समृद्ध मप्र @ 2047 दृष्टिपत्र तैयार किया है। यह केवल एक नीतिगत दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेशवासियों की सहभागिता, सुझावों और आकांक्षाओं से उपजा एक सामूहिक संकल्प है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य स्पष्ट है, वर्ष 2047 तक मप्र को एक समृद्ध, समावेशी और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित करना है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि समृद्ध मध्यप्रदेश 2047 की परिकल्पना के तहत मेरी सरकार की ओर से हथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्र को रोजगार निर्यात और सांकेतिक सांस्कृतिक पहचान का शासक आधार बनाने ▸▸शेष पेज 4 पर



फैक्ट्री में आग बुझाते दमकलकर्मी

राजस्थान में अवैध केमिकल फैक्ट्री में धमाका

# 8 लोग जिंदा जले, पॉलीथीन में ले जाने पड़े शवों के टुकड़े



पॉलीथिन में रखा शव

एजेंसी ▸▸ भिवाड़ी

राजस्थान के भिवाड़ी की केमिकल फैक्ट्री में अचानक तेज धमाका हुआ। इसमें 8 मजदूर जिंदा जल गए, जबकि 4 गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें दिल्ली एम्स रेफर किया गया है। शव बुरी तरह जल गए थे। कई शवों के कंकाल भर बचे थे। बॉडी पार्टस के टुकड़े बिखरे मिले। रेस्क्यू टीम ने इन टुकड़ों को पॉलीथीन में एकत्र किया। हादसा खुशखेड़ा कारौली इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ। फैक्ट्री मैनेजर अभिनंदन को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। फैक्ट्री को सीज कर दिया ▸▸शेष पेज 4 पर

- *मैनेजर हिरासत में, फैक्ट्री सीज*
- *अवैध फैक्ट्री में भरा था बारूद*

### सभी फैक्ट्रियों की होगी जांच

जिस औद्योगिक क्षेत्र में यह हादसा हुआ, यहां मूल रूप से गारमेंट्स बनाने की फैक्ट्री है। लेकिन अवैध रूप से यहां एक फैक्ट्री में पटाखे बनाने का काम चोरी छिपे तरीके से गेट बंद करके हो रहा था। प्रशासन की नाक की नीचे से हो रहे इस अवैध कार्य के सामने आने के बाद यह निर्देश दिए गए हैं कि सभी फैक्ट्रियों की जांच होगी। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिला प्रशासन को राहत और बचाव कार्य के निर्देश दिए हैं।

सागर के मुहली रेंज में मिला शव, कॉलर आईडी से मिली लोकेशन

# कान्हा से वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व आए बाघ की मौत, टेरिटरी फाइट की जताई आशंका

*तीन दिनों से बाघ की लोकेशन एक ही स्थान पर मिल रही थी, तब शक हुआ*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सागर

वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में एक महीने पहले लाए गए करीब 35 माह उम्र के बाघ की मौत हो गई। रविवार को मानेगांव बीट में उसका शव मिला। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अंधेरा होने के कारण विस्तृत सर्चिंग नहीं हो सकी, जिसके बाद सोमवार सुबह डॉग स्क्वाड के साथ जांच तेज की गई। डॉक्टरों का पैनल पोस्टमार्टम कर रहा है, जिससे मौत का कारण स्पष्ट होगा। शुरुआती तौर पर टेरिटरी फाइट की आशंका जताई जा रही ▸▸शेष पेज 4 पर



बाघ का शव

### भोपाल,पन्ना और जबलपुर से पहुंची जांच टीम

जांच के दौरान बिजली के तारों और आसपास के जलस्त्रोतों को भी परखा गया। कहीं करंट या पानी में गड़बड़ी जैसे संकेत नहीं मिले। इससे विभाग का शक टेरिटरी फाइट की ओर ज्यादा बढ़ा है। डीएफओ रजनीश कुमार के अनुसार शव का पोस्टमार्टम विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम कर रही है, जो ▸▸शेष पेज 4 पर

शादी से पहले 'शारीरिक संबंध' बनाने पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

कोर्ट ने शादी से पहले सावधानी बरतने की सलाह दी

# हम पुराने ख्याल के हो सकते हैं लेकिन...लड़का लड़की शादी से पहले संबंध कैसे बना सकते हैं?

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को शादी से पहले संबंध बनाने पर अहम टिप्पणी की है। यह टिप्पणी दुष्कर्म और शादी का वादा करने से जुड़े एक मामले में जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान आया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयान की बेंच एक ऐसे आदमी की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिस पर एक महिला से शादी का वादा करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने और फिर दूसरी महिला से शादी करने का आरोप है। सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि शादी से पहले शारीरिक संबंध बनाने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शायद हम पुराने ख्यालों वाले हैं...लेकिन शादी से पहले, एक लड़का और एक लड़की अजनबी होते हैं। उनके रिश्ते में चाहे जो भी अच्छे-बुरे हों, हम यह समझने में नाकाम रहते हैं कि वे शादी से पहले शारीरिक संबंध में कैसे बना सकते हैं? बेंच के आगे कहा कि आपको बहुत सावधान रहना चाहिए। शादी से पहले किसी पर भी विश्वास नहीं करना चाहिए।

- *जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई*



सुप्रीम कोर्ट

### मैट्रिमोनियल वेबसाइट के जरिए मिले थे दोनों

कोर्ट को बताया गया कि महिला और पुरुष 2022 में एक मैट्रिमोनियल वेबसाइट के जरिए मिले थे। सरकारी वकील ने आरोप लगाया कि आदमी ने महिला को भरोसा दिलाया कि वह उससे शादी करेगा और इसी आधार पर उसने फिजिकल रिलेशनशिप बनाया। प्रॉसिक्यूशन ने यह भी दावा किया कि उनके सेक्सुअल इंटरेक्शन के वीडियो महिला की सहमति के बिना रिकॉर्ड किए गए थे, और उसने उन्हें सर्कुलेट करने की धमकी दी गई थी। मामले को आगे की सुनवाई के लिए बुधवार को लिस्ट किया गया है।

देश में 100 पर्सेंटाइल लाने वाले 12 विद्यार्थियों में से मध्यप्रदेश का एक भी विद्यार्थी शामिल नहीं

# जेईई मेन सेशन-1 का रिजल्ट घोषित, भोपाल के चार छात्रों ने हासिल किए 99 परसेंटाइल से अधिक अंक

## एनटीए ने जारी किया जेईई मेन सेशन-1 का रिजल्ट, इंदौर के रिद्धेश 99.99 के साथ एमपी टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार देर शाम नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन सेशन-1 वर्ष 2026 का रिजल्ट जारी कर दिया है। जारी परिणाम के अनुसार भोपाल के चार विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक हासिल किए हैं। वहीं, इंदौर के रिद्धेश बेंडाले 99.992 पर्सेंटाइल के साथ मध्य प्रदेश में टॉपर रहे हैं। इस बार देशभर में 12 छात्रों ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किया है। इस बार इनमें मध्य प्रदेश का कोई भी विद्यार्थी इस सूची में शामिल नहीं है। बताया गया



है कि इस बार मप्र का प्रदर्शन पिछले बार की तुलना में कमजोर रहा है। इंदौर के रिद्धेश बेंडाले 99.99 पर्सेंटाइल के साथ मध्य प्रदेश में टॉप किया है।

हालांकि, भोपाल और इंदौर के कुछ छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल के करीब अंक हासिल किए हैं। इस बार पिछले बार की अपेक्षा जेईई मेन में मध्यप्रदेश का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर रहा है। देश के टॉप-12 छात्रों में प्रदेश का एक भी नाम शामिल नहीं है। इसके बावजूद इंदौर और भोपाल के विद्यार्थियों ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक लाकर बेहतर प्रदर्शन किया है।

### भोपाल के विद्यार्थी 99 पर्सेंटाइल पर

भोपाल के चार विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक हासिल किए हैं। इनमें श्रेयांश जेना ने (99.9), तनिष्क शुक्ला ने (99.90), अर्ष जैन (99.92), तनिष्क सिंघल (99.92) परसेंटाइल के साथ सिटी टॉप फोर में शामिल हैं।

### देश के 100 पर्सेंटाइल वाले टॉपर्स

इस बार देशभर में 12 छात्रों ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किया है। इनमें दिल्ली (एनसीटी) के श्रेयस मिश्रा, आंध्र प्रदेश के नरेंद्रबाबू गारी मथीथ और पसला मोहित, बिहार के शुभम कुमार, राजस्थान के कबीर छिल्लर, चिरंजीब कर और अर्णव गौतम, ओडिशा के भावेश पत्र, हरियाणा के अनय जैन, महाराष्ट्र के माधव विरडिया, गुजरात के पुरोहित निमय और तेलंगाना के विवान शरद महिश्वरी शामिल हैं।

महाविद्यालय अध्यक्ष, मंत्री बैठक आयोजित

# कॉलेजों में देशभक्ति गीतों से राष्ट्रभाव जागृत करने की योजना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) मध्य भारत प्रांत की एक दिवसीय महाविद्यालय अध्यक्ष मंत्री बैठक सोमवार को राजधानी हुई। बैठक में एबीवीपी के उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखाड़िया, मध्यभारत प्रांत अध्यक्ष प्राध्यापक धर्मेंद्र राजपूत, प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी और प्रांत संगठन मंत्री रोहित दुबे की भी उपस्थिति रही। बैठक में आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वंदे मातरम ऑन कैंपस अभियान को प्रभावी रूप से चलाने का निर्णय लिया गया।

इसके बाद महाविद्यालय परिसरों में राष्ट्रगीत, संगोष्ठी, देशभक्ति गीत एवं विचार गोष्ठियों के माध्यम से राष्ट्रभाव जागृत करने की योजना बनाई गई। साथ ही युवाओं के बीच बढ़ते मोबाइल उपयोग को ध्यान में रखते हुए स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम अभियान पर चर्चा हुई। इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को खेल, पुस्तक पठन, समूह चर्चा, व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक गतिविधियों से जोडऩे का संकल्प लिया गया।

### छात्र हितों के प्रश्नों को मजबूती से उठाएं

अपने उद्‌बोधन में घनश्याम शाही ने कहा कि परिषद का कार्य केवल संगठन विस्तार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की दीर्घकालीन साधना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे हर परिसर में सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण निर्मित करें, छात्र हितों के प्रश्नों को मजबूती से उठाएं तथा समाज जीवन में नेतृत्वकारी भूमिका निभाएं। कहा कि परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आचरण, अनुशासन और अध्ययनशीलता से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बने।

## खबर संक्षेप

### फाल्गुन अमावस्या आज राम भक्त हनुमान की पूजा से दूर होंगे संकट

**भोपाल।** फाल्गुन माह की अमावस्या मंगलवार को रहेगी। इस तिथि के स्वामी पितर देव माने जाते हैं। इस दिन विशेष रूप से नदी स्नान, दान-पुण्य के साथ ही धूप-ध्यान और तर्पण करने की परंपरा है। मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि मंगलवार को भौमवती अमावस्या रहेगी। इस अवसर पर हनुमान जी की पूजा से संकट दूर होंगे। इस बार अमावस्या मंगलवार को है, मंगलवार की अमावस्या का नाम भोमवती है। इस दिन में गंगा, यमुना, शिप्रा, नर्मदा जैसी पवित्र नदियों में स्नान करने से अक्षय पुण्य मिलता है। जो लोग किसी तीर्थ स्थान पर नहीं जा पा रहे हैं, उन्हें घर पर भी पानी में गंगाजल या किसी अन्य नदी का जल मिलाकर स्नान करना चाहिए। स्नान के बाद पीपल के पेड़ में जल चढ़ाएं और भगवान विष्णु के साथ तुलसी माता की पूजा करें।

### आरकेएमपी-आधारताल इंटरसिटी आज बोहानी पर लेगी हॉल्ट

**भोपाल।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधारताल-रानी कमलापति-



अधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस का आधारताल से मंगलवार एवं रानी कमलापति से बुधवार से बोहानी स्टेशन पर दोनों दिशाओं में 1 मिनट का अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह अतिरिक्त ठहराव उक्त तिथि से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 22188 अधारताल-रानी कमलापति इंटरसिटी एक्सप्रेस का बोहानी स्टेशन पर आगमन समय 18.11 बजे एवं वापसी में गाड़ी संख्या 22187 रानी कमलापति-आधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस का बोहानी स्टेशन पर आगमन समय 08.25 बजे होगा। रेलवे अधिकारी के अनुसार इन अतिरिक्त ठहरावों से संबंधित क्षेत्रों के यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी तथा स्थानीय स्तर पर रेल सेवाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकेगा।

माशिमं ने परीक्षा, नामांकन, संबद्वता शुल्क में किया 20 से 80 फीसदी तक का इजाफा

# अंकसूची-माईग्रेशन का अब शुल्क होगा दोगुना, अभिभावकों की जेब पर बढ़ा भार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्वता प्राप्त स्कूलों के विद्यार्थियों और उनके अभिभावको के लिए काम की खबर है। मंडल ने परीक्षा, नामांकन, संबद्वता शुल्क में किया 20 से 800 फीसदी तक का इजाफा किया है। जिससे अभिभावकों की जेब पर भार बढ़ा है। विद्यार्थियों को अब परीक्षा शुल्क 1500 रूपए, प्राइवेट के 1600 रूपए, परीक्षा केंद्र बदलने के लिए 1000 रूपए अदा करने होंगे। वहीं अंकसूची-माईग्रेशन के लिए विद्यार्थियों को लगभग दोगुना शुल्क यानि 1 हजार रूपए का भुगतान करना होगा।

दरअसल, मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की मंडल कार्यपालिका समिति की बैठक बीते 27 जनवरी को आयोजित की गई थी। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 से मंडल द्वारा आयोजित परीक्षाओं के लिए परीक्षा, नामांकन, संबंद्वता एवं शुल्क लागू किया गया है। इस संबंध में मंडल ने आदेश जारी कर दिए हैं। मंडल द्वारा इस बार परीक्षा, नामांकन, संबद्वता शुल्क में करीब 20 से 75 फीसदी तक का इजाफा किया गया है। बताया जा रहा है कि करीब दो वर्ष बाद मंडल ने शुल्क में बढ़ोत्तरी की गई है।

**परीक्षा शुल्क अब 1500 रूपए, नामांकन के लगेंगे 500 रुपए, परीक्षा केंद्र बदलने के लिए देने होंगे 1000 रुपए**



फाइल फोटो।

### हर साल बोर्ड परीक्षा में शामिल होते हैं 16 लाख से अधिक विद्यार्थी

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा में हर साल 16 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल होते है। इसके साथ में माशिमं द्वारा नवमीं का नामांकन शुल्क, स्कूलों की संबद्धता, डुप्लीकेट अंकसूची समेत तमाम मदों में छात्रों से शुल्क वसूला जाता है। ऐसे में इस नए बदलाव से प्रदेश के यह सभी प्रभावित होंगे।

### स्कूलों की संबद्वता के लिए शुल्क बढ़ाया

हाईस्कूल और हायर सेकंडरी की संबद्धता लेने के लिए सरकारी और निजी स्कूलों की फीस अलग-अलग तय की गई है। 10वीं की नई संबद्धता सरकारी स्कूलों के लिए 20 हजार, निजी के लिए 22 हजार रुपए रहेगी। दोनो स्कूलों के लिए शुल्क दो हजार रुपए बढ़ाया गया है। 12वीं की नवीन संबद्धता के लिए सरकारी को 27 और निजी स्कूलों को 30 हजार रुपए देना होंगे। निजी स्कूलों के लिए यह शुल्क तीन हजार रुपए बढ़ाया है।

### यह हुआ शुल्क में इजाफा

जारी आदेश के अनुसार, परीक्षा के लिए अब नियमित विद्यार्थियों को 1200 के बजाय 1500 और स्वाध्यायी को 1600 रुपए शुल्क देना होगा। नामांकन शुल्क भी 350 से बढ़ाकर 500 रुपए कर दिया है। परीक्षा केंद्र के परिवर्तन के लिए 500 रूपए के बजाया अब एक हजार रूपए देने होंगे। दस वर्ष पुरानी अंकसूची की प्रतिलिपि लेने का शुल्क 600 से बढ़ाकर एक हजार रुपए किया गया है। वहीं 10 वर्ष से अधिक के लिए 600 की बजाय अब 1200 रूपए देने होंगे। वहीं सत्यापन के लिए भी शुल्क को दोगुना करते हुए इसे दस वर्ष के लिए 500 एवं दस वर्श से पुराने के लिए 600 रूपए किया गया है।

गोशाला निर्माण की मुहिम को मिला समर्थन

# एमसीयू में गोशाला निर्माण की मांग पर एनएसयूआई का उपवास



उपवास पर बैठे एनएसयूआई कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि में सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में गौशाला बनाए जाने की मांग को लेकर एनएसयूआई द्वारा एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह उपवास विवि में पर्यावरण संरक्षण, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने की भावना के साथ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपवास का नेतृत्व कर रहे एनएसयूआई प्रदेश सचिव अमन पठान की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद मौके पर मौजूद कार्यकर्ता उन्हें तुरंत विवि स्थित धनवंतरी चिकित्सालय में चिकित्सकीय परामर्श के लिए ले गए।

### विवि की कुलसचिव पहुंचीं

घटना की जानकारी मिलते ही विवि की कुलसचिव डॉ. पी. शशिकला मौके पर पहुंचीं और उपवास कर रहे छात्रों से मुलाकात कर स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने इस मांग को लेकर विवि प्रशासन स्तर पर संवेदनशीलता के साथ बातचीत करने और सकारात्मक समाधान का आश्वासन भी दिया। उपवास कार्यक्रम को भोपाल उत्तर विधायक आतिफ अकील ने भी समर्थन दिया है। उन्होंने वीडियो कॉल के माध्यम से उपवास पर बैठे कार्यकर्ताओं से संवाद किया और गौशाला निर्माण की मांग को जायज़ बताते हुए अपनी ओर से एक गाय दान करने की घोषणा की। विज्ञप्ति के अनुसार इस मुहिम को पूर्व मंत्री पीसी शर्मा का भी समर्थन प्राप्त हुआ। एनएसयूआई ने विवि प्रशासन से मांग की है कि छात्रों की इस जनहितकारी और मानवीय मांग पर शीघ्र निर्णय लेते हुए विवि परिसर में गौशाला निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाए।

जीएमसी में दंत चिकित्सालयों को ओरल कैंसर की रोकथाम का दिया प्रशिक्षण

# मप्र में 12.8 प्रतिशत की दर से हर साल बढ़ रहा ओरल कैंसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में ओरल कैंसर का प्रसार प्रतिवर्ष लगभग 12.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। इसलिए ओरल कैंसर की रोकथाम के उपायों का प्रभावी क्रियान्वयन करना अत्यंत आवश्यक है। यह चिंता गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में दंत चिकित्सकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सों ने जाहिर की।

जीएमसी दंत शल्य चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनुज भार्गव ने बताया कि जीएमसी में नेशनल हेल्थ मिशन व राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम (मुख) के अंतर्गत विभिन्न जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ शासकीय दंत चिकित्सकों एवं



प्रशिक्षण कार्यक्रम।

नोडल अधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में शासकीय दंत चिकित्सकों को बेसिक लाइफ सपोर्ट, मेडिको-लीगल जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया तथा तंबाकू से होने वाले रोगों एवं उनकी रोकथाम के लिए केंद्र सरकार द्वारा संचालित टुबैको केसटेशन क्लीनिक (टीसीसी) के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया, जिससे दंत चिकित्सक अपने पदस्थापना वाले जिलों में संचालित कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन कर सकें। प्रशिक्षण के अवसर पर जीएमसी डॉ. कविता एन. सिंह और मप्र मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अशोक खंडेलवाल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### मुख कैंसर की रोकथाम में दंत चिकित्सकों की भूमिका महत्वपूर्ण

डॉ. अनुज भार्गव ने बताया कि मुख कैंसर के शुरूआती लक्षणों की जांच एवं तंबाकू सेवन की रोकथाम में दंत चिकित्सक सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। क्योंकि वे नियमित जांच के दौरान मुंह के कैंसर के शुरूआती लक्षणों, जैसे असामान्य पैच या गांठ को पहचान सकते हैं। हर छह महीने में दंत जांच कराने से कैंसर के प्रारंभिक चरण का पता चलने से उपचार सफल होने की संभावना बढ़ जाती है और समय पर रेफरल से जीवन बचाया जा सकता है।

### 5वीं-8वीं की परीक्षाएं 20 फरवरी से, डीपीसी अब तक नियुक्त नहीं

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी और निजी स्कूलों के पांचवी-आठवीं के विद्यार्थियों की मुख्य परीक्षाएं 20 फरवरी से शुरू हो जाएंगी। बोर्ड पैटर्न पर होने वाली इन परीक्षाओं को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने तैयारियां लगभग पूरी कर ली है। परीक्षाओ के शुरू होने में अब कुछ दिन ही तीन शेष रह गए हैं। हालांकि राजधानी भोपाल में ही राज्य शिक्षा केंद्र डीपीसी की नियुक्ति नहीं कर पाया है। वहीं कुछ अन्य जिलों में भी प्रभारी के भरोसे जिला शिक्षा केंद्रो में व्यवस्थाएं चल रही हैं। ऐसे में इन परीक्षाओं पर इसका असर पडेग़ा। उल्लेखनीय है कि राजधानी भोपाल में जिला प्रशासन ने गत वर्ष अक्टूबर में संयुक्त कलेक्टर को डीपीसी कार्यालय का प्रभार दिया है। राजधानी के शिक्षकों ने पक्ष रखते हुए कहा है कि संयुक्त कलेक्टर प्रशासनिक अधिकारी हैं।

प्राचीन शिव मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित सेवा एवं भंडारा कार्यक्रम का आयोजन

# महाशिवरात्रि: भंडारा और सेवा कार्यों में सहयोगियों एवं अग्रणी संस्थाओं का किया सम्मान



सम्मान समारोह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री प्राचीन शिव मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित सेवा एवं भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाली संस्थाओं एवं व्यक्तियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे,समाज सेवी प्रमोद नेमा व भगवान दास ढालिया सहित कई संस्थाओं का सम्मान किया गया।

## शिव की स्मृति से जीवन बनेगा सुखमय : बीके डॉ. रीना दीदी

**भोपाल।** महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज गुलमोहर सेवाकेन्द्र, में भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव की पूजा, आरती के द्वारा किया गया। इससे वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा। ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र प्रभारी बीके डॉ रीना दीदी ने महाशिवरात्रि महोत्सव के बारे में बताया कि शिव की स्मृति से जीवन सुखमय बन जाता है, विकारग्रस्त विश्व से अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर शिव ही ज्ञान का प्रकाश संपूर्ण संसार में फैलाते हैं। सत्कर्म की शिक्षा केवल भगवान शिव से ही प्राप्त होती है। अब समय है, आत्मा के मूल स्वरूप की ओर लौटना होगा।



आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन।

परिसर में प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ अभियान

## पशुपतिनाथ मंदिर में भव्य भंडारा भक्तों ने ग्रहण की महाप्रसादी



भंडारे का आयोजन।

**भोपाल।** श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज, गोविंदपुरा में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के दूसरे दिन तक भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर हजारों भक्तजनों ने महाप्रसादी ग्रहण किया। इस साल समाज ने पर्यावरण संरक्षण के तहत प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ अभियान चलाया। समाज ने मंदिर परिसर में प्लास्टिक कचरे को हटाने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने की दिशा में कदम उठाए। समाज के सदस्य दिन-रात इस अभियान में लगे रहे और उन्होंने आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान भी चलाया। इस पहल ने अन्य सामाजिक संस्थाओं और नागरिकों को भी प्रेरित किया, ताकि हम सब मिलकर अपने पर्यावरण को बचा सकें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित कर सकें।

## भंडारे के साथ मानसरोवर ग्रुप का महाशिवरात्रि महोत्सव संपन्न

**भोपाल।** कोलार रोड स्थित मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित दो दिवसीय महाशिवरात्रि महापर्व का समापन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। मानसरोवरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित इस उत्सव के दूसरे दिन आयोजित विशाल भंडारे में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। अखंड रामायण पाठ, भजन और सुंदरकांड पाठ ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। विशाल भंडारे का शुभारंभ मुख्य अतिथि हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति की उपस्थिति में मानसरोवर समूह की सीएमडी मंजुला तिवारी, सीईडी इंजी गौरव तिवारी और डायरेक्टर दिशा तिवारी द्वारा किया गया।



मानसरोवर ग्रुप के भंडारे में प्रसादी ग्रहण करते अतिथि।

भोपाल
मंगलवार, 17 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-अमावस्या
वर्ष : 12, अंक : 318
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 16

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


संस्था के पदाधिकारी स्टील टाइम कैप्सूल को स्थापित करते हुए

संस्था के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को यह टाइम कैप्सूल भूमिगत किया गया था, जिसे वर्ष 2125 में पुनः खोला जाएगा

# सिटी बंगाली क्लब का टाइम कैप्सूल वैश्विक अभिलेखों में दर्ज

अनुरोध पटेरिया ▶▶ जबलपुर

अलग खबर

बंग भाषियों की प्राचीन एवं प्रतिष्ठित संस्था सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन, सिटी बंगाली क्लब द्वारा स्थापित टाइम कैप्सूल (काल पात्र) को अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। इसे आधिकारिक रूप से इंटरनेशनल टाइम कैप्सूल सोसाइटी, अमेरिका के वैश्विक अभिलेखों में पंजीकृत किया गया है। सोसाइटी के सह-संस्थापक मिस्टर एड्रियन वाटरमैन द्वारा जारी प्रमाण-पत्र संस्था को ई-मेल के माध्यम से प्राप्त हुआ है। टाइम कैप्सूल को भूमिगत करने की संपूर्ण प्रक्रिया उनके तकनीकी मार्गदर्शन में संपन्न की गई थी। संस्था के सचिव प्रकाश साहा ने 'हरिभूमि' को बताया कि इस टाइम कैप्सूल का उद्देश्य समाज की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं ऐतिहासिक धरोहर को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना है। अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिलने से यह पहल जबलपुर ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बन गई है। इस उपलब्धि के ▶▶ शेष पेज 4 पर

***यह टाइम कैप्सूल आने वाले 200 वर्षों तक सुरक्षित रखे जाने के उद्देश्य से तैयार किया गया***


टाइम कैप्सूल

### महत्वपूर्ण दस्तावेज, फोटो और डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित

सिटी बंगाली क्लब द्वारा अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक ऐतिहासिक स्टील टाइम कैप्सूल (काल-पात्र) तैयार किया गया है, जिसमें संस्था से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज, फोटो और डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित किए गए हैं। इस कैप्सूल में संस्था की रजिस्ट्री, लीज दस्तावेज, पंजीयन प्रमाणपत्र, नियमावली, पदाधिकारियों व किरायेदारों की सूची, दानदाताओं के नाम, क्लब का इतिहास, दुर्गा पूजा से जुड़ी स्मृतियां, मंदिरों व भवनों के चित्र, शताब्दी समारोह के फोटो-वीडियो तथा सभी अभिलेखों की सॉफ्ट कॉपी पेन ड्राइव में संचित की गई है। यह टाइम कैप्सूल आने वाले 200 वर्षों तक सुरक्षित रखे जाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, ताकि भविष्य की पीढ़ियां संस्था की विरासत और योगदान को जान सकें। सिटी बंगाली क्लब की यह पहल जबलपुर ही नहीं, बल्कि प्रदेश के सांस्कृतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एनटीए ने जारी किया जेईई मेन का रिजल्ट

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन 2026 सेशन 1 रिजल्ट जेईई मेन सीजन 1 का रिजल्ट घोषित कर दिया है। कैंडिडेट्स आधिकारिक वेबसाइट पर अपना स्कोर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। कोटा जिले के रहने वाले अर्णव गौतम ने 300 में से 300 नंबर हासिल किए हैं। दो अन्य ने भी 100 पर्सेंटाइल स्कोर किया है।



### पिकनिक मनाने पहुंचे डैम में डूबे दो छात्र

**रतलाम।** सोमवार शाम करीब 4 बजे दो स्कूली छात्र डैम में डूब गए। वे अपने 8 दोस्तों के साथ यहां पिकनिक मनाने आए थे। सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। देर शाम तक लापता छात्रों की पानी में तलाश की। फिर अंधेरा बढ़ने की वजह से रेस्क्यू अभियान रोक दिया।



### थोक महंगाई, 0.83% से बढ़कर 1.81% पर

**नई दिल्ली।** महंगाई की चाल ने रफ्तार पकड़ ली है। जनवरी में थोक महंगाई दर 10 महीने की ऊंचाई पर आ गई है। ये दिसंबर के 0.83 फीसदी से बढ़कर 1.81 फीसदी पर पहुंच गई है। इस अवधि में खाने पीने की चीजों,सब्जियों के दाम बढ़े हैं। जनवरी में थोक महंगाई दर 10 महीने की ऊंचाई पर पहुंच गई है। जरूरत वाले सामानों की महंगाई बढ़कर 2.21% हो गई है।



फिर फूटा 'मणि बम'....पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने फिर मुंह खोला

# खेड़ा को बताया जयराम का 'तोता' वे बोले- अय्यर हमारे साथ नहीं हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*पूरा सियासी विवाद केरल सीएम की तारीफ के बाद शुरू हुआ। मणिशंकर अय्यर ने कहा था कि पिनरई विजयन फिर से केरल के मुख्यमंत्री बनेंगे*

केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन की तारीफ करने और फिर से सीएम बनने का दावा करके कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर अपनी ही पार्टी के निशाने पर आ चुके हैं। तिरुवनंतपुरम में रविवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम विजयन की मौजूदगी उन्होंने कहा कि पिनरई विजयन केरल के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। अय्यर के बयान के बाद कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा और महासचिव व संचार प्रभारी जयराम रमेश की प्रतिक्रिया आई। खेड़ा ने पार्टी को अय्यन के बयान से अलग किया। उन्होंने कहा कि अय्यर पिछले कुछ वर्षों से कांग्रेस से जुड़े नहीं हैं। वह केवल अपनी अपनी व्यक्तिगत क्षमता में बोलते और लिखते हैं। जिस पर अब मणिशंकर अय्यर ने तीखा पलटवार किया है।

अय्यर ने कहा कि पवन खेड़ा को कठपुतली और तोता करार दिया। जो पार्टी महासचिव जयराम रमेश के कहे अनुसार ही काम करता है। खेड़ा से बेहतर उम्मीदवार कांग्रेस प्रवक्ता के पद के लिए मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि आप पवन खेड़ा को संदेश भेजें। उन्होंने दिल्ली में एमए बेबी के साथ गठबंधन किया है और यहां पिनरई विजयन के साथ मेरे गठबंधन से उन्हें परेशानी हो रही है। ये किस तरह के कांग्रेसी हैं? खेड़ा को प्रवक्ता बनाकर कोई पार्टी कितनी मूर्ख हो सकती है? कांग्रेस में लाखों लोग हैं, जो उनसे बेहतर प्रवक्ता बन सकते हैं।

### खेड़ा प्रवक्ता नहीं, जयराम की 'कठपुतली'



***खेड़ा को प्रवक्ता बनाकर कोई पार्टी कितनी मूर्ख हो सकती है? कांग्रेस में लाखों लोग हैं, जो उनसे बेहतर प्रवक्ता बन सकते हैं***

### मैं कांग्रेस में ही हूं, खेड़ा कहेंगे तो पार्टी छोड़ देंगे

अय्यर ने खुद को कांग्रेस पार्टी का सदस्य बताते हुए कहा कि अगर पवन खेड़ा उन्हें पार्टी से निकाल देते हैं, तो वे खुशी-खुशी पार्टी छोड़ देंगे। अय्यर ने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी में हूं, मैंने इसे नहीं छोड़ा है। अगर पवन खेड़ा मुझे निकालने वाले हैं, तो मैं खुशी-खुशी बाहर जाकर पार्टी छोड़ने के बाद उनकी पिटाई करूंगा।

### *मैं गांधीवादी-नेहरूवादी हूं, राहुलवादी नहीं*

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने सोमवार को कहा कि इंडिया ब्लॉक को मजबूत करने के लिए एमके स्टालिन सबसे सही नेता हैं, जबकि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बन सकते हैं। अय्यर ने कहा कि राहुल भूल गए हैं कि मैं पार्टी का मेंबर हूं। इसलिए मैं गांधीवादी, नेहरूवादी और राजीववादी हूं लेकिन राहुलवादी नहीं हूं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर एंटी-पाकिस्तान हैं। वे अगले विदेश मंत्री बनना चाहते हैं।

### अय्यर बोले- केरल में कांग्रेस नहीं जीतेगी

केरल विधानसभा चुनाव को लेकर अय्यर ने कहा- मैं चाहता हूं कि कांग्रेस जीते, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वह जीतेगी। कांग्रेस नेता आपस में बंटे हुए हैं। वे कम्युनिस्टों से ज्यादा एक-दूसरे से नफरत करते हैं। उन्होंने पहले भी केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की तारीफ ▶▶ शेष पेज 4 पर

शिवपुरी के वकील की हत्या पर उबाल

# भोपाल में ठप रही पैरवी, जिलों में हुए प्रदर्शन... ज्ञापन भी सौंपे


भोपाल जिला अदालत में वकील

### वकील बोले- लागू हो एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करैरा में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की हत्या से प्रदेश के वकीलों में भारी गुस्सा है। विरोध में राजधानी भोपाल के वकीलों ने कामकाज से दूरी बनाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को तत्काल लागू करने की मांग उठाई। बार एसोसिएशन से जुड़े वकीलो का कहना है कि प्रदेश में अधिवक्ताओं पर हमलों की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रही हैं, लेकिन सुरक्षा को लेकर ठोस कानून अब तक लागू नहीं हो सका। यही हाल, इंदौर, ग्वालियर,जबलपुर,बैतूल और धार समेत कई जिलों का रहा। जहां सुबह से ही वकील एकत्रित हुए और प्रदर्शन कर नारेबाजी की। राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदेश की तमाम जिला कोर्ट में काम बंद रहने से दूर-दराज से आए पक्षकारों को निराश लौटना पड़ा। कई मामलों में सुनवाई टल गई।


### कहां क्या असर हुआ?

**इंदौर (हाई कोर्ट):** इंदौर खंडपीठ में वकीलों की हड़ताल के कारण धार भोजशाला मामले जैसी महत्वपूर्ण सुनवाई टल गई। अब भोजशाला मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी।
**जबलपुर (मुख्य पीठ):** हाई कोर्ट की मुख्य पीठ में भी वकीलों ने काम नहीं किया। बार एसोसिएशन ने रजिस्ट्री से मामलों को नोट रीच्ड टैग करने का आग्रह किया। अदालती कार्यवाही और नई याचिकाओं की फाइलिंग प्रभावित रही।
**शिवपुरी, ग्वालियर एवं धार:** यहां घटना के विरोध में सबसे ज्यादा गुस्सा देखा गया। पुलिस ने हत्या ▶▶ शेष पेज 4 पर

डिप्टी मैनेजर ही निकला चोर

# लॉकर से 3.5 करोड़ का सोना चुराकर सट्टेबाजी में उड़ा दिया

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



बैंक लॉकर में सोना रखना अब भी सुरक्षित है या नहीं? यह सवाल बेंगलुरु के एक चौंकाने वाले मामले ने सबके मन में उठा दिया है। जहां लोग बैंक को सबसे भरोसेमंद जगह मानते हैं, वहां ही बैंक का उप प्रबंधक किरण कुमार ग्राहकों के सोने का सेंधमार निकला। डिप्टी मैनेजर ने कथित तौर पर 15 ग्राहकों के लॉकर से करीब 2.78 किलो (2,780 ग्राम) सोने के आभूषण चुराए, उन्हें बिना अनुमति गिरवी रखा और मिली रकम ऑनलाइन सट्टेबाजी में उड़ा दी। कर्नाटक के बेंगलुरु में इंडियन बैंक के एक उप प्रबंधक पर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की हेराफेरी करने और उन्हें बिना ▶▶ शेष पेज 4 पर

सबरीमाला में महिलाओं की एंट्री

# 9 जजों की पीठ करेगी फैसला 7 अप्रैल को होगी यह सुनवाई

पीठ 7 अहम सवालों पर विचार करेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


सुप्रीम कोर्ट

सबरीमला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के मुद्दे पर एक बार फिर सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की संवैधानिक पीठ 7 अप्रैल 2026 से इस मामले में सुनवाई शुरू करेगी। इस दौरान पीठ 7 अहम सवालों पर विचार करेगी, जिनके आधार पर यह तय होगा कि केरल के प्रसिद्ध सबरीमला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर विवाद का अंतिम समाधान क्या होना चाहिए। इस दौरान केंद्र सरकार महिलाओं के मंदिर में प्रवेश का विरोध ▶▶ शेष पेज 4 पर

# 3 क्विंटल फूलों से सजा महाकाल का सेहरा



### रजत शेषनाग मुकुट, मुंडमाला रुद्राक्ष माला से हुआ विशेष श्रृंगार

**उज्जैन।** महाशिवरात्रि पर्व पर श्री महाकालेश्वर मंदिर में चार प्रहर के पूजन-अभिषेक और विशेष अनुष्ठानों के बाद सोमवार को भगवान महाकाल को सेहरा अर्पित किया गया। मंदिर के पुजारी आशीष शर्मा के अनुसार, भगवान महाकाल का श्रृंगार कर पुष्प मुकुट (सेहरा) बांधा गया। भगवान को चंद्र मुकुट, छत्र, त्रिपुंड और अन्य आभूषणों से अलंकृत किया गया। सेहरा आरती के बाद भगवान को मिष्ठान्न, 5 प्रकार के फलों का रस और पंचमेवा का भोग अर्पित किया गया। इस दौरान साल में एक बार दोपहर में होने वाली विशेष भस्म आरती भी ▶▶ शेष पेज 4 पर

यादव आठ दिन बाद तिहाड़ जेल से बाहर आएंगे

# जेल से रिहा होंगे राजपाल यादव, जमानत के लिए कोर्ट में जमा करने पड़े 1.5 करोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

5 करोड़ रुपए का मामला था वो 11 करोड़ का हो गया



बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव आठ दिन बाद तिहाड़ जेल से बाहर आएंगे। दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया है। बेल देने से पहले राजपाल यादव ने दिल्ली हाई कोर्ट के कहने पर डिमांड ड्राफ्ट के जरिए मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को 1.5 करोड़ रुपए दिए हैं। अब इस केस की अगली सुनवाई 18 मार्च के दिन होगी। राजपाल यादव के वकील ने 12 फरवरी के दिन मीडिया से कहा था कि ओरिजिनल 5 करोड़ रुपए का मामला था, लेकिन अब वो 11 करोड़ रुपए का हो गया है। अब तक, हमने इस केस में 2.5 करोड़ रुपए दे दिए हैं। पहले रजिस्ट्री में करीब 1 करोड़ रुपए जमा किए गए थे। वहीं सोमवार को राजपाल यादव ने 1.5 करोड़ रुपए का डिमांड ड्राफ्ट जमा किया है।

## बुधवार के बाद अधिकांश जिलों में छाएंगे बादल, आज से रात का पारा धीरे-धीरे बढ़ेगा

नया पश्चिमी विक्षोभ अभी अफगानिस्तान से आगे बढ़ा, दो-तीन दिन में शुरू होगा प्रदेश में असर

# कल के बाद फिर बदलेगा मौसम, भोपाल और इंदौर संभाग सहित कुछ जिलों में बादल-बारिश की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में कल के बाद मौसम फिर बदलेगा। गुरुवार से शनिवार के बीच भोपाल-इंदौर संभाग सहित कई जिलों में बादल और कुछ जगह बारिश होगी। इससे पहले बुधवार रात से प्रदेशभर में न्यूनतम तापमान में वृद्धि शुरू हो जाएगी। भोपाल में अभी दिन-रात का पारा सामान्य के करीब है, जो गुरुवार तक 2 से 3 डिग्री तक बढ़ेगा। प्रदेश में औसत न्यूनतम पारा भी दो डिग्री तक बढ़ने की उम्मीद है। दिन में कुछ कमी आएगी। मौसम केंद्र के अनुसार अभी ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। दो दिन बाद रात के तापमान में बढ़त ▶▶ शेष पेज 4 पर


भोपाल के खटलापुरा घाट का दृश्य

### पश्चिमी हिस्से में गिरा पारा

सोमवार को कई जिलों में दिन-रात के तापमान में औसतन एक डिग्री की कमी आई। कुछ जगह इतनी ही बढ़त रही। खरगोन में सर्वाधिक अधिकतम पारा 34.2 और खंडवा में 34.1 डिग्री दर्ज हुआ। भोपाल में दिन में दशमलव 4 डिग्री की बढ़त के साथ 30 और रात में इतनी ही कमी के साथ 12.6 डिग्री रहा। दिन का पारा सामान्य से 1.4 डिग्री अधिक और रात का दशमलव 8 डिग्री कम है। छह जिलों में रात का सबसे कम तापमान 6 से 10 डिग्री के बीच रहा। कटनी 6.7, शहडोल, पचमढ़ी 7.6,राजगढ़ 9, उमरिया 10 और मलाजखंड में न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री रहा है।

### *इसलिए होगी बारिश*

*विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी डब्ल्यूडी एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन के रूप में अफगानिस्तान और आसपास सक्रिय है, जिसका इंपैक्ट हिमालय तक शुरू हो रहा है। उत्तरी हिस्से में बर्फबारी और कुछ जगह बारिश शुरू हो रही है, जबकि दो से तीन दिन में डब्ल्यूडी और आगे तक असर करेगा। इससे प्रदेश में बादल और बारिश का दौर चलेगा। हालांकि, अभी तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं* ▶▶ शेष पेज 4 पर

राज्यपाल पटेल ने कहा, सिंहस्थ-2028 के सफल आयोजन एवं निर्मल-अविरल शिप्रा सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे

# अभिभाषण में मोहन सरकार की उपलब्धियों, विकास योजनाओं और राज्य की प्रगति की गाथा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने अभिभाषण में कहा कि देश ऐसी दहलीज पर खड़ा है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल की संज्ञा दी है। उन्होंने उद्योगों के अनुकूल वातावरण, भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, वर्ष 2047 तक मप्र को 2 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य, 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाने, पीएम जनमन योजना के तहत 1.35 लाख आवास निर्माण, उज्जैन में शिप्रा नदी को प्रदूषण मुक्त करने और नई शिक्षा नीति के तहत किए गए कार्यों का उल्लेख किया।

राज्यपाल पटेल ने अपने अभिभाषण में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार की उपलब्धियों, विकास योजनाओं और राज्य की प्रगति की गाथा सुनाई। अभिभाषण के बाद कृतज्ञता प्रस्ताव पेश किया गया, जिस पर बजट पेश होने के बाद चर्चा होगी। उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा 2026-27 का बजट पेश करेंगे। यह बजट पेपरलेस (डिजिटल) होगा। सत्र के दौरान कुल 12 बैठकें प्रस्तावित हैं।


राज्यपाल का स्वागत करते सीएम और विधानसभा अध्यक्ष।



नेता प्रतिपक्ष से भेंट करते सदस्य।

### प्रथम अंतरराज्यीय नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का निर्माण

राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र को आत्मसात करते हुए भारत सरकार, मध्यप्रदेश शासन एवं उत्तरप्रदेश शासन के सहयोग से देश की प्रथम अंतर्राज्यीय नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना - केन-बेतवा लिंक परियोजना का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना के प्रथम चरण के तहत दौधन बांध का शिलान्यास प्रधानमंत्री ने 25 दिसंबर को किया। इस परियोजना से मप्र में 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई, 126 एमसीएम जल से 10 जिलों की 41 लाख आबादी को पेयजल सुविधा तथा 103 मेगावाट जल विद्युत एवं 27 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन सुनिश्चित होगा। परियोजना से छतरपुर, टीकमगढ़ एवं निवाड़ी के 42 ऐतिहासिक तालाबों का जीर्णोद्धार किया जाएगा।

### विकास के ठोस प्रयास हो रहे

राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सरकार की ओर से विकास के ठोस और परिणामोन्मुख प्रयास किए जा रहे हैं। सिंहस्थ-2028 के सफल आयोजन एवं निर्मल-अविरल शिप्रा सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उज्जैन में शिप्रा को कान्ह नदी के दूषित जल से बचाने 919 करोड़ रुपए से अधिक की कान्ह डायवर्सन क्लोज डक्ट परियोजना का कार्य 52 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, जिसे वर्ष 2027 तक पूरा किया जाएगा।

### गेहूं, धान की खरीदी में पिछले पांच वर्षों में निरंतर वृद्धि



समर्थन मूल्य पर गेहूं और धान की खरीदी में पिछले पांच वर्षों में निरंतर वृद्धि हई है। वर्ष 2025-26 में 9 लाख 5 हजार किसानों से 77 लाख 74 हजार मीट्रिक टन गेहूं और 7 लाख 62 हजार किसानों से 51 लाख 74 हजार मीट्रिक टन धान खरीदा गया, जिनका भुगतान क्रमशः 20 हजार 213 करोड़ रुपए से अधिक और 11 हजार 744 करोड़ रुपए से अधिक किया गया। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 26 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 450 रुपए में रिफिल उपलब्ध कराया गया।

### भारतीय अर्थव्यवस्था का 'पावरहाउस' सिद्ध होगा मप्र

राज्यपाल ने कहा कि आज आधुनिक अधोसंरचना, निवेश और गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत के संगम से हम एक ऐसे विकसित प्रदेश की नींव रख रहे हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था का 'पावरहाउस' सिद्ध होगा। जन भागीदारी के अटूट विश्वास के साथ, हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक ऐसा मध्यप्रदेश विरासत में छोड़ेंगे जो नवाचार, आर्थिक संपन्नता और सामाजिक न्याय का वैश्विक प्रतिमान बनेगा।

मप्र सरकार ने मध्यप्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का संकल्प लिया

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा- 25 साल में प्रति व्यक्ति आय 22.50 लाख रु. करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आगामी 25 वर्षों में मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति आय को वर्तमान 1 लाख 55 हजार रुपए से बढ़ाकर 22 लाख 50 हजार रुपए तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य विकसित भारत@2047 के विजन के अनुरूप तय किया गया है, जिसमें प्रदेश की अहम भूमिका होगी। राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का संकल्प लिया है और इसके लिए 25 वर्षों का विस्तृत दृष्टिपत्र तैयार किया गया है।

कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित 'अभ्युदय इंडस्ट्री लीडरशिप कॉन्क्लेव 2026' में वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल केटकर के साथ चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और मध्यप्रदेश हर क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाओं वाला राज्य है। औद्योगिक निवेश, सोलर एनर्जी उत्पादन और कृषि उत्पादन में प्रदेश अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

**खास बातें**

- 25 वर्षों का विस्तृत दृष्टिपत्र तैयार किया
- कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में 'अभ्युदय इंडस्ट्री लीडरशिप कॉन्क्लेव 2026' का आयोजन



कॉन्क्लेव को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

**बेरोजगारी दर 1 से 1.5 प्रतिशत तक**

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि प्रदेश में बेरोजगारी दर घटकर 1 से डेढ़ प्रतिशत के बीच रह गई है। धार्मिक पर्यटन और होम-स्टे मॉडल को बढ़ावा मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर बढ़े हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

### माइनिंग, टैक्सटाइल और टूरिज्म जैसे क्षेत्रों में निवेश की व्यापक संभावनाएं: सीएम डॉ. यादव


कॉन्क्लेव में स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज व संस्थाओं, संस्थानों के पदाधिकारी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 18 नई औद्योगिक नीतियां लागू की गई हैं, जिनका उद्देश्य औद्योगिक विकास को बड़े शहरों से आगे बढ़ाकर छोटे शहरों तक पहुंचाना है। इसके लिए संभागीय स्तर पर सेक्टर-विशेष रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए गए हैं। माइनिंग, टैक्सटाइल और टूरिज्म जैसे क्षेत्रों में निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं। कटनी और शहडोल में माइनिंग सेक्टर में निवेश के लिए देश के शीर्ष उद्योगपति आगे आए हैं, जबकि नर्मदापुरम के बाबई-मोहासा में इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट्स निर्माण के लिए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई प्रदेश के औद्योगिक विकास की बैक बोन है।

### कृषक कल्याण वर्ष: कृषि और पशुपालन पर फोकस




मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में किसानों की समृद्धि का संकल्प लिया गया है। कृषि उत्पादन के साथ फूड प्रोसेसिंग और पशुपालन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। पिछले डेढ़ वर्ष में 7.5 लाख हेक्टेयर सिंचाई रकबा बढ़ाया गया है, जिसे 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। नर्मदा का जल क्षिप्रा नदी तक पहुंचने से मालवा अंचल के किसानों को विशेष लाभ मिला है। मध्यप्रदेश 31 मार्च की निर्धारित समय-सीमा से पहले नक्सलवाद से मुक्त होने वाला देश का पहला राज्य बना है। कॉन्क्लेव में स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज ने भी सहभागिता की।

कहा, पेपरलेस और कैशलेस प्रक्रिया को मिलेगा प्रोत्साहन

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया साइबर पंजीयन कार्यालय का शुभारंभ

पचहत्तर से अधिक सेवाओं का हो रहा है साइबर पंजीयन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संपदा-1.0 और संपदा 2.0 के बाद प्रदेश में साइबर पंजीयन की प्रक्रिया का आरंभ होना तकनीक आधारित सुशासन की नई शुरुआत है। मध्यप्रदेश भारत का पहला राज्य है, जिसने डिजिटल क्रांति के माध्यम से लोन, मुख्तयारनामा, माइनिंग लीज, हलफनामा, पावर आफ अटार्नी, पार्टनरशिप डीड जैसी 75 से अधिक सेवाओं के लिए सायबर पंजीयन प्रारंभ किया है।

राज्य सरकार के इस नवाचार से पेपरलेस और कैशलेस प्रक्रिया को प्रोत्साहन मिल रहा है। यह नई पीढ़ी के लिए पर्यावरण और पारदर्शिता के मामले में महत्वपूर्ण होगा। डॉ. यादव सोमवार को पंजीयन भवन में सायबर पंजीयन कार्यालय का शुभारंभ करने के बाद बोल रहे थे।



साइबर पंजीयन कार्यालय का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### धन और समय दोनों की होगी बचत

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब शासन और उसके उपक्रमों के अंतरण दस्तावेज भी पेपरलेस रजिस्ट्रेशन के माध्यम से पूरे होंगे। हाउसिंग बोर्ड और विकास प्राधिकरण के अंतरण के लिए जनता को पंजीयन कार्यालय नहीं आना पड़ेगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से वीडियो केवायसी सहित सभी कार्य होंगे, इससे धन और समय दोनों की बचत होगी। डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि संपदा 2.0 के नवाचार को वर्ष 2025 का राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस स्वर्ण पुरस्कार मिला है। अब तक 14 लाख 95 हजार से अधिक दस्तावेजों का पंजीयन हो चुका है। राज्य सरकार ने 55 जिलों में*

### देश भर में सराहा गया प्रदेश के नवाचारों को

उप मुख्यमंत्री एवं वाणिज्यिक कर मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि वर्ष 2024-25 में दस्तावेजों के पंजीयन और ई-स्टाम्पिंग के लिए एडवांस सॉफ्टवेयर संपदा 2.0 लागू किया। इससे चल और अचल संपत्ति के दस्तावेज डिजिटल और पेपरलेस तरीके से पंजीकृत हो रहे हैं। कई दस्तावेज तो ऐसे हैं जिनके लिए उप-पंजीयक कार्यालय भी नहीं आना पड़ता है। सबसे पहले गुना,हरदा, रतलाम और डिण्डौरी जिलों में नए ई-पंजीयन और ई- स्थम्पिंग सॉफ्टवेयर संपदा 2.0 का सफल पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नवाचारों को देशभर में सराहा गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में जारी इन नवाचारों का लाभ प्रदेश के नागरिकों को मिल रहा हैं। पंजीयन से जुड़े कार्यों को त्रुटि रहित पूरा करने के लिए प्रदेशभर के 14 लाख कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

## बीएसएनएल दूरसंचार सलाहकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज

**भोपाल।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के भोपाल व्यवसाय क्षेत्र की दूरसंचार सलाहकार समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आज टीटी नगर स्थित प्रधान महाप्रबंधक कार्यालय में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता भोपाल के सांसद आलोक शर्मा करेंगे। सुबह 11 बजे से आयोजित होने वाली इस बैठक में समिति के अन्य सम्मानित सदस्यगण भी सहभागिता करेंगे। बैठक में भोपाल व्यवसाय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भोपाल, राजगढ़ एवं रायसेन जिलों में दूरसंचार सेवाओं के विस्तार, गुणवत्ता सुधार तथा नवीन तकनीकी सुविधाओं के क्रियान्वयन पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। प्रधान महाप्रबंधक, भोपाल व्यवसाय क्षेत्र, महेंद्र सिंह धाकड़ बैठक में जानकारी प्रस्तुत करेंगे।

## हरदा ब्लास्ट के घायलों की जांच के लिए विशेष मेडिकल बोर्ड बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरदा पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामले में एनजीटी ने पीड़ितों के पुनर्वास और अतिरिक्त मुआवजे को लेकर अहम हस्तक्षेप किया है। सेंट्रल जोन बेंच ने निर्देश दिया है कि धमाके में गंभीर रूप से घायल और स्थायी दिव्यांगता झेल रहे लोगों की स्थिति की पुष्टि के लिए विशेष मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से ट्रिब्यूनल को बताया गया कि पीड़ितों को मुआवजे की बड़ी राशि पहले ही वितरित की जा चुकी है और संबंधित दस्तावेज भी प्रस्तुत किए गए। वहीं, पीड़ित पक्ष ने दलील दी कि दी गई राशि नुकसान और स्थाई चोटों की तुलना में पर्याप्त नहीं है। कई घायलों को लंबे इलाज और स्थाई शारीरिक अक्षमता का सामना करना पड़ रहा है, जिसके लिए अतिरिक्त सहायता आवश्यक है।




### सीधे हरदा कलेक्टर करेंगे सुनवाई

*एनजीटी ने हरदा कलेक्टर को भी निर्देशित किया है कि प्रभावित लोग सीधे आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। मेडिकल बोर्ड को तीन माह के भीतर अपनी रिपोर्ट तैयार करनी होगी। अगली सुनवाई 13 मई 2026 को निर्धारित की गई है, जिसमें मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अतिरिक्त मुआवजे और दीर्घकालिक सहायता पर निर्णय लिया जाएगा।*




### आखिर किस बात पर शरमा गए हाईकमान? एक-दूसरे को देखने लगे माननीय...

विधानसभा में किसी बैठक के दौरान एक सदस्य ने अचानक बोलना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि किसी विषय पर बार-बार घंटा क्यों लिखा जाता है, कोई दूसरा शब्द नहीं हो सकता क्या? उनकी बात पर हाईकमान पहले दाएं देखे तो कोई महिला अधिकारी बैठी थी, उन्होंने बार-बार हंसी रोकने का प्रयास किया, फिर बाएं देखकर काम चलाया। सामने बैठे एक माननीय भी मन ही मन हंसने लगे। बैठक में माननीय की बात पर एक दूसरे माननीय भी प्रफुल्लित होने से नहीं रूके। बताते हैं कि विधानसभा में चर्चा के दौरान एक घंटा, दो घंटा आदि समय तय होता है। इसी बात पर माननीय बोल रहे थे कि कोई दूसरा शब्द हो जाता तो ठीक है। अब बात ही ऐसी थी कि कोई कुछ बोल नहीं पाया और माननीय की बात पर कभी अपने को तो कभी माननीय पर मन ही मन चुटकी ले रहे थे।

### मप्र आईएएस एसोसिएशन के एक्स हैंडल पर देश से ज्यादा विदेशी फालोवर

यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है, पर चर्चा है कि मप्र आईएएस एसोसिएशन के एक्स हैंडल पर जितने फालोवर देश में नहीं हैं, उससे कई गुना ज्यादा विदेशी फालोवर हैं। अब इसके मायने निकाले जा रहे हैं। एसोसिएशन के एक्स हैंडल पर हालांकि ज्यादा कुछ नहीं है, महज कुछ ही पोस्ट है। मजे की बात यह भी है कि एसोसिएशन देशी के बजाय विदेशी फालोवर को ही जोड़ने में फख्र समझता है। यह भी हो सकता है कि दोस्तो की लॉबी इसमें काम करती हो। खैर, सवाल उठ रहा है कि एसोसिएशन इतनी निष्क्रिय क्यों रहता है। हैंडल पर कुछ पोस्ट तो हो, सही गलत के बारे में भी कुछ होनी चाहिए। अलग-अलग मुद्दों पर प्रतिक्रिया के लिए लोगों को उम्मीदें भी रहती है। आखिर जो देश व प्रदेश संभाल रहा हो, वह चुप क्यों है, उसकी चुप्पी के मायने क्या हैं। उनमें इतनी निष्क्रियता क्यों है....।

### मप्र में आईएएस से ज्यादा पॉवरफल कौन, कहीं अटार्नी जनरल तो नहीं...

आजकल अदालतों खासकर हाईकोर्ट में मप्र सरकार के विभिन्न विभागों से जुड़े हजारों मामले पेंडिंग हैं। आए दिन कोर्ट आईएएस अफसरों यहां तक कि कलेक्टर से लेकर कमिश्नर, सचिव, प्रमुख सचिव व मुख्य सचिव तक को तलब कर रहा है। कई मामलों में तो अधिकारियों की लेटलतीफी, जानबूझकर गैरहाजिर होने जैसे मामलों में कोर्ट नाराज होता है और सीनियर अफसरों को तलब कर लेता है। इसमें अटार्नी जनरल भी कुछ नहीं कर पाए। कुछ अफसर अक्सर चर्चा करते हैं कि यदि अटार्नी जनरल चाहते तो सीनियर अफसर की पेशी नहीं होती। पर उन्हें कौन समझाए कि आपके ही कर्मचारी जिसे विश्वास करके ओएसडी बनाया, वह ही लापरवाह निकला। इससे बेवजह से सीनियर अफसरों की फजीहत होती है। हाईकोर्ट में चल रहे मामलों में अब इस लापरवाही पर सवाल उठने लगे हैं।

### सर्दी ऐसी लगी कि एमडी को खरीदना पड़ गया एक हजार डालर का जैकेट

एक विभाग के एमडी कुछ समय पहले विदेश दौरे पर गए थे। पर वे गरम कपड़े ले जाना भूल गए या कड़ाके की ठंड क्या होती है, वह नहीं समझ पाए। बताते हैं कि जब तक बंद कमरों में बैठकें चली तब तक तो सबकुछ ठीक था, पर जैसे ही आउटडोर कार्यक्रम हुए, उनके घूमने फिरने की बारी आई तो सांस फूल गई। अब क्या था, साहब को एक हजार डालर खर्च करने पड़ गए। उन्हें 70 हजार रुपए से ज्यादा का जैकट खरीदना पड़ गया। यह खरीदी हालांकि उन्होंने विदेश दौरे पर जाने की खुशी में खरीदी थी, पर महंगा जैकेट खरीदने के लिए कोई बहाना तो चाहिए ही तो उन्होंने इसे भयंकर ठंड से जोड़ दिया। खैर, यह सब तो अफसरों के छोटे-मोटे शौक है, जैकेट भी कोई खास बात नहीं।

-हरि अग्रहरि

## राकेश शर्मा ने संभाला मुख्य महाप्रबंधक का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य प्रशासनिक सेवा के 2016 बैच के अधिकारी राकेश शर्मा ने मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) का कार्यभार संभाल लिया है। शर्मा ने बताया कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी एक उपभोक्ता उन्मुखी कपनी है। कंपनी के कार्मिकों की भूमिका को प्रभावी बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्मिकों के नियमानुसार हकों और प्रकरणों को समय-सीमा में हल किया जाएगा। औद्योगिक संबंध की स्वस्थ परंपरा का निर्वाह किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी की औद्योगिक शांति एक मिसाल हैं इसको कायम रखा जाएगा तथा प्रबंधन और कार्मिकों के समन्वय से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करेंगे।

डॉ. यादव की अध्यक्षता में मप्र राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की हुई बैठक

# मानव-वन्य जीव सह अस्तित्व के लिए उपयुक्त वातावरण निर्मित करना जरूरी: डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में मानव-वन्य जीव सह अस्तित्व को प्रोत्साहित करने के लिए जनता को जागरूक करने तथा उन्हें आवश्यक सतर्कता बरतने के उपायों की जानकारी देना आवश्यक है। इसके साथ ही वन विभाग द्वारा पर्यटन विभाग से समन्वय करते हुए प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए गतिविधियां संचालित की जाएं।

डॉ. यादव ने स्कूली बच्चों को वन और वन्य जीवों से परिचित कराने के लिए संचालित किए जा रहे अनुभूति कार्यक्रम का विस्तार करने और इस गतिविधि में अधिक से अधिक शालाओं को शामिल करने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की मंत्रालय में हुई 31वीं बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में वन राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव वन संदीप यादव सहित वन विभाग के अधिकारी, वन्य प्राणी बोर्ड के सदस्य उपस्थित थे।


बैठक में निर्देश देते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### वन्य प्राणी संरक्षण और प्रबंधन की उपलब्धियां बताईं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को वन्य प्राणी संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में उपलब्धियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि गांधी सागर अभयारण्य, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व और कूनो नेशनल पार्क में 846 कृष्ण मृग और 67 नीलगायों का सफल पुनर्स्थापन किया गया। वन विहार नेशनल पार्क भोपाल से 6 मगरमच्छों को ओंकारेश्वर क्षेत्र में उनके प्राकृतिक अवास में सफल रूप से छोड़ा गया। नामीबियाई मादा चीता आशा द्वारा दूसरी बार मां बनकर एक साथ 5 चीता शावकों को जन्म दिया गया है।

### अदला-बदली से बढ़ेगी वन्य जीवों की विविधता

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्वविद्यालयों तथा अन्य संस्थाओं को जोड़कर वन और वन्य जीव के संबंध में अध्ययन प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया जाए। वन क्षेत्र में विद्यमान पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण की श्रेष्ठ व्यवस्था हो, वन और पुरातत्व विभाग तथा इस क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं की कार्यशाला आयोजित की जाए। बैठक में प्रदेश में बढ़ रही हाथियों की संख्या को दृष्टिगत करते हुए हाथियों पर केंद्रित पर्यटन गतिविधियां संचालित करने के संबंध में चर्चा हुई। डॉ. यादव ने कहा कि सर्पदंश में प्रभावितों की जान बचाने प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 2 व्यक्तियों को सांप पकड़ने तथा प्रभावित को बचाने के लिए प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए।*

7 शिव बारात में उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम...



8 लोक के रंग, शास्त्र का सौंदर्य और सुरों के ...





## ब्लैक स्पॉटों पर 99 हादसों में 27 लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

शहर के 16 ब्लैक स्पॉट जहां पर आए दिन हादसे हो रहे हैं, उनके सुधार का काम शुरु कर दिया है, जिसके तहत एमपीआरडीसी ने समरधा और पीडब्ल्यूडी ने डीबी मॉल के सामने के दो ब्लैक स्पॉट खत्म हो गए हैं। इसके साथ ही एमपीआरडीसी द्वारा ब्लॉक स्पॉट्स पर कार्यवाही की जा रही है। तीन ब्लॉक स्पॉट्स के टेंडर जारी हो गए हैं, जिससे इनको तीन महीने में इनको डिजाइन किया जाएगा। यह बात जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दी गई। दरअसल, एक जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2024 तक इन ब्लैक स्पॉट पर 99 हादसे हुए और 27 लोगों की मौत हो गई। साल 2025 में ट्रैफिक पुलिस ने ब्लैक स्पॉट पर हादसों और मौत के आंकड़े आधिकारिक रूप से जारी नहीं किए, जिससे हकीकत सामने नहीं आ सके। पिछले साल भोपाल में लगभग 3000 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज हुईं। इन हादसों में कम से कम 215 मौतें हो गईं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क के ब्लैक स्पॉट के आईडेंटिफिकेशन करने संयुक्त दलों द्वारा निरीक्षण कर सुधार की हिदायत दी गई है। बैठक में बताया कि शहरी क्षेत्र में 16 ब्लैक स्पॉट और 37 लेफ्ट टर्न पर काम चल रहा है।

# तीन ब्लैक स्पॉट किए खत्म, 14 पर सड़क हादसे रोकने सुधार

### तीन ब्लॉक स्पॉट्स के टेंडर जारी तीन माह में किया जाएंगे डिजाइन

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दी गई जानकारी

**आशाराम चौराहा से आनंद नगर तक के अयोध्या सिक्सलेन के लिए डायवर्जन बनाएं**



जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में चर्चा करते अधिकारी।

*बैठक में निर्णय लिया कि आशाराम चौराहा से आनंद नगर तक बनने वाले सिक्सलेन रोड के निर्माण को देखते हुए एनएचएआई के अधिकारी और ट्रैफिक पुलिस विभाग सिक्सलेन रोड के निर्माण को देखते हुए विजिट कर अल्टरनेट रोड और ट्रैफिक डायवर्ट का प्लान तैयार करें।*


बैरागढ़ के पास ट्रैफिक डायवर्सन किया गया।

### बजट मिला, खर्च नहीं किया

शहर में 16 ब्लैक स्पॉट और 37 लेफ्ट टर्न को सुधारने के लिए मार्च और मई 2023 में नगर निगम भोपाल को 3.98 करोड़ रुपए दिए थे। निगम ने सिर्फ 5.30 लाख रुपए खर्च किए। उससे भी केवल बागसेवनिया थाना और आशिमा मॉल क्षेत्र का रोड सेफ्टी ऑडिट कराया गया, लेकिन सुधार का कोई काम नहीं हुआ।

### माता मंदिर के पास अंधा मोड़, 11 मील पर रोशनी की कमी

माता मंदिर के पास दुकानें लगने से अंधा मोड़ बन गया है। रत्नागिरी तिराहे पर सुरक्षित और स्पष्ट लेफ्ट टर्न की कमी है। अतिक्रमण बड़ी समस्या में है। 11 मील तिराहे पर रात के समय रोशनी की कमी बड़ी समस्या है, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं। व्यापमं चौराहा, आईएसबीटी, आशिमा मॉल के सामने, कोर्ट चौराहे पर खराब सड़क ज्यामिति, अपर्याप्त लेन चौड़ाई और सुरक्षा संकेतों, रिफ्लेक्टर की कमी जैसी खामियां हैं।

### एक साल से गुरु बहन के घर रह रहा था, जाने को कहा तो कर दी हत्या

# महिला पर चाकू से 13 बार हमला कर की हत्या, फिर ट्रेन से कटकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित पूर्वी निशातपुरा में सोमवार दोपहर बदमाश ने अपनी ही गुरु बहन की चाकू गोदकर हत्या कर दी। उसने एक दो नहीं, बल्कि चाकू के 13 वार गुरू बहन पर किए थे। इसके बाद घर में ताला लगाकर आरोपी भाग निकला। वह भागकर रेलवे ट्रैक पर पहुंचा और ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला और हत्यारे का शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार दुर्गा कुशवाह पति डालचंद कुशवाह (50) मकान नंबर 35 गली नंबर 2 हनुमान मंदिर के पीछे पूर्वी निशातपुरा में रहती थीं। वह गृहणी थी, जबकि पति बस चलाता है। दुर्गा कुशवाह संयुक्त परिवार में रहती थी। मूलतः ग्राम सगोनी, वार्ड नंबर-13, तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर निवासी दुर्गा का गुरू भाई प्रीतम सिंह कुशवाह था। प्रीतम सिंह कुशवाह पिछले एक साल से उनके साथ उनके घर में रह रहा था और मोहल्ले में सब्जी का ठेला लगाता था। एक साल में भी उसने अपना ठिकाना नहीं तलाशा। इससे नाराज होकर दुर्गा कुशवाह ने उसे घर खाली कर अलग रहने की बात कही।

### 13, 10, 3 साल के तीन मासूम बच्चों की हत्या के बाद नरसिंहपुर जेल में सजा काटकर जनवरी 2025 में ही रिहा हुआ था हत्यारा

**निर्माणाधीन मकान में ले जाकर दिया वारदात को अंजाम**

**मोहल्ले में ही सब्जी का ठेला लगाता था आरोपी प्रीतम**

**हत्या के बाद ताला लगाकर भागा बदमाश**


आरोपी प्रीतम


दुर्गा कुशवाहा (मृतक)

दुर्गा का पति डालचंद रविवार शाम ट्रैवल्स की बस लेकर बालाघाट चला गया, जबकि बेटा अपनी दुकान पर था। छोटा बेटा भी काम पर था। घर में दुर्गा बहू के साथ थी। दोपहर में प्रीतम घर पहुंचा। वह दुर्गा को लेकर घर से कुछ दूर निर्माणाधीन मकान पर ले गया। वहां चाकू गोदकर दुर्गा की हत्या कर दी। फिर आरोपी पीछे वाले गेट पर ताला लगाकर फरार हो गया। वह सीधे निशातपुरा रेलवे ट्रैक पर पहुंचा और ट्रेन से कटकर जान दे दी। शाम को बेटा अरुण घर पहुंचा। उसने पत्नी से मां के बारे में पूछा। उसने बताया मां निर्माणाधीन मकान पर हैं। अरुण पत्नी को लेकर वहां पहुंचा तो पता चला कि दरवाजा अंदर से बंद है। आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो वह पीछे वाले दरवाजे पर पहुंचा, जहांताला लगा था। उसने दरवाजा तोड़ा तो अंदर मां की लाश खून से लथपथ मिली।

**तीन बच्चों की कुल्हाड़ी से काटकर की थी हत्या**

थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रीतम सिंह ने वर्ष 2010 में 13, 10, 3 साल के तीन बच्चों की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी। हत्या के मामले में वह नरसिंहपुर जेल में सजा काट रहा था। 26 जनवरी 2025 को ही वह जेल से रिहा हुआ था। जेल से रिहा होने के बाद वह गुरू बहन दुर्गा कुशवाह के साथ रह रहा था।

### भौंरी के प्लेटेल होटल की घटना, 50 फीट तक उठी लपटें, बड़ा हादसा टला

# शादी समारोह में दूल्हा-दुल्हन के वेलकम के दौरान फायरो सिस्टम में लगी आग, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏩ संतनगर

राजधानी के बैरागढ़ वार्ड तीन स्थित ग्राम भौंरी के प्लेटेल होटल में आयोजित एक शादी समारोह में सोमवार रात दस बजे के करीब शादी समारोह के दौरान भीषण आग लग गई। इससे अफ़रा-तफ़री मच गई और भगदड़ में कई लोग घायल हो गए। इस दौरान 50 फीट तक की लपटें उठीं। बताया जा रहा है कि होटल में दूल्हे दुल्हन की एंट्री में चले फ़ायरो सिस्टम के दौरान गैस सिलेंडर फटने से आग भड़क उठी।

सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में मशक़्क़त का सामना करना पड़ा। यहां अभिषेक जैन के परिवार की शादी समारोह था। इस दौरान जब दूल्हा-दुल्हन की एंट्री हुई तब स्वागत के लिए वेलकम फ़ायरो सिस्टम चलने से सिलेंडरों में आग लग गई, जिससे भगदड़ मचने से कई लोगों को मामूली चोट आई है।


भौंरी स्थित शादी के पंडाल में आग का एक भयावह दृश्य। वहीं इनसेट में शादी समारोह से किसी तरह बाहर आते मेहमान।

**गांधी नगर, फतेहगढ़ और संतनगर की दमकलों ने दो घंटे में पाया काबू**

नगर निगम के फायर ऑफीसर सौरभ पटेल ने बताया कि तीन दमकलें मौके पर पहुंची, आग से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। एहतियातन एक दमकल मौके पर खड़ी कर दी गई है। आग लगने की सूचना मिलते ही गांधीनगर, फतेहगढ़ और संतनगर की दमकलें मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।

**होटल में नहीं थे सेफ्टी सिस्टम**

होटल में सेफ़्टी के कोई सिस्टम नहीं थे, वो तो भगवान का शुक्र रहा कि कार्यक्रम ओपन ग्राउंड में था, जिसके कारण कोई जनहानि नहीं हुई। यही अगर बंद हॉल में होता तो किसी बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। हालांकि आग से स्टेज सहित कई सामान जलकर स्वाह हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जहां सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ, वहां पर कुछ देर पहले गाड़ियां खड़ी थी। यदि ब्लास्ट होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ईदगाह हिल्स के छात्रावास का मामला

# दिव्यांग छात्रावास के 10 बच्चों की तबियत बिगड़ी, हमीदिया में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

सामाजिक न्याय विभाग के ईदगाह हिल्स पर संचालित दिव्यांग हॉस्टल में करीब 10 बच्चे बीमार हो गए हैं। बच्चों को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमीदिया अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि अब बच्चों की स्थिति नॉर्मल है।

दरअसल, सामाजिक न्याय विभाग के इस हॉस्टल में अस्थि-श्रवण बाधित के अलावा मानसिक रूप से कमजोर बच्चे अध्ययन करते हैं। रविवार रात्रि इनमें से 10 बच्चों की अचानक तबियत बिगड़ी, जिन्हें हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के जिस सेकण्ड ब्लॉक में सुल्तानिया हॉस्पिटल संचालित हो रहा है। वहां पांच बच्चे प्रथम तो पांच को 9वें फ्लोर पर भर्ती कराया गया है, जो डाक्टरों की निगरानी में हैं। इनका उपचार चल रहा है। बच्चों की किन कारणों से तबियत बिगड़ी है। इस संबंध में छात्रावास अधीक्षक से संपर्क करना चाहा, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई है। इस संबंध में हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुनीत टंडन ने बताया कि चिकित्सालय में जो बच्चे भर्ती किए गए हैं अब उनकी स्थिति नॉर्मल है। डाक्टरों की निगरानी में इनका इलाज चल रह है।

### भोपाल सहित प्रदेशभर में इसी सप्ताह एक साथ चलाया जाएगा विशेष जांच अभियान

# बिना परमिट के प्रदेशभर में दौड़ रही बसों पर कसेगा आरटीओ का शिकंजा, रणनीति तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

परिवहन विभाग जल्द ही बिना परमिट दौड़ रही बसों पर कार्रवाई को लेकर एक विशेष अभियान चलाने जा रहा है। इसको लेकर विशेष योजना तैयार की गई। इस सप्ताह में भोपाल सहित प्रदेशभर में यह अभियान शुरू किया जाएगा। जानकारी के अनुसार मप्र की सड़कों पर नियमों का उल्लंघन कर मनमाने तरीके से चल रही बसों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। बिना परमिट या निर्धारित रूट का पालन न करने वाले बस ऑपरेटरों पर परिवहन विभाग शिकंजा कसने जा रहा है। परिवहन विभाग के डिप्टी कमिश्नर किरण शर्मा ने बताया कि परिवहन आयुक्त उमेश जोगा के पदभार ग्रहण करने के साथ ही नियम विरुद्ध संचालित होने वाले कमर्शियल वाहनों को लेकर सख्ती करने को लेकर दिशा-निर्देश जारी करते हुए,जल्द ही प्रदेशव्यापी विशेष जांच अभियान शुरू करने की बात कही है। इसको लेकर विभाग द्वारा तैयारी की जा रही है। इस सप्ताह में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बसों में कमियां पाए जाने पर जब्ती के साथ ही जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। परमिट व रूट के साथ ही फायर डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम, आपातकालीन द्वार और ड्राइवर केबिन में नियमों के विरुद्ध पार्टीशन को लेकर कार्रवाई की गई है।

### भोपाल में रूट का नहीं हो रहा पालन


फाइल फोटो

परिवहन विभाग के सूत्रों के अनुसार अधिक बस संचालक परमिट का उल्लंघन करने के साथ ही तय रूट से बसों का संचालन नहीं कर रही है। इसको लेकर भोपाल सहित इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर जैसे प्रमुख शहरों में परमिट व तय रूट का उल्लंघन करने वाले संचालकों का विस्तृत डेटा विश्लेषण भी किया जा रहा है। इसके बाद विभाग सख्त कार्रवाई करने जा रहा है। विशेष अभियान चलाकर बसों की जांच की जाएगी। पिछले वर्ष भोपाल आरटीओ की ओर से ऐसी करीब 200 से अधिक बसों की जांच कर कार्रवाई की थी। हालांकि, पिछले साल सख्ती के बाद कुछ बस संचालकों द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। भोपाल से विभिन्न रूटों पर प्रतिदिन लगभग 400 से अधिक बसों का संचालन होता है। इन बसों में निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग विशेष अभियान शुरू करेगा।

### नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा निपटाएं

# काम नहीं करने वाले तहसीलदार फील्ड से हटेंगे, नायब तहसीलदार पर भड़के कलेक्टर



टाइम लिमिट बैठक में चर्चा करते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

तहसील दफ्तरों में नामांतरण, सीमांकन, बंटान और तहसीलदार कोर्ट का डिस्पोजल अस्सी फीसद से कम नहीं होना चाहिए। आम लोगों से जुड़े कामों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैरागढ़ के नायब तहसीलदार दिनकर चतुर्वेदी का काम संतोषजनक नहीं है। इन्हें फील्ड से हटाया जाए।

यह बात सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने टाइम लिमिट की बैठक में कही। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसी भी विभाग में 80 प्रतिशत से कम शिकायतों का निराकरण मंजूर नहीं किया जाएगा। सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को अगले 2 दिन में नामांतरण प्रकरणों का निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के संकल्प से समाधान अभियान के तहत क्लस्टर वाइस शिविर लगाए जाएं।

कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश की अधिकतर योजनाओं में समग्र आईडी के आधार पर ही लाभ दिया जाता है, ऐसे में समग्र आईडी के डुप्लीकेशन खत्म किया जाए। ईकेवायसी से डुप्लीकेसी को दूर किया जा सकता है। बीपीएल परिवारों के सदस्यों की भी ईकेवायसी कर डुप्लीकेसी को खत्म किया जा सकता है।

**नामांतरण, सीमांकन में गड़बड़ी**

राजधानी में नामांतरण और सीमांकन को लेकर तहसीलदारों की ढेरों शिकायतें कलेक्टर के यहां पेंडिंग चल रही हैं। हाल ही में हुजूर के नायब तहसीलदार अतुल शर्मा के यहां से नामांतरण की 53 फाइलें गायब हो गई थीं। जबकि अपर तहसीलदार आलोक पारे ने मृत महिला के नाम से एक जमीन का सीमांकन कर दिया। इसके साथ फर्जी रजिस्ट्री कराने वाली महिला की जमीन का नामांतरण कर दिया था। जिसकी ईओडब्ल्यू तक शिकायत की गई है।

### यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी, ट्रैफिक व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

# नो पार्किंग में जुर्माने के लगे बोर्ड के नीचे खड़े हो रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

ताजुल मसाजिद के सामने स्थित सिक्स लेन सड़क पर यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। नो-पार्किंग जोन में सड़क के दोनों किनारों पर चारपहिया वाहन खड़े किए जा रहे हैं, जिससे यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। विडंबना यह है कि जहां 1000 रुपए जुर्माने का स्पष्ट चेतावनी बोर्ड लगा है, ठीक उसी बोर्ड के नीचे वाहन पार्क किए जा रहे हैं। नियमों की यह अनदेखी न केवल प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रही है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ा रही है। सिक्स लेन सड़क होने के बावजूद भी दोनों तरफ खड़े वाहनों के कारण सड़क संकरी हो जा रही है, जिससे ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

**वाहन खड़े होने से सड़क हुई संकरी, आए दिन लगता है ट्रैफिक जाम**

**सड़क के दूसरी ट्रैफिक पुलिस काटती है नियमित रूप से चालान, इधर अनदेखी**

**अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या, कोई ठोस और नियमित कार्रवाई नहीं**



जुर्माने के बोर्ड के पास खड़े कंडम और चलित वाहन।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सड़क निर्माण के बाद से ही यहां अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या बनी हुई है, लेकिन अब तक कोई ठोस और नियमित कार्रवाई नहीं की गई। सड़क के दूसरी तरफ ट्रैफिक पुलिस नियमित रूप से चालान काटती है, लेकिन नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर सख्ती न होने से नियमों की गंभीरता कम होती दिखाई दे रही है। नागरिकों का कहना है कि शहर की पहचान स्थल के सामने इस प्रकार की अव्यवस्था प्रशासन की छवि को धूमिल कर रही है। उन्होंने मांग की है कि नियमित निगरानी, सख्त कार्रवाई और वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।


सड़क के दूसरी ओर खड़े वाहन।

### जल्द निराकरण किया जाएगा...

जल्द ही उसका निराकरण किया जाएगा, उन्होंने बताया कि सड़क के दोनों तरह पार्किंग लाइन और ट्रैफिक सिग्नल जल्द लगाया जाएगा।

**बसंत कौल**
एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक पुलिस

## जैकेट का शेष

### भारत में नहीं ...

ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। इसलिए यहां इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा। इस तरह के ग्रहण में सूर्य और पृथ्वी के बीच में चंद्रमा ठीक केंद्र में आ जाता है, जिससे सूर्य किनारों से किसी चमकदार रिंग की तरह दिखाई देता है। खगोलविद इसे 'रिंग ऑफ फायर' कहते हैं।

### केंद्रीय मंत्री वैष्णव बोले ...

और संस्थागत भरोसे को नुकसान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव रचनात्मकता की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के एक आधिकारिक कार्यक्रम में मोशन पिक्चर एसोसिएशन के चेयरमैन चार्ल्स रिवकिन के साथ बातचीत में वैष्णव ने कहा कि भारत टेक्नो-लीगल फ्रेमवर्क अपनाएगा। इसका मतलब है कि सिर्फ कानून नहीं, बल्कि तकनीकी सुरक्षा उपाय भी साथ-साथ लागू किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि देश बौद्धिक संपदा अधिकार यानी आपी राइट्स और कंटेंट क्रिएटर्स की वैल्यू को मानता है। इसलिए इनोवेशन और कॉपीराइट के बीच संतुलन जरूरी है। मंत्री ने कहा कि एआई मॉडल बड़ी मात्रा में सार्वजनिक और कॉपीराइट सामग्री पर ट्रेन होते हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या मौजूदा सिस्टम क्रिएटर्स को सही इनाम दे रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि नए गार्डरेल बनाने होंगे ताकि इनोवेशन भी बढ़े और आईपी की रक्षा भी हो। उनके मुताबिक साधारण नियम बना देने से समस्या हल नहीं होगी। इसके लिए सहमति, नई तकनीक और संयुक्त व्यवस्था की जरूरत होगी।

### हॉलो ट्यूब के जरिए बताई ...

रहे हैं। एआई इंपैक्ट एक्स्पो जिसे हॉलो ट्यूब है, इसकी मदद से एक होलोग्राम से कैरेक्टर बनाया गया है, जो आपको महाभारत के युग की याद दिलाएंगे।

### राज्यपाल के अभिभाषण

सदन में पहुंचे। इसके तत्काल बाद राष्ट्रगीत वंदे मातरम का छह छंदों सहित समूह गान किया गया। यह पहला मौका था कि वंदे मातरम का पूरा गायन किया गया। इससे पहले महज दो छंदों का वाचन ही होता था, यही छंद आमतौर पर लोगों को याद रहता है, किंतु पहली बार छह छंदों का गायन हुआ।

### पहले अभिभाषण ...

करते समय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ ही संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय व नेता प्रतिपक्ष सिंघार भी विधानसभा से बाहर तक जाकर विदा किया। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवाल 11 बजे तक के लिए स्थिगित कर दी।

### वर्ष 2047 तक एक समृद्ध ...

संस्थागत प्रशिक्षण ब्रांडिंग बाजार विस्तार अनुचर पर विशेष बल दिया जा रहा है। प्रदेश में हथकरघा एवं हर्षित क्षेत्र आजीविका और रोजगार सृजन का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। राज्यपाल ने कहा कि सरकार की ओर से एक जिला एक उत्पाद और इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर योजनाओं के माध्यम से 25 हजार से अधिक परिवारों को लाभान्वित किया जाएगा। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर आई डैशबोर्ड और द्रोण निगरानी की योजनाओं के कार्यक्रम में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित की है। राज्यपाल ने कहा कि अनमोल 2.0 का शुभारंभ कर हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं की डिजिटल ट्रैकिंग तथा जननी सुरक्षा एवं प्रसूति सहायता योजना के तहत डीबीटी भुगतान को समग्र आईडी से जोड़ा गया है।

### 8 लोग जिंदा जले ...

है। तीन मृतकों की पहचान बिहार के मोतिहारी जिले के मिंटू, नितेश और सुजान के रूप में हुई है। अन्य मृतकों की पहचान के लिए उनके परिजनों का डीएनए सैंपल लिया जाएगा। इस फैक्ट्री में अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। मौके से बारूद, पटाखे और पैकिंग के डिब्बे मिले हैं। घटना के समय करीब 25 मजदूर काम कर रहे थे। कलेक्टर अर्तिका शुक्ला ने कहा कि देखकर लग रहा है कि छोटा एक्सप्लोसिव मटेरियल था। गैस रिसाव नहीं था। एडीएम सुमिता मिश्रा के अनुसार फैक्ट्री मालिक का नाम राजेंद्र है। उन्होंने किसी तिवारी को यह फैक्ट्री लीज पर दी थी। आशंका जताई जा रही है कि मौतों का आंकड़ा बढ़ सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना को अत्यंत दुखद बताया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति उनकी संवेदनाएं हैं और वे घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।

### कान्हा से वीरांगना दुर्गावती ..

है। टाइगर रिजर्व की मुहली रेंज के कोर एरिया में बाघ की निगरानी की जा रही थी। रविवार को टीम जब मौके पर पहुंची तो बाघ जमीन पर पड़ा मिला। पास जाकर देखने पर उसकी मौत की पुष्टि हुई। कॉलर आईडी से मूवमेंट ट्रैक किया जा रहा था। पिछले तीन दिनों से बाघ की लोकेशन एक ही स्थान पर मिल रही थी। इससे संदेह गहराया और टीम सर्चिंग के लिए पहुंची, जहां शव बरामद हुआ। वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देने के बाद सोमवार को आसपास के इलाके में डॉग स्क्वाड से सर्च कराया गया। घटनास्थल पर दूसरे वन्यजीव के पगमार्क मिलने की बात भी सामने आई है।

### भोपाल,पन्ना और ...

पन्ना टाइगर रिजर्व, भोपाल और जबलपुर से पहुंची है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह साफ हो पाएगी।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**
**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड, ईनर कोर्ट, जी. टी. बी. काम्पलेक्स, नार्थ टी. टी. नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित दुकान क्रमांक एल.जी. एफ.- 5 (लोअर ग्राउण्ड फ्लोर) म मण्डल द्वारा श्री कृष अवस्थी आत्मज स्व. श्री नरेन्द्र अवस्थी के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 08/11/2011 को पंजीकृत है। श्री कृष अवस्थी आत्मज स्व. श्री नरेन्द्र अवस्थी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती सुनीता बुलचंदानी पत्नी श्री राजेश बुलचंदानी को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय किया गया, जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय में दिनांक 30/01/2026 को पंजीकृत किया गया है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती सुनीता बुलचंदानी पत्नी श्री राजेश बुलचंदानी के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

(रविन्द्र निकोसे)
सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

**जाहिर सूचना**
**चार मंजिला मकान नं. 30, स्टेट गैरेज के पीछे, गली फर्राशखाना, जहांगीराबाद, वार्ड नं. 34, तह.हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.)**

मेरे पक्षकार DMI हाऊसिंग फाईनेंस प्रा. लि., शाखा जोन-2, एम.पी. नगर, भोपाल, की ओर से सर्वसाधारण को सूचित हो कि सलाउद्दीन पुत्र अब्दुल सलाम ने एक संपत्ति जो कि चार मंजिला मकान नं. 30, स्टेट गैरेज के पीछे, गली फर्राशखाना, जहांगीराबाद, वार्ड नं0 34, तह. हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, को मेरे पक्षकार बैंक के पास बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया है। उक्त संपत्ति की नाप 624 वर्गफिट होकर चतुर्सीमायें पूरब असगर कुरैशी का मकान, पश्चिम -गली फर्राशखाना, उत्तर -जाहिदा बी का मकान व दक्षिण -में फातिमा बी का मकान है। यह कि उक्त संपत्ति विक्रेता रफीका बेग को उनके पिता इशहाक बेग की मृत्यु उपरान्त एकमात्र वारिसान के तौर पर प्राप्त हुई थी जिस हेतु रफीका जी ने नगरीय अभिलेखों में भी संपत्ति का नामांतरण दर्ज करवा लिया था। साथ ही संपत्ति से संबंधित सभी दस्तावेज जैसे कि समस्त अनुमतिया, अनापत्ति प्रमाण-पत्र इत्यादि मेरे पक्षकार बैंक के पास सुरक्षित रखे गए हैं। यदि उक्त सम्पति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, दान, बंधक या कोई हित हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो, वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा

अभिषेक पंसारी अधिवक्ता
मो. 9993186085

**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**आम सूचना**

ओल्ड सुभाष नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में फ्लेट क्रमांक 13/4 (भूतल तल) मण्डल द्वारा श्रीमती सोमवती वर्मा पत्नी श्री बी.एल. कश्यप के नाम किराये से भाड़ाक्रय में परिवर्तन आदेश क: 7552-57 दिनांक 30/04/1986 द्वारा आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनाक 16/02/1991 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 20/06/2022 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करण ली गई है। श्रीमती सोमवती वर्मा द्वारा भवन का विक्रय विलेख दिनांक 03/08/2022 को उप पंजीयक कार्यालय से निष्पादित कराकर श्री गुलशन ग्यामलानी आत्मज श्री गोविन्द दास ग्यामलानी को विक्रय कर दिया गया है। संपत्ति का क्रेता श्री गुलशन ग्यामलानी द्वारा आवेदन पत्र. शपथ-पत्र (स्वय का) एवं मंडल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए विक्रय विलेख दिनांक 03/08/2022 के आधार पर उक्त संपत्ति अपने नाम हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। उनके द्वारा यह शपथ-पत्र भी प्रस्तुत किया है कि भवन के मूल आबंटी श्रीमती सोमवती वर्मा पत्नी श्री बी.एल. कश्यप एवं उनके परिवार का वर्तमान में कही पता नहीं चल रहा है। भविष्य में किसी भी बाद-विवाद हेतु वह स्वयं जिम्मेदार होगी। प्रस्तुत दस्तावेजो एवं विक्रय विलेख दिनांक 03/08/2022 के आधार पर उक्त सपत्ति श्री गुलशन ग्यामलानी आत्मज श्री गोविन्द दास ग्यामलानी के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ज्वाला प्रसाद उर्फ बालाप्रसाद आत्मज श्री राम सिंह मीना आयु वयस्क निवासी-म. नं. 152, बायपास रोड, ग्राम कोलुआ खुर्द भोपाल मध्यप्रदेश के स्वत्व व स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं. 280, 278/3, एवं 279/3 जिसमें से रकबा 58 डिसमिल जो ग्राम अचारपुरा, विकास खण्ड फंदा, तह. हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है, वयाना (टोकन) नगद अदा कर दिया गया है। तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में उक्त कृषि भूमि की रजिस्ट्री कराना शेष है। अगर किसी भी व्यक्ति विशेष, संस्था, सोसायटी, उत्तराधिकारीगण, बैंक, सहकारी संस्था आदि को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कहीं रहन, दान, बंधक, गिरवी, वसीयत या अन्य किसी पक्षकार के हित में विक्रय इत्यादि का अनुबंध किया गया हो अथवा उसके अंशभाग पर किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के अंदर आकर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सबूत सहित मेरे समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कराकर उस पर पावती प्राप्त करें अन्यथा मेरा पक्षकार उक्त कृषी भूमि पर विकास कार्य कर पंजीयन अपने या अपने द्वारा अधिकृत किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में कराने हेतु स्वतंत्र रहेगा। समय सीमा बीत जाने के पश्चात किसी भी तरह की आपत्ति निराधार मानी व समझी जावेगी।

भवदीय प्रदुमन यादव अधिवक्ता
कार्यालय-राधे लॉ चेम्बर, मित्तल कॉलेज रोड, करोंद, भोपाल म.प्र. मो.नं.-9617921055


## पेज एक का शेष

### सिटी बंगाली क्लब ...

समय महापौर जगत बहादुर सिंह,अध्यक्ष नगर निगम रिंकू ब्रिज सहित संस्था के अध्यक्ष सुब्रत पाल, उपाध्यक्ष श्यामल मुखर्जी, डीके रॉय, सुरजीत गुहा, अनुराग पाल, आशीष घोष, आरएन दत्ता, आशीष सेन, शेखर डे, तापस चक्रवर्ती, विश्वजीत घोष, नीलाद्री चटर्जी, आईबी रुद्रा, मुकुल घोष, मितुंजय पाल, संगीता भद्रा, सुब्रत रॉय, विजय भट्टाचार्य सहित समस्त सदस्यों उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि संस्था के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को यह टाइम कैप्सूल भूमिगत किया गया था, जिसे वर्ष 2125 में पुनः खोला जाएगा। यह जबलपुर का पहला टाइम कैप्सूल है जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह गौरव प्राप्त हुआ है।

### भारत के प्रमुख टाइम कैप्सूल

1 - कुतुब मीनार परिसर, दिल्ली 1972 भारत का पहला आधिकारिक टाइम कैप्सूल
2- लाल किला, दिल्ली 1972, स्वतंत्र भारत की दस्तावेजी विरासत
3- आईआईटी कानपुर में 1973 में विज्ञान और तकनीकी भारत
4- मिला रिज मैदान, 2011 में हिमाचल का सांस्कृतिक इतिहास
5- राजघाट, दिल्ली, 2014 में महात्मा गांधी से जुड़ी स्मृतियां
6- सीएसटी स्टेशन, मुंबई में 2019 में भारत की रेलवे विरासत
7- केवड़िया स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में 2020 में आधुनिक भारत का प्रतीक
8- राम मंदिर परिसर, अयोध्या में 2024 में राम मंदिर निर्माण काल की जानकारी
9- सिटी बंगाली क्लब, जबलपुर में 2025 में भारत का पहला सामाजिक-सांस्कृतिक टाइम कैप्सूल
10- आईआईटी हैदराबाद में 2025 में डिजिटल युग का भारत

### अय्यर बोले- केरल में ...

की थी और कहा था कि पिनराई सरकार की उपलब्धियों के बाद वाम सरकार की वापसी संभव है।

### कहां क्या असर ...

के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। स्थानीय बार एसोसिएशन ने आरोपियों का केस न लड़ने का फैसला किया है। ग्वालियर व अन्य जिले ग्वालियर, धार और अन्य जिला मुख्यालयों में भी वकीलों ने प्रतीकात्मक और पूर्ण हड़ताल रखी।

### लॉकर से 3.5 करोड़

अनुमति के गिरवी रखने का आरोप है। जब्त किए गए सोने का कुल वजन लगभग 2,780 ग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत 3.5 करोड़ रुपए से अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक, बैंक के मुख्य प्रबंधक ने 5 फरवरी को बेंगलुरु के गिरिनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद यह धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। पुलिस ने जांच में पाया कि आरोपी ने उच्च अधिकारियों को बताए बिना बैंक लॉकरों से ग्राहकों के 2,780 ग्राम सोने के आभूषण निकाल लिए और उन्हें एक फाइनेंस कंपनी के पास गिरवी रख दिया। जांच के दौरान प्रारंभिक सबूत मिले हैं कि इस तरीके से प्राप्त पैसे को आरोपी ने ऑनलाइन सट्टेबाजी (ऑनलाइन बेटिंग/जुआ) पर खर्च कर दिया था। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) लोकेश बी जगलासर ने बताया कि आरोपी उप प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया गया है। हम बाकी सोना बरामद करने की कोशिश कर रहे हैं। अब तक करीब 700 ग्राम सोना बरामद हो चुका है। उन्होंने आगे बताया कि फाइनेंस कंपनी से जरूरी सहयोग नहीं मिल रहा है, इसलिए हम अदालत का रुख करेंगे और उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई शुरू करेंगे। फिलहाल मामले की जांच अभी जारी है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### 9 जजों की पीठ ...

करेगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची तथा जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने सोमवार को सभी पक्षों को 14 मार्च 2026 तक अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने 10 फरवरी 2020 के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि जिन सात सवालों को तय किया जाना है, उनके जवाब के लिए सुनवाई जरूरी है। केंद्र सरकार ने कोर्ट में कहा है कि वह समीक्षा याचिका का समर्थन कर रही है और महिलाओं के इस मंदिर में प्रवेश का विरोध करती है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह जानकारी दी।

### रजत शेषनाग मुकुट ...

हुई। सोमवार को दोपहर 12 बजे भगवान महाकाल का जलाभिषेक कर दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया गया। मंत्रोच्चार के साथ जल अर्पित करने के बाद कपूर आरती हुई। इसके बाद भगवान के मस्तक पर भांग, चंदन और त्रिपुंड अर्पित कर दिव्य श्रृंगार किया गया। श्रृंगार पूरा होने के बाद ज्योतिर्लिंग को वस्त्र से ढांककर भस्म अर्पित की गई। भस्म अर्पण के बाद भगवान महाकाल को रजत शेषनाग मुकुट, रजत मुंडमाला, रुद्राक्ष माला तथा मोगरा और गुलाब के सुगंधित पुष्पों की मालाएं अर्पित कर भव्य श्रृंगार किया गया।

### कल के बाद फिर बदलेगा ...

होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान से आगे बढ़ा है, जिसका असर प्रदेश में दो दिन में दिखना शुरू हो जाएगा। आज और कल तापमान में कुछ बदलाव रहेगा।

### इसलिए होगी ...

*होगा, लेकिन बुधवार- गुरुवार से शनिवार के बीच रात का पारा 2 से 3 डिग्री या इससे अधिक बढ़ सकता है। बारिश वाले स्थानों पर दिन के तापमान में इतनी ही कमी आएगी।*

## मुस्लिम चचेरी बहनों ने हिंदू भाइयों से की शादी

**छतरपुर।** जिले के नौगांव थाना क्षेत्र से कुछ दिन पहले लापता हुईं दो मुस्लिम युवतियों ने पांच दिन बाद वीडियो जारी कर शादी करने का दावा किया। इन चचेरी बहनों ने हिंदू चचेरे भाइयों से शादी की। उन्होंने अपने मायके पक्ष से जान का खतरा बताकर नौगांव थाना प्रभारी और पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा की मांग की है। वीडियो में दोनों दिख रही हैं। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई और लापता की खोज चल रही थी, लेकिन पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला।


**MILLENNIUM COLLEGE OF MANAGEMENT**
Approved by AICTE & Affiliated to Barkatullah University Bhopal
Applications are invited for the Appointment of Teachers Under College Code 28 for MBA Course
REQUIREMENT
PRINCIPAL/DIRECTOR | PROFESSOR | ASSO. PROFESSOR | ASST. PROFESSOR
Qualification & Salary as per AICTE & BU Norms. Interested candidates may send their resume on Email: hr.media.mgi@gmail.com or by post within 7 days.
Millennium Campus, Nathu Barkheda Road, Neelbad, Bhopal (M.P.)
Call: 9575 430 224, 0755 2525141 or visit: www.millenniumbhopal.com

**कार्यालय नगर पालिक, निगम भोपाल**
**यांत्रिक विभाग**
**जोन क्रं-21**

क्रमांक 43 यां.वि./ 2026 — निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र — भोपाल, दिनांक 16/02/2026

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार पसेटेंज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रीत की जाती है।

| क्र. | ऑन लाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | ठेकेदार श्रेणी पी. डब्ल्यू डी पंजीकरण | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_482775_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM SHARMAJI HOUSE TOWARDS SWAMI VIVEKANAND COLLEGE BARKHEEDI KALAN WARD 26 ZONE 21 | 8,29,300/- | 8,293/- | 2,000 | C" class asper centralized registration system of mppwd | MPUADD ROAD SOR ISSR 2021 | 02 माह |
| 2 | 2026_UAD_482878_1 | PROVIDING AND FIXING OF PAVER BLOCKS AND CC WORK AT GRPF COLONY WARD 25 ZONE 21 | 9,21,264/- | 9,213/- | 2,000 | C" class asper centralized registration system of mppwd | MPUADD BUILDING ISSR 2021 | 02 माह |
| 3 | 2026_UAD_482897_1 | CONSTRUCTION OF TOILET NEAR AMRAPALI BUDH VIHAR W-25 Z-21 | 545720/- | 5457/- | 2,000 | C" class asper centralized registration system of mppwd | MPUADD BUILDING AND ELECTRIC SOR ISSR 2021 | 02 माह |

Interested bidders can view the NIT on website http:// www.mptenders.gov.in/ The Bid Document can be purchased only online from 11:00 (Time) (17.02.2026) to 17:30 P.M. (03.03.2026) Amendments to Nit, if any, would be published on website http://www.mptenders.gov.in/only, and not in newspaper.

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्रं.-21
नगर निगम भोपाल

नि.क्र. : 3149/025/026

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यकता
आपके अपने क्षेत्र के ब्यूटी पार्लर, कॉस्मेटिक शॉप, जनरल स्टोर, मेडिकल स्टोर में Alfa Youth Brand के पर्सनल केयर (कॉस्मेटिक) बेबी डायपर, सैनेटरी पैड की मार्केटिंग, सेलिंग हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है पेमेंट 26000 से 34000, WhatsApp Only 9098427938 (39948)
BSP- 15,17,19,21/02/2026

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 22/01/25 to13/03/26
Not , 26,27/01/26, 15/02/26 , 04,08/03/2026


WE PROVIDE THE BEST SOLAR ENERGY
ZERO ENERGY SOLAR
BEST OFFER
HERRY UP!
Na 2 Lakh Mein..
Na 1.5 Lakh Mein..
Sirf ₹72,000 Mein!
3.3 kW Solar Lagaye
Bachat ka Naya Tareeka!
BRANDS we deal with! TATA POWER SOLAROOF, WAAREE One with the Sun, adani Solar, ECE INDIA Sun for Everyone
Contact us 99932-41867, 73549-99281
Aura Mall, Bhopal, 462010
228, Dwarkadhish Colony Indore (M.P.) 452005


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 6141



**बाएँ से दाएँ**
1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

**शब्द पहेली -6140 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6151

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6150 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** – मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** – आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** – वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** – परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

# मप्र के आने वाले बजट से राहत की उम्मीद के साथ बोले विभिन्न सेक्टरों से जुड़े लोग

# लंबित मास्टर प्लान को जमीन पर उतारें और मुफ्त की योजनाएं बंद करें, पेट्रोल-डीजल पर वैट दर में कमी हो




वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय बजट के बाद अब मध्य प्रदेश का बजट कल यानी बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा से आगामी बजट (2026 -2027) पेश करेंगे। लेकिन इसके पहले बजट से राहत की उम्मीद लगाने वालें विभिन्न सेक्टरों के प्रतिनिधि और बाजार विश्लेषकों का कहना है कि भोपाल का मास्टर प्लान वर्षों से लंबित है उसे जमीन पर उतारा जाए।

इसके न आने से जमीनों की रजिस्ट्री मैं स्टांप ड्यूटी की दरें अनावश्यक रूप से बढ़ने से आम जनता को घर बनाना मुश्किल होता जा रहा है। साथ ही मोहन सरकार सबसे पहले मुफ्त योजनाएं बंद करें, जिस कारण प्रदेश के ऊपर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। छोटे रियल एस्टेट कारोबारियों को राहत देने के लिए सरकार को गाइडलाइन में कमी करनी चाहिए। बजट में सरकार को औद्योगिक गति की मजबूती पर जोर देना चाहिए। इसके साथ ही यह भी मांग उठी है कि मध्य प्रदेश में होटल उद्योग को राहत देने के लिए राज्य सरकार नीतिगत सुधारों और वित्तीय रियायतों की जोर दे।

## प्रदेश के बड़े शहरों के विकास को लेकर सरकार को फोकस बढ़ाना चाहिए



प्रदेश के बड़े शहरों के विकास को लेकर सरकार को फोकस बढ़ाना होगा. प्रदेश में यूथ पढ़ने और नौकरी के लिए लगातार बाहर जा रहा है। केंद्र सरकार ने अपने बजट में इकोनॉमिक रीजन के लिए 5 हजार करोड़ दिए जाने का प्रावधान किया है। राज्य सरकार को इसको लेकर ज्यादा से ज्यादा बजट के लिए कोशिश करने चाहिए। मीक ने कहाकि किसी भी राज्य के लिए उसकी राजधानी उसका चेहरा होती है। राजधानी भोपाल का वैसा विकास नहीं हुआ है जैसा दूसरे राज्यों की राजधानी का हुआ है। राजधानी भोपाल का मास्टर प्लान ही सरकार अब तक नहीं ला सकी। सरकार को तत्काल मास्टर प्लान लाना चाहिए। मेट्रोपॉलिटन सिटी के हिसाब से इसमें बाद में संशोधन किए जा सकते हैं। प्रदेश में बड़े प्लेयर्स को लाने के लिए सरकार नई टाउनशिप पॉलिसी लेकर आई है, लेकिन छोटे रियल एस्टेट कारोबारियों को राहत देने के लिए सरकार को गाइडलाइन में कमी करनी चाहिए साथ ही पंजीयन शुल्क में भी कमी होनी चाहिए। इससे जमीनों के सौदो में बढ़ोतरी होगी।

**मनोज मीक**
अध्यक्ष, क्रेडाई भोपाल

## छोटे एमएसएमई के लिए अलग नियम बनें



सरकार मौजूदा औद्योगिक क्षेत्रों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रही। सरकार को गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार पर ध्यान देना चाहिए। सरकार पिछले 5 सालों के दौरान सबसे तेज ग्रोथ करने वाले एमएसएमई को प्राथमिकता दे। सरकार को 10 करोड़ से टर्नओवर वाले एमएसएमई यूनिट के लिए नियमों में लचीलापन लाना होगा। 500 करोड़ के टर्नओवर वाले उद्योगों को एमएसएमई के रूप में 10-15 करोड़ वाले टर्नओवर वाली कंपनियों से तुलना नहीं की जानी चाहिए. छोटे उद्योगों को सरकार राहत दे।

**योगेश गोयल**
उद्यमी, गोविंदपुरा इंडस्ट्रीयल क्षेत्र

## कमर्शियल टैक्स को समाप्त करने की घोषणा होना चाहिए



कमर्शियल टैक्स को समाप्त करने की घोषणा होना चाहिए, यह दोहरे करा रोपण जैसा है। मध्य प्रदेश सरकार की पर्यटन नीति 2025 के तहत 15 फीसदी से लेकर 30 फीसदी तक की पूंजीगत सब्सिडी दी जा रही है। इसके तहत राज्य में नए हेरिटेज होटल और स्टार होटलों की स्थापना, विस्तार पर 5 करोड़ रुपए तक की सब्सिडी का प्रावधान है। मध्य प्रदेश और देश भर में होटल उद्योग ने केंद्र और राज्य सरकारों से नीतिगत सुधारों और वित्तीय रियायतों की जोरदार मांग की है। नए निवेश को आकर्षित करने और होटल के नवीनीकरण के लिए उच्च मूल्यह्रास और टैक्स छूट दी जाए। होटल निर्माण और संचालन के लिए आवश्यक अनुमतियों की संख्या और लागत को कम करने की मांग की गई है, ताकि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिले।

**तेजकुलपाल सिंह पाली**, पूर्व अध्यक्ष, भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज

## केंद्रीय डिजिटल व्यापारिक प्लेटफार्म बनाना चाहिए



ऑनलाइन व्यापार से बढ़ रही चुनौतियों का असंगठित व्यापार समूह सामना नहीं कर पा रहा है और निरंतर बेरोजगारी के नए संकट सामने दिख रहा हैं। ऐसे में सरकार को स्वस्थ व्यापारिक प्रतियोगिता के लिए एक केंद्रीय डिजिटल व्यापारिक प्लेटफार्म बनाना चाहिए। जो रिटेल व्यापारियों के व्यापार को बढ़ाने में सहायक हो। दूसरी अपेक्षा यह है कि मध्य प्रदेश के सभी महानगरों में सघन स्पेशल इकोनामिक जोन का निर्माण मूलभूत सुविधा पार्किंग की सुविधा बड़े वाहनों के आवागमन की सुविधा के साथ हो के निर्माण की घोषणा होना चाहिए इससे सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा। कामर्शियल टैक्स को समाप्त करने की घोषणा होना चाहिए, यह दोहरे करा रोपण जैसा है।

**नवनीत अग्रवाल**
प्रदेश महामंत्री, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

## सरकार औद्योगिकीकरण की गति को मजबूती दे



प्रदेश सरकार का फोकस औद्योगिकीकरण ओर है। अतः आने वाले बजट में सरकार को औद्योगिक गति की मजबूती पर जोर देना चाहिए। निवेश के लिए आधारभूत ढांचा मजबूत रखना जरूरी होता है। इसलिए सरकार का बुनियादी ढांचे सड़क, औद्योगिक पार्क को विकसित करने के लिए प्रावधान करना होगा। इसके अलावा प्रदेश में चल रहे उद्योगों को भी टैक्स और बिजली बिल में रियायत दिए जाने पर विचार करना चाहिए।

**राजेश जैन**, पूर्व मंडी डायरेक्टर, मंडी बोर्ड मप्र एवं संचालक, विजय वल्लभ किसान सेवा केंद्र

## नवाचार एवं रोजगार मूलक बजट की अपेक्षा



बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है।उसे बड़ी समस्या युवाओं को रोजगार लायक बनाने की है। प्रदेश के पास सस्ता श्रम उपलब्ध है उसे प्रशिक्षित कर उसके स्किल का विकास कर देश में सबसे बड़े सेवा प्रदाता बन सकते है। नवाचार में प्रदेश कई राज्यों से पीछे है। भौगोलिक रूप से देश के मध्य में स्थित तथा प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न होने से प्रदेश में नवाचार अच्छे अवसर है कार्य किया जाना चाहिए। ईज आफ डूइंग बिजनेस में आ रही रूकावटों को दूर किया जाना चाहिए ।

***आरजी द्विवेदी***
*सलाहकार, पीएचडी चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री*

## मुफ्त की योजनाएं बंद करें, पड़ोसी राज्यों में पेट्रोल-डीजल पर वैट की दर कम है



सर्वप्रथम सरकार मुफ्त योजनाएं बंद करें, जिस कारण प्रदेश के ऊपर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। डीजल-पेट्रोल पर वेट कि दरें आसपास के राज्यों की तुलना में अधिक है, जिस कारण प्रदेश को राजस्व का नुकसान हो रहा है इन्हें कम किया जाना चाहिए। बिक्री बढ़ने से राजस्व का नुकसान नहीं होगा एवं प्रदेश की जनता को भी महंगाई से राहत मिलेगी।

**मृदुल आर्य**, अध्यक्ष, टैक्स लॉ बार एसोसिएशन भोपाल

## खबर संक्षेप

### श्री केशव सीमेंट्स का एबिटडा 29.28 करोड़ हुआ

**मुंबई।** श्री केशव सीमेंट्स एंड इन्फ्रा लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 के तीसरी तिमाही और नौवे माह के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। वित्त वर्ष 2026 के नौवे माह में कंपनी की कुल आय 116.31 करोड़ रुपए हुई, एबिटडा 29.28 करोड़, शुद्ध लाभ 3.23 करोड़ रुपए प्राप्त हुआ। कंपनी का घाटा लाभ में परिवर्तन हुआ। जबकि वित्त वर्ष 2026 के तीसरी तिमाही में कंपनी कुल आय 38.69 करोड़, एबिटडा 10.50 करोड़ और शुद्ध लाभ 0.54 करोड़ रुपए हुआ।

### राठी स्टील की आय 160.09 करोड़ रु.पहुंची

**नई दिल्ली।** राठी स्टील एंड पावर लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 के तीसरी तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी को वित्त वर्ष 2026 के तीसरी तिमाही में कुल आय 160.09 करोड़, एबिटडा 6.41 करोड़ और शुद्ध लाभ 1.91 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी के प्रबंध निदेशक महेश पारेख ने कहाकि हमारा प्रदर्शन मजबूत परिचालन निष्पादन को दर्शाता है, जिसे हमारे रणनीतिक और विविधीकृत उत्पाद पोर्टफोलियो स्टेनलेस स्टील और टीएमटी रीबार्स का समर्थन प्राप्त है। इस विविधता ने हमें राजस्व में और सुदृढ़ करने में सक्षम बनाया है।

### सभी सर्विस योग्य पिन कोड पर तेज डिलीवरी अमेजन पर

**बेंगलुरु ।** अमेजन अपने विशेष रूप से तैयार किए गए वेलेंटाइन डे स्टोर की मदद से वैलेंटाइन डे के जश्न को और भी हसीन मनाया । रोमांटिक सरप्राइज और सेल्फ-केयर ट्रीट से लेकर दोस्ती के जश्न और समझदार प्रयास तक, अमेजन डॉट इन आप सभी के जश्न को आसान बनाता है। ताज़े फूलों की डिलीवरी और स्वादिष्ट चॉकलेट से लेकर फैशन-फॉरवर्ड लुक्स, स्मार्ट टेक और मूड बनाने वाली घर की सजावट, अमेजन डॉट इन के भरोसेमंद शॉपिंग अनुभव और भारत के सभी सर्विस योग्य पिन कोड पर तेज डिलीवरी और जश्न मनाना अब ज़्यादा आसान है।

### एनआईएस मैनेजमेंट का राजस्व 103.77 करोड़ हुआ

**कोलकाता ।** एनआईएस मैनेजमेंट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 के तीसरी तिमाही और नौवे माह के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। वित्त वर्ष 2026 के तीसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय 103.77 करोड़ रुपए, एबिटडा 5.69 करोड़ और शुद्ध लाभ 2.83 करोड़ रुपए पहुंच गया। जबकि वित्त वर्ष 2026 के नौवे माह में कंपनी की कुल आय 318.66 करोड़ , एबिटडा 22.42 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ 13.05 करोड़ रुपए दर्ज हुआ।

## एआई के डर से सिर्फ 8 दिन में 6 लाख करोड़ डूबे

# अब टीसीएस-इंफोसिस समेत बड़ी आईटी कंपनियों ने बदली रणनीति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर बढ़ती आशंकाओं का असर सिर्फ नौकरियों तक सीमित नहीं है, बल्कि शेयर बाजार पर भी इसका सीधा प्रभाव दिख रहा है। पिछले आठ कारोबारी दिनों में आईटी स्टॉक्स में भारी बिकवाली के चलते करीब 6 लाख करोड़ रुपए की मार्केट वैल्यू घट चुकी है।



निफ्टी आईटी इंडेक्स में 8 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है, जो निवेशकों की चिंता को दर्शाता है। बाजार में डर इस बात का है कि एआई आधारित टूल्स एप्लिकेशन डेवलपमेंट, मेंटेनेंस और टेस्टिंग जैसी पारंपरिक आईटी सर्विसेज को काफी हद तक ऑटोमेट कर सकते हैं। इससे कंपनियों के मौजूदा बिजनेस मॉडल और मार्जिन पर दबाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, प्रमुख सॉफ्टवेयर कंपनियां लगातार यह भरोसा दिला रही हैं कि एआई उनकी सेवाओं को खत्म नहीं करेगा, बल्कि उन्हें और सक्षम बनाएगा। ब्रोकरेज फर्म जेपी मोर्गेज चेस का मानना है कि एआई नए अवसर भी पैदा करेगा और आईटी कंपनियां इस बदलाव से लाभ उठा सकती हैं। एआई मौजूदा बिजनेस मॉडल के भीतर ही काम करेगा, जहां आईटी सर्विस प्रदाताओं की भूमिका बनी रहेगी। देश की प्रमुख आईटी कंपनियां अब एआई को लेकर सैद्धांतिक चर्चा से आगे बढ़कर व्यावहारिक बदलाव कर रही है। वे अपने ऑपरेशंस में एआई कोडिंग असिस्टेंट, ऑटोमेशन टूल्स और एआई एजेंट्स का तेजी से इस्तेमाल कर रही हैं, ताकि उत्पादकता बढ़ाई जा सके और डिलीवरी टाइम कम किया जा सके।

# सोने के दाम हुए धड़ाम, चांदी 8000 रुपए फिसली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



घरेलू फ्यूचर मार्केट में सोमवार को सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर 2 अप्रैल 2026 का एक्सपायरी वाला गोल्ड फ्यूचर वायदा सोमवार को 1,54,999 रुपए (प्रति 10 ग्राम) पर खुला। इसके आखिरी कारोबारी दिन एमसीएक्स पर सोना 1,55,895 रुपए पर ट्रेड करते हुए बंद हुआ था। एमसीएक्स पर 2 अप्रैल का एक्सपायरी वाला गोल्ड 1.02 प्रतिशत या करीब 1600 रुपए की गिरावट के साथ 1,54,300 रुपए पर ट्रेड कर रहा था। गोल्ड फ्यूचर वायदा शुरुआती कारोबार में 1,55,100 रुपए के हाई लेवल पर पहुंचा था। जबकि एमसीएक्स पर 5 मार्च 2026 का एक्सपायरी वाला सिल्वर 3.48 फीसदी या 8,492 रुपये की गिरावट के साथ 2,35,868 रुपए (प्रति किलो) पर ट्रेड कर रहा था। चांदी के कारोबारी दिन की शुरुआत 2,38,489 रुपए पर की था। कारोबार के दौरान चांदी का हाई लेवल 2,38,489 रुपए था।

## 10 करोड़ रु. तक की कोलेटरल फ्री निर्यात ऋण कार्यशील पूंजी दी जाती है

# यूनियन बैंक ने की दो नई कोलेटरल फ्री निर्यात ऋण योजना का शुभारंभ

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

निर्यात को बढ़ावा देने और भारत सरकार के विजन के अनुरूप 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा दो नई निर्यात ऋण कार्यशील पूंजी योजनाओं का शुभारंभ किया गया है- यूनियन निर्यात सुगम और यूनियन निर्यात प्रोत्साहन योजना ।

यूनियन निर्यात सुगम- योजना के अंतर्गत सभी विनिर्माता निर्यातकर्ताओं को 80 करोड़ रुपए तक का निर्यात ऋण कार्यशील पूंजी प्रदान की जाती है, जिसमें गैर-एमएसएमई भी शामिल हैं (व्यापारी, मर्चेंट निर्यातकर्ता, रत्न, आभूषण तथा हीरे और लौह अयस्क निर्यातकर्ताओं को छोड़कर)। इस योजना के अंतर्गत, कोलैटरल सुरक्षा जमा करना आवश्यक नहीं है। यह योजना




विशेषकर निर्यातकर्ताओं को किफायती निर्यात वित्त का एक्सेस प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई है, जिससे वे अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में बेहतर प्रतिस्पर्धा कर सकें। यूनियन निर्यात प्रोत्साहन योजना- इस योजना में तहत सभी सूक्ष्म और लघु निर्यातकर्ताओं (व्यापारी, मर्चेंट निर्यातकर्ता, रत्न, आभूषण तथा हीरे और लौह अयस्क निर्यातकर्ताओं सहित) को 10 करोड़ रुपए तक की कोलैटरल फ्री निर्यात ऋण कार्यशील पूंजी दी जाती है। इस योजना के अंतर्गत, कोलैटरल सुरक्षा या तृतीय पक्ष गारंटी की कोई आवश्यकता नहीं है। यह योजना सूक्ष्म और लघु निर्यातकर्ताओं के लिए बनाई गई है, जिसके माध्यम से किफ़ायती और बिना किसी गारंटी के निर्यात वित्त दिया जाता है. दोनों योजनाओं के अंतर्गत, रुपए और विदेशी मुद्रा में प्रतिस्पर्धात्मक ब्याज दर दिए जाते हैं, जो बाहरी बेंचमार्क से जुड़े होते हैं और सीधा डीलिंग एक्सेस के साथ बेहतर एक्सचेंज मार्जिन देते हैं। यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया सदैव विनिर्माता - निर्यातकर्ताओं और एमएसएमई को सपोर्ट करने में सबसे आगे रहा है, जिसमें कार्यशील पूंजी के दबाव को कम किया गया है और निर्यातकर्ताओं और एमएसएमई को वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए कई तरह की ऋण सुविधाएं दी गई हैं।

## आईआईएफएल फाइनेंस के 2000 करोड़ के बॉन्ड जारी

**नई दिल्ली।** आईआईएफएल फाईनेंस लिमिटेड ने रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) के पब्लिक इश्यू जारी किए हैं, जो मंगलवार 17 फरवरी, 2026 से मिलना शुरू होंगे। इनका इश्यू साईज़ 500 करोड़ रुपये है, और 1,500 करोड़ रुपए तक का ओवरसब्सक्रिप्शन बनाए रखने के लिए ग्रीन-शू विकल्प है। इस प्रकार कुल इश्यू साईज़ 2,000 करोड़ रुपए का होगा। इस फंड का उद्देश्य कंपनी के व्यवसाय में वृद्धि करना और पूंजी बढ़ाना है। निर्मल जैन, फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, आईआईएफएल फाईनेंस ने कहा कि, ''आईआईएफएल फाईनेंस भारत के प्रमुख एनबीएफसी में से एक है। यह पूरे देश में मजबूत स्थिति रखता है।

# बीआईएस नियमों की अनदेखी पड़ी भारी स्नैपडील पर पांच लाख रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने अनिवार्य भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) प्रमाणन का अनुपालन नहीं करने वाले खिलौने बेचने के मामले में ई-कॉमर्स मंच स्नैपडील पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई खिलौना (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2020 के उल्लंघन को लेकर की गई। सीसीपीए की मुख्य आयुक्त निधि खरे ने बताया कि इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए स्नैपडील (ऐस वेक्टर लिमिटेड) के खिलाफ अंतिम आदेश जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि सीसीपीए ने अमेजन तथा फ्लिपकार्ट जैसी अन्य ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ-साथ स्टैलियन ट्रेडिंग कंपनी और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार स्टोर जैसे विक्रेताओं को भी नोटिस जारी किए हैं। सीसीपीए ने जुर्माने लगाने के अलावा स्नैपडील को निर्देश दिया है कि वह भविष्य में यह सुनिश्चित करे कि उसके मंच पर कोई भी ऐसा खिलौना सूचीबद्ध या प्रचारित न किया जाए जो बीआईएस मानकों के अनुरूप न हो। प्राधिकरण ने मंच को उपभोक्ताओं की त्वरित शिकायत निवारण सुविधा के लिए संपर्क नंबर, ई-मेल पता और शिकायत अधिकारी का विवरण प्रमुखता से प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया है।

**रूपीक कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड**

45/बी, शुभम कांप्लेक्स, पहला ए मेन, जे पी नगर तीसरा फेज,, बेंगलुरु - 560 078

**सोने की नीलामी की सूचना**

उधारकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ऋण खातों के विरुद्ध गिरवी रखे गए सोने की नीलामी बकाया राशि का भुगतान न होने के कारण की जाएगी

LOS ID: **3298667**

नीलामी की तिथि **[20/03/2026]** (ऑनलाइन): **https://www.auctiontiger.in/**

यदि निर्धारित तिथि को नीलामी नहीं होती है, तो रूपीक को बिना किसी अतिरिक्त सूचना के बाद में ई-नीलामी/निजी बिक्री करने का अधिकार सुरक्षित है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - 1800 419 8000

अधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित दस्तावेज — रूपीक कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी विवि में 'जेंडर सेंसिटाइजेशन एवं पीओएसएच' जागरुकता कार्यशाला आयोजित

**भोपाल।** एलएनसीटी विश्वविद्यालय के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ एवं आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) द्वारा, आईक्यूएसी के अनेजा मे राष्ट्रीय महिला आयोग और युवमंथन के सहयोग से जेंडर सेंसिट समाज एवं पॉश जागरुकता आश्रम का आयोजन किया गया। यह पाठ्यपुस्तक दिशा-निर्देश एवं यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम (पीओएसएच अधिनियम, 2013) के प्रावधानों के अनुरूप आयोजित की गई। कार्यशाला की मुख्य वक्ता राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो. सुषमा शर्मा रहीं। अपने संबोधन में उन्होंने उच्च शिक्षण संस्थानों में लैंगिक समानता, संस्थागत जवाबदेही तथा पीओएसएच अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सुरक्षित और गरिमापूर्ण परिसर सुनिश्चित करना शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता को सम्मान स्वरूप पौधा भेंट कर किया गया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों सहित कुल 175 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। संवादात्मक सत्र ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक और प्रभावी बनाया। विश्वविद्यालय ने सभी के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी परिसर उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता पुनः दोहराई।




### सीसीआरएएस में राधारमण की छात्रा पल्लवी पाल राष्ट्रीय स्तर पर चयनित

**भोपाल।** राधारमण आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज की छात्रा पल्लवी पाल का शोध प्रस्ताव सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेद एण्ड सिद्धा (सीसीआरएएस), नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'स्पार्क-4.0' के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयनित किया गया है।सीसीआरएएस, आयुष मंत्रालय के अधीन कार्यरत प्रमुख अनुसंधान संस्था है। देशभर से प्राप्त प्रस्तावों में से पल्लवी का शोध चयनित 100 प्रस्तावों में शामिल हुआ है। यह शोध द्रव्यगुण विभाग के सह-प्राध्यापक डॉ. दर्पण गॉंगिल के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है, जो आयुर्वेदिक उपचार पद्धतियों की प्रभावशीलता पर केंद्रित है। इस अवसर पर मिश्रा , प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र मिश्रा एवं उप-प्राचार्य डॉ. प्रमेन्द्र रघुवंशी ने भी छात्रा को बधाई दी। राधारमण ग्रुप के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव राधारमण सक्सेना ने कहा कि यह सफलता छात्रा की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्थान के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है तथा राधारमण ग्रुप विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोध के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।



### जेजीयू में हुआ शालू जिंदल परफॉर्मिंग आर्ट्स अकादमी का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (जेजीयू) में शालू जिंदल परफॉर्मिंग आर्ट्स एकेडमी का उद्घाटन किया गया। यह एक बड़ी नई एकेडमिक और कल्चरल फैसिलिटी है जो एक मल्टीडिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी माहौल में परफॉर्मिंग आर्ट्स एजुकेशन, आर्टिस्टिक रिसर्च और पब्लिक कल्चरल एंगेजमेंट को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है। प्रदर्शन, शिक्षण और सांस्कृतिक संवाद के लिए विशेष रूप से निर्मित इस अकादमी में प्रोसीनियम मंच, उन्नत ध्वनिकी व्यवस्था, सीढ़ीनुमा बैठक व्यवस्था और समेकित दीर्घा स्थल उपलब्ध हैं। यहां प्रस्तुतियां, प्रदर्शनियां, कार्यशालाएं और अंतर्विषयी सहयोग आयोजित किए जाएंगे। यह विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों, आगंतुक कलाकारों और व्यापक समुदाय के लिए सृजनात्मक मंच प्रदान करेगी तथा उच्च शिक्षा में कला की भूमिका को सुदृढ़ करेगी। उद्घाटन समारोह में प्रख्यात कुचिपुड़ी आचार्य और पद्म भूषण सम्मानित डॉ. राजा रेड्डी, डॉ. राधा रेड्डी और डॉ. कौशल्या रेड्डी उपस्थित रहे। उनके साथ जिंदल फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल तथा जेजीयू के कुलाधिपति नवीन जिंदल भी समारोह में शामिल हुए।

### एनपीसीआई दे रहा है वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुरक्षित डिजिटल भुगतान को बढ़ावा

**भोपाल।** डिजिटल भुगतान ने वरिष्ठ नागरिकों के दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। इससे किराना, दवाइयों या यात्रा बुकिंग जैसे कार्यों के लिए भुगतान करना आसान हो गया है। यह उन्हें आत्मनिर्भर बनाता है, क्योंकि वे छोटी-छोटी दैनिक आवश्यकताओं के लिए परिवार के सदस्यों पर निर्भर हुए बिना स्वयं भुगतान कर सकते हैं। साथ ही, यह अधिक सुरक्षा और नियंत्रण भी प्रदान करता है, क्योंकि नकद रखने की आवश्यकता कम होती है, चोरी या गुम होने का जोखिम घटता है और हर भुगतान का रिकॉर्ड लेन-देन इतिहास में सुरक्षित रहता है। जैसे-जैसे डिजिटल भुगतान का उपयोग बढ़ रहा है, ठग भी सोशल इंजीनियरिंग के माध्यम से लोगों को धोखा देने के प्रयास बढ़ा रहे हैं।

### आईडीबीआई बैंक ने शुरू की 'आरोग्य फिक्स्ड डिपॉजिट' स्कीम

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक ने 'आरोग्य फिक्स्ड डिपॉजिट' स्कीम शुरू की। यह एक अद्वितीय फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम है, जिसमें हेल्थ इंश्योरेंस कवरेज के साथ एश्योर्ड रिटर्न भी मिलता है। इससे ग्राहकों के कल्याण और वित्तीय सुरक्षा के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। आरोग्य फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम में ग्राहक 7.50 लाख की निश्चित राशि 370 दिनों के लिए जमा कर सकते हैं, जिसमें उन्हें फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज के साथ 15 लाख रुपए तक का हेल्थ इंश्योरेंस कवरेज भी मिलेगा। हेल्थ इंश्योरेंस कवर इस प्रोडक्ट के लिए बैंक के इंश्योरेंस पार्टनर केयर हेल्थ इंश्योरेंस द्वारा दिया जाएगा। यह स्कीम उन रेजिडेंट व्यक्तिगत ग्राहकों के लिए पेश की गई है, जिनकी उम्र 18 साल से लेकर 58 साल 11 महीने के बीच है। आईडीबीआई बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर सुमित फक्का ने कहाकि आरोग्य फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम आईडीबीआई बैंक का ग्राहकों पर लगातार केंद्रित इनोवेशन प्रदर्शित करती है। हम एश्योर्ड रिटर्न के साथ हेल्थ इंश्योरेंस कवर देकर एक ऐसा व्यवहारिक समाधान पेश कर रहे हैं, जो ग्राहकों को वित्तीय स्थिरता के साथ हेल्थ सिक्योरिटी भी प्रदान करता है।

**SECRETARY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI GANJBASODA, DISTT.- VIDISHA**

N.I.T. No./e-tendering/mandi/2025-26/2121 Ganjbasoda, Dt. : 16.02.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for Work **No. 01 Repair work of Boundry wall Near Gate No. 2 At New mandi yard Ganjbasoda, Distt. Vidisha (M.P.) Tender Number: 2026_MPSAM_482886_1 (PAC amount Rs. 1.59 Lac.), Work no. 02 Annual Repair and maintenance work for existing structures at At New mandi yard Gan basoda, Distt. Vidisha (M.P.) (IInd Call) Tender Number : 2026_MPSAM_482887_1 (PAC amount Rs. 16.53Lac.) The following work Tender to be received Online up to 5.30 PM on Dated 12.03.2026** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **http://mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/124498/2026 **SECRETARY**

## चिंतन

# भारतीय वायुसेना को नई मजबूती देगी राफेल डील

भारत और फ्रांस के बीच प्रस्तावित 114 राफेल लड़ाकू विमानों की डील केवल एक रक्षा खरीद नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की सामरिक सोच का संकेत है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा के दौरान जिस 3.60 लाख करोड़ रुपये के संभावित समझौते पर चर्चा हो रही है, वह भारतीय वायुसेना की क्षमताओं में गुणात्मक बढ़ोतरी कर सकता है। दो मोर्चों चीन और पाकिस्तान की चुनौती के बीच यह सौदा रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वर्तमान में भारतीय वायुसेना के पास करीब 29 स्क्वाड्रन ऑपरेशनल हैं, जबकि आधिकारिक मंजूरी 42.5 स्क्वाड्रन की है। यानी लगभग 13 स्क्वाड्रन की कमी पहले से ही चिंता का विषय है। आने वाले दशक में जगुआर, मिग-29 और मिराज-2000 जैसे विमानों के चरणबद्ध सेवानिवृत्त होने से यह अंतर और बढ़ सकता है। ऐसे में नई पीढ़ी के अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों की तत्काल आवश्यकता स्पष्ट है। राफेल पहले ही अपनी उपयोगिता सिद्ध कर चुका है। हालिया अभियानों में इसकी लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल क्षमता, अत्याधुनिक रडार और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम ने वायुसेना को सामरिक बढ़त दिलाई है। वर्तमान में भारत के पास एफ-3 मानक के राफेल हैं, जो 4.5 जेनरेशन के लड़ाकू विमान माने जाते हैं। प्रस्तावित डील के तहत एफ-4 और बाद में एफ-5 श्रेणी के 'सुपर राफेल' मिलने की संभावना है। यूरोपीय मानकों के अनुसार एफ-5 को छठी पीढ़ी के जेट की श्रेणी में रखा जा रहा है। यदि यह समयसीमा के अनुसार 2030 के बाद मिलते हैं, तो भारत फ्रांस के बाद इन अत्याधुनिक विमानों का प्रमुख ऑपरेटर बन सकता है। इस डील का एक और महत्वपूर्ण पहलू 'मेक इन इंडिया' है। कुल 114 विमानों में से 18 सीधे उड़ान-योग्य अवस्था में मिलेंगे, जबकि 96 का निर्माण भारत में होगा। इनमें लगभग 60 प्रतिशत कलपुर्जों का स्वदेशीकरण प्रस्तावित है। इससे भारतीय एयरोस्पेस उद्योग को नई गति मिलेगी, निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी और हजारों रोजगार सृजित होंगे। रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में यह एक निर्णायक कदम साबित हो सकता है। हालांकि, कुछ सवाल भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। चीन पहले ही छठी पीढ़ी के विमानों के विकास में आगे बढ़ चुका है। ऐसे में भारत को केवल प्लेटफॉर्म खरीदने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास पर भी समान बल देना होगा। क्या 42.5 स्क्वाड्रन का लक्ष्य अगले दशक में पूरा हो पाएगा? क्या समय पर आपूर्ति और लागत नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सकेगा? ये वे प्रश्न हैं जिन पर सरकार और रक्षा प्रतिष्ठान को पारदर्शिता के साथ काम करना होगा। भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी रक्षा सहयोग से कहीं व्यापक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच वार्ता केवल विमानों की खरीद तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उभरती प्रौद्योगिकियों, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक भू-राजनीति पर भी केंद्रित होगी। कुल मिलाकर 114 राफेल की संभावित डील वायुसेना के लिए 'ऑक्सीजन' साबित हो सकती है, लेकिन इसे दीर्घकालिक सामरिक दृष्टि से जोड़ना आवश्यक है। मजबूत वायुशक्ति केवल युद्ध की तैयारी नहीं, बल्कि शांति और संतुलन की गारंटी भी होती है।



मुद्दा
रोहित माहेश्वरी

# अब एआई कंटेंट की होगी बेहतर निगरानी

> 20 फरवरी से लागू होने जा रहे इन नियमों के तहत अब एआई से तैयार किए गए फोटो और वीडियो पर लेबल लगाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही फेक कंटेंट को हटाने की समय सीमा 36 घंटे से घटाकर तीन घंटे कर दी गई है। अब साइबर अपराधी कंपनियों की तरह संगठित ढांचे में काम कर रहे हैं। इनके पास भर्ती करने वाली टीम, वेतन और प्रमोशन देखने वाले लोग और यहां तक कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट यूनिट भी होती है। एआई ने साइबर अपराध को पहले से कहीं ज्यादा संगठित तेज और खतरनाक बना दिया है। वैसे भी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की संख्या और कंटेंट की मात्रा इतनी अधिक है कि केवल नियमों के सहारे नियंत्रण करना आसान नहीं होगा। इसके लिए तकनीकी निगरानी तंत्र को मजबूत, प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही तय करना और उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करना आवश्यक है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने जहां दुनिया को तेज और स्मार्ट बनाया है, वहीं इसके दुरुपयोग ने भी गंभीर चिंता पैदा कर रखी है। डीपफेक वीडियो, फर्जी तस्वीरें और एआई जनित भ्रामक सामग्री न केवल लोगों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रही हैं, बल्कि साइबर ठगी और सामाजिक भ्रम का कारण भी बन रही हैं। इन खतरों के मद्देनजर केंद्र सरकार की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में किए गए हालिया संशोधन को डिजिटल दुनिया में बढ़ती चुनौतियों के बीच एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा सकता है। आगामी 20 फरवरी से लागू होने जा रहे इन नियमों के तहत अब एआई से तैयार किए गए फोटो और वीडियो पर लेबल लगाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही फेक कंटेंट को हटाने की समय सीमा 36 घंटे से घटाकर तीन घंटे कर दी गई है। नए प्रावधानों के तहत एआई कंटेंट में स्थायी मेटाडेटा और डिजिटल पहचान चिह्न जोड़ने की अनिवार्यता भी तय की गई है, ताकि ऐसे कंटेंट की पहचान आसानी से की जा सके। यह बदलाव डिजिटल पारदर्शिता और नागरिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारतीय कंपनियों के लिए साइबर सुरक्षा अब सबसे बड़ी चुनौती है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल, जैसे कि चैटजीपीटी की मदद से नकली आधार और पैन कार्ड बनाए जा सकते हैं। इस रिपोर्ट ने एआई के संभावित दुरुपयोग की क्षमता के बारे में नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। एक नए सर्वे में 51 फीसदी बिजनेस लीडर्स ने इसे प्राथमिक जोखिम माना। 'फिक्की-ईवाय रिस्क सर्वे 2026' की रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। इसमें डिजिटल युग के बढ़ते खतरों पर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तकनीकी जोखिम अब सीधे कंपनी के कामकाज से जुड़ गए हैं। सर्वे के अनुसार, 61 फीसदी लोग साइबर हमलों से डरे हुए हैं। डेटा चोरी और धोखाधड़ी को 57 फीसदी ने बड़ा जोखिम माना। लगभग 47 फीसदी कंपनियां इन आधुनिक खतरों से निपटने में नाकाम हैं। साइबर हमलों से कंपनियों की प्रतिष्ठा और वित्त पर असर पड़ता है। डिजिटल बदलाव कंपनियों की प्रतिस्पर्धी स्थिति को प्रभावित कर रहे हैं। यह सर्वे 137 सीईओ और सीनियर डिसीजन-मेकर्स पर आधारित है। इसमें 21 फीसदी प्रतिभागी टेक्नोलॉजी सेक्टर से थे। प्रोफेशनल सर्विसेज दूसरे नंबर पर। साइबर अटैक अब सिर्फ आईटी मुद्दा नहीं। यह ऑपरेशनल कंटिन्यूटी से जुड़ा है। 61 फीसदी लीडर्स मानते हैं कि साइबर हमले वित्तीय और रेपुटेशनल खतरा हैं। तेज टेक्नोलॉजिकल बदलावों को 61 फीसदी कंपनियां प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करने वाला मान रहे हैं। सर्वे के अनुसार, आज के दौर में एआई एक 'दोधारी तलवार' बन गया है। करीब 60 फीसदी विशेषज्ञों का मानना है कि तकनीकी पिछड़ापन घातक है। सही समय पर नई तकनीक न अपनाना नुकसानदेह हो सकता है। वहीं, 54 फीसदी लोग एआई के एथिकल और गवर्नेंस संबंधी जोखिमों से चिंतित हैं। इन जोखिमों का प्रबंधन अभी भी प्रभावी ढंग से नहीं हो रहा है। ग्लोबल साइबरपीस समिट 2026 में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के अनुसार 2024–2025 के दौरान दर्ज साइबर हमलों में एआई और ऑटोमेशन का व्यापक इस्तेमाल देखने को मिला है। अब साइबर अपराधी किसी छोटे गैंग की तरह नहीं, बल्कि कंपनियों की तरह संगठित ढांचे में काम कर रहे हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका, मध्य-पूर्व और भारत के कुछ हिस्सों से संचालित ये नेटवर्क अलग-अलग विभागों में बंटे हुए हैं। इन गिरोहों के पास भर्ती करने वाली टीम, वेतन और




प्रमोशन देखने वाले लोग और यहां तक कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट यूनिट भी होती है। ये टीमें टेक्नोलॉजी की कमियों और इंसानी व्यवहार की कमजोरियों को खोजकर उनका फायदा उठाती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में साइबर अपराध से दुनिया को लगभग 10.8 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान होने का अनुमान था, जो इस साल करीब 12 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। कई अंतरराष्ट्रीय थिंक टैंकों का दावा है कि अब लगभग 80 प्रतिशत साइबर हमलों में किसी न किसी रूप में एआई की भूमिका है। एआई का इस्तेमाल अब डीपफेक तकनीक में भी हो रहा है। डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों में अपराधी किसी प्रसिद्ध पुलिस अधिकारी का चेहरा और आवाज नकली तरीके से दिखाकर पीड़ित को डराते हैं, जिससे वह खुद को असली अधिकारी से बात करते हुए समझता है। साइबर अपराध में अब ट्रिपल एक्सटॉर्शन मॉडल भी सामने आया है। इसमें पहले रैनसमवेयर से डेटा लॉक किया जाता है फिर उसे लीक करने की धमकी देकर पैसे वसूले जाते हैं। इसके अलावा क्राइम-एस-ए-सर्विस का ट्रेंड भी तेजी से बढ़ रहा है। इसमें संगठित गिरोह उन लोगों को भी अपराध की सुविधा देते हैं जिनके पास तकनीकी जानकारी नहीं होती। यानी पैसे दो और तैयार साइबर क्राइम सेवा लो। इस तरह के मामलों में कई वरिष्ठ सरकारी अधिकारी तक ठगी का शिकार हो चुके हैं। साफ है कि एआई ने साइबर अपराध को पहले से कहीं ज्यादा संगठित तेज और खतरनाक बना दिया है। वर्तमान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल के तो कई तरीके मौजूद हैं, लेकिन इन्हें किस हद तक इस्तेमाल में लाया जाना चाहिए, इसके लिए नियम-कानूनों का अभाव है। हमारा देश और दुनिया भी एआई के बढ़ते कदमों और उसके प्रभावों को लेकर गंभीर है। इसी क्रम में दिल्ली के भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का आगाज हो रहा है। 20 फरवरी तक चलने वाले इस महाकुंभ में दुनिया की 300 से ज्यादा कंपनियां भविष्य की तकनीक दिखाएंगी। खेती से लेकर सेहत तक, एआई आपकी जिंदगी को कैसे आसान बनाएगा, इसकी पूरी झलक यहां देखने को मिलेगी। आईटी के नए नियमों का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि अब एआई से बने कंटेंट को छिपाना आसान नहीं रहेगा। लेबलिंग व डिजिटल पहचान चिह्न से आम व्यक्ति यह समझ सकेगा कि उसके सामने मौजूद सामग्री वास्तविक है या तकनीक से तैयार की गई है। इससे सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और भ्रामक अभियानों पर भी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। चुनाव, सामाजिक मुद्दों और संवेदनशील घटनाओं के दौरान यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को भी सुरक्षित रखने में सहायक होगी, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए। इन तमाम बातों के बीच सवाल यह भी है कि सिर्फ नियम-कायदे बनाना ही काफी नहीं, बल्कि इन्हें सख्ती से लागू करना भी जरूरी है। वैसे भी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की संख्या और कंटेंट की मात्रा इतनी अधिक है कि केवल नियमों के सहारे नियंत्रण करना आसान नहीं होगा। इसके लिए तकनीकी निगरानी तंत्र को मजबूत करना, प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही तय करना और उल्लंघन की स्थिति में त्वरित दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करना आवश्यक है। क्योंकि यदि नियमों का पालन ढीला रहा, तो इनका उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। इसके साथ ही नागरिकों में डिजिटल साक्षरता बढ़ाना भी उतना ही जरूरी है। लोगों को यह समझना होगा कि हर वायरल वीडियो या तस्वीर सत्य नहीं होती। जागरूक उपयोगकर्ता ही फेक कंटेंट की श्रृंखला को तोड़ सकता है। सरकार, सोशल मीडिया कंपनियों और शैक्षणिक संस्थानों को मिलकर इस दिशा में काम करना होगा। भ्रमजाल फैलने से रोकने के लिए सरकार और समाज दोनों के साझा प्रयासों की दरकार है। साझे प्रयासों से ही एआई का सकारात्मक लाभ हम उठा सकते हैं। वरना हमारी सुविधा के लिए बनी तकनीक हमारे लिए बड़ा सिरदर्द बन सकती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



मसानी अम्मन मंदिर मसानी देवी को समर्पित एक मंदिर है, जिन्हें शक्ति देवी के नाम से भी जाना जाता है। यह कोयंबटूर जिले के अन्नामलाई के पंचायत शहर में स्थित है, इसे अरुलमिगु मसानी अम्मन मंदिर या अन्नामलाई मसानी अम्मान मंदिर भी कहा जाता है। मंदिर बेहद ही आध्यात्मिक है, जिस वजह से लोग यहां खिचे चले आते हैं।

सरोकार
योगेंद्र माथुर




# शादी ब्याह में आर्थिक संपन्नता के प्रदर्शन की होड़, अन्न का अपमान

विगत दिनों जब शादी-ब्याह का सिलसिला पुनः चालू हुआ तो मुझे भी एक के बाद एक कई शादियों में शामिल होने का सुअवसर प्राप्त हुआ। शादी-ब्याह की इस धूमधाम में जाहिर है हमेशा की तरह ही ऐश्वर्य और विलासिता के भरपूर दर्शन हुए। 'तेरी कमीज मेरी कमीज से सफेद कैसे?'की तर्ज पर होने वाली होड़ में आयोजक अपनी क्षमता से अधिक पैसा खर्च करते नजर आए। परिणय स्थल यथा- गार्डन, धर्मशाला, लॉज-होटल की चमक बढ़ाने की गरज से टेंट व विद्युत साज-सज्जा पर पैसा पानी की तरह बहता दिखाई दिया। समारोह पांडाल की साज-सज्जा तो ठीक भोजन को भी अपनी सामर्थ्य के प्रदर्शन का माध्यम बना लिया गया हो, ऐसा लगा। भोजन में कुछ नया या नई वैरायटी परोसने की होड़ में निर्मित व्यंजनों का आंकड़ा 56 के भी पार जाता नजर आया। सभी व्यंजनों के नाम तो शायद आयोजक को भी मालूम नहीं होंगे। अब भला खाने वाले 4-5 व्यंजनों से अधिक का स्वाद चख पाएं, न चख पाएं या फिर प्लेट में छोड़ते नजर आएं, आयोजक की आर्थिक संपन्नता का प्रदर्शन तो हो ही गया।

कहने या बताने की आवश्यकता नहीं कि ऐसे शादी समारोह में धन के साथ अन्न का भी अपव्यय होना तय है। आप सोचिए, क्या कोई मेहमान चाहकर भी भोजन के अपव्यय को रोक पाएगा? समझदारी दिखाकर वह इतने अधिक पकवानों में से कुछ का स्वाद न भी चखे अथवा प्रत्येक पकवान का एक या आधा टुकड़ा ले तो भी कुछ मात्रा में ही सही भोजन का अपव्यय निश्चित है। हालांकि सभी मेहमानों से इतनी समझदारी की उम्मीद लगाना भी बेमानी ही होगा। हमारे देश में जब से 'बुफे' संस्कृति का विस्तार हुआ है, भोजन का अपव्यय भी बढ़ा है। इसमें बुफे संस्कृति की बुराई जैसी कोई बात नहीं है। कमी हममें ही है क्योंकि इसके सही तौर-तरीकों के पालन के संस्कार हमारे यहां नहीं पनप पाए हैं। प्रायः शादी समारोह में यही देखने में आता है कि लोग प्लेट में खाना लेते समय, बाद में मिलेगा या बचेगा कि नहीं की सोच के चलते अपनी प्लेट में एक साथ अधिकाधिक खाद्य सामग्री रख तो लेते हैं किंतु बाद में अधिकांश लोग 'जूठन' के रूप में छोड़ देते हैं। ऐसी स्थिति में 56 या अधिक पकवान बन जाएं तो भोजन की बर्बादी को कौन रोक सकता है? हमारी संस्कृति में अन्न के एक-एक दाने का महत्व बताया गया है और अन्न को देवतुल्य माना गया है। ऐसी स्थिति में शादी समारोह में भोजन का 'जूठन' के रूप में फिकना क्या अन्न का तिरस्कार या देवता का अपमान नहीं है? जिस देश में बच्चे भुखमरी व कुपोषण का शिकार बन कर असमय दम तोड़ रहे हों, उस देश में अन्न को अपनी सम्पन्नता के प्रदर्शन का माध्यम बनाना कहां तक उचित है? वैवाहिक आयोजनों के माध्यम से दूसरों की अपेक्षा अपने को कहीं अधिक बड़ा, समर्थ, सक्षम व सम्पन्न बताने की यह अंधी होड़ निश्चित ही बेहद खतरनाक है। उधार का घी पीकर अपनी सम्पन्नता दर्शाने की प्रवृत्ति तो निश्चित ही व्यक्ति, परिवार व समाज को पतन की ओर ले जाने वाली है। वर्तमान चार दिन की चकाचौंध भविष्य को गहरे अंधकार में धकेलने वाली है। अंधानुकरण की इस होड़ से हमें समाज को बचाना होगा और यह हम तभी कर पाएंगे या समाज को कोई संदेश दे पाएंगे, जब हम अपने से ही इसकी शुरुआत करेंगे। बेहतर होगा कि हम हमारे घर-परिवार में होने वाले वैवाहिक आयोजन सादगीपूर्ण व गरिमा के साथ आयोजित करें और विवाह समारोह की चकाचौंध पर होने वाले खर्च से 'परिणय-सूत्र' में आबद्ध हो रहे जोड़े के भविष्य को रोशन करें।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# आनंद आपके भीतर है, बाहर खोजने की जरूरत नहीं



संकलित
दर्शन

कल्पना क्या है और सच्चाई क्या है! इसे समझने के लिए आपकी जड़ का मजबूत होना जरूरी है। सारी कल्पनाएं आपके अंदर हैं। यह कल्पना नहीं है, यह सच है। कल्पना में डूबना बड़ा आसान है, सच्चाई को जानना बहुत मुश्किल है। जिसको आप खोज रहे हैं, वह आपके अंदर है। उसे जानिए, पहचानिए, उसके साथ थोड़ा समय बिताइए, क्योंकि उसमें सबकुछ है। जो आपके भीतर है, वह है शांति। किसी चीज का न होना शांति नहीं है। किसी चीज का होना शांति है। जब मनुष्य खुद को जानेगा, खुद को समझेगा, तब उसके जीवन में शांति होगी। जैसे भोजन खा लेने पर भूख खत्म होती है, उसी प्रकार खुद को जान लेने पर तृष्णा मिट जाती है। शांति मिल जाती है। सोचें कि यह शरीर आपको क्यों मिला है? जिन तत्त्वों से शरीर बना है, वे सारे तत्त्व वहीं वापस चले जाएंगे जहां से ये आये थे। जिस तरह पानी, पानी में मिल जाता है। सारी चीजें प्रकृति में घुल जाएंगी। क्या समझते हैं आप कि जब बच्चा पैदा होता है तो इस धरती का वजन बढ़ता है! या जब कोई मर जाता है तो इस धरती का वजन कम होता है! वजन न तो बढ़ता है न कम होता है। क्योंकि जिन चीजों से आप बने हुए हैं वे तो अभी यही हैं। परंतु क्या आपने उस चीज को जाना, समझा जो आपके शरीर के अंदर है? इसे जान गए, पहचान गए, फिर आनंद ही आनंद है। आपका नाम आपके शरीर का नाम है। नाम कमाने से क्या होगा। नाम नहीं, ज्ञान कमाइये। आनंद कमाइए। ये आप अपने साथ ले जा सकते हैं। जहां जाएंगे, वहां ले जा सकते हैं।

# रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर



संकलित
प्रेरणा

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

## सटाका




## आज की पाती

### स्वतंत्रता का अनुचित प्रयोग

कुछ कथित उच्च शिक्षित, जाहिल, गंवार लोग जब सार्वजनिक रूप से (विशेषकर सोशल मीडिया पर) सड़कछाप व्यवहार करने लगते हैं तो ऐसे मूर्ख लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता उसी क्षण खत्म हो जाती है। कला और विचार प्रकट करने की आजादी के नाम पर किसी को भी देश, समाज में अश्लीलता फैलाने के उपद्रव को दुनिया का कोई भी सभ्य-सुसंस्कृत संविधान कभी कोई स्वतन्त्रता प्रदान नहीं करता। ऐसे सर्वथा अवांछित, अप्रिय, समाज विरोधी कार्य करने वालों का प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन करने वाले सभी आधुनिक मनोरोगी भी उतने ही बड़े अपराधी माने जाने चाहिए। सिर्फ मजाक के नाम पर ही नहीं, कई बार गंभीर मुद्रा में प्रदर्शन करते हुए भी कुछ पॉडकास्ट पर दुर्जन लोग गंदी, अश्लील, अभद्र, अशोभनीय बातें करते हैं। आजादी का अनुचित लाभ नहीं उठाना चाहिए।

*– संदीप सरकार, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# महिला की गरिमा को ठेस एनआरआई को मिली जेल


सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उसके खिलाफ आपराधिक बल प्रयोग करने के जुर्म में पांच महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' अखबार में सोमवार को प्रकाशित खबर में यह जानकारी दी गई। खबर के मुताबिक, शुक्रवार को सजा के एलान के दौरान अदालत ने कहा कि 42 वर्षीय ओम कुमार राय ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। खबर में कहा गया है कि अदालती दस्तावेज से पीड़िता का नाम और घटनास्थल का विवरण हटा दिया गया है। इसमें बताया गया है कि राय 22 वर्षीय पीड़िता के पिता का सहकर्मी है और वह 17 जून 2025 को तड़के पीड़िता से मिलने पहुंचा था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, राय पीड़िता को बातचीत के बहाने एक सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ छेड़खानी की। अभियोजन पक्ष ने बताया कि पीड़िता राय को धक्का देकर उसके चंगुल से भागने में सफल रही और अपने माता-पिता को घटना से अवगत कराया, जिसके बाद उन्होंने उसी दिन सुबह नौ बजे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अभियोजकों ने राय को पांच से छह महीने की जेल की सजा देने का अनुरोध किया था।



## ऑफ बीट

# नियमित व्यायाम डिमेंशिया से बचाव में है कारगर

जैसे-जैसे डिमेंशिया के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ रही है, वैसे-वैसे रोकथाम के उपाय जानने की दिलचस्पी में भी इजाफा हो रहा है। मीडिया में आई खबरों में नियमित व्यायाम, स्वस्थ खानपान, दिमागी कसरत और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी को डिमेंशिया के जोखिम में कमी लाने के लिए कारगर बताया गया है। डिमेंशिया तंत्रिका-तंत्र से जुड़ा एक विकार है, जिसमें याददाश्त, सोचने-समझने एवं फैसले लेने की शक्ति और रोजमर्रा के काम करने की क्षमता प्रभावित होती है। अल्जाइमर (मस्तिष्क के अंदर और उसके आसपास की कोशिकाओं में एमिलॉयड नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) को डिमेंशिया का सबसे आम स्वरूप माना जाता है। इसके अलावा, बड़े पैमाने पर 'वैस्कुलर डिमेंशिया' (मस्तिष्क में खून का प्रवाह धीमा पड़ने के कारण होने वाला डिमेंशिया) और 'लेवी बॉडी डिमेंशिया' (मस्तिष्क में 'लेवी बॉडी' नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) के मामले भी सामने आते हैं। डिमेंशिया में तंत्रिका-तंत्र की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे उनमें संचार की प्रक्रिया प्रभावित होती है और व्यक्ति को भ्रम, भूलने की बीमारी और व्यवहार में बदलाव की शिकायत सता सकती है।



## ट्रेंड

### देश तेजी से प्रगति कर रहा



यह हमारे लिए गर्व की बात है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के लिए दुनियाभर से लोग भारत आ रहे हैं। इससे हमारे युवाओं के सामर्थ्य का भी पता चलता है। यह अवसर इस बात का भी प्रमाण है कि हमारा देश विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### दिल्ली की सुरक्षा होगी सुदृढ़



दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को और भी अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में आज दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस समारोह में 857 करोड़ की लागत से निर्मित 'सेफ सिटी प्रोजेक्ट' का लोकार्पण किया। साथ ही, 368 करोड़ की लागत से स्पेशल सेल के इंटीग्रेटेड हेडक्वार्टर का ई-शिलान्यास किया। **-अमित शाह,** गृहमंत्री

### शंकर से प्रेरणा लेती है सेना



सैनिकों के अंदर की भावना हमारी संस्कृति से, भगवान शिव की प्रेरणा से आती है। डर से समाज लंबे समय तक सुरक्षित नहीं हो सकता। एक निडर समाज ही मजबूत राष्ट्र बना सकता है। निडरता आध्यात्मिकता से आती है। **-राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

### गिग वर्कर को मिले सुरक्षा



'कुछ दिन पहले जनसंसद में गिग वर्कर्स के प्रतिनिधिमंडल से मुलाक़ात हुई। बातचीत से साफ़हुआ कि गिग अर्थव्यवस्था के फायदे मज़दूरों तक पहुंचाने के लिए मज़बूत और ज़िम्मेदार सरकारी कार्रवाई ज़रूरी है। महिला गिग वर्कर दोहरे शोषण का शिकार हैं, आर्थिक असुरक्षा के साथ-साथ सम्मान और सुरक्षा का अभाव। **-राहुल गांधी,** कांग्रेस सांसद

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**

पर भेज सकते हैं।


साइबर अपराधियों ने निगम के सहायक यंत्री विजय गोयल को मैसेज कर ठगी करने का किया प्रयास

# सोशल मीडिया पर फिर बनाया भोपाल नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन का फर्जी अकाउंट, जारी की एडवाइजरी, कहा- मुझे अवगत कराएं

**नवंबर-2025 में भी सोशल मीडिया पर निगम आयुक्त के नाम से फर्जी अकाउंट के माध्यम से मांगे थे पैसे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निगम आयुक्त संस्कृति जैन का फोटो डीपी पर लगाकर उनके नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी एकाउंट बनाकर साइबर ठगी का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर निगम आयुक्त के फर्जी अकाउंट से सहायक यंत्री विजय गोयल को मैसेज भेजे गए, जिसे तत्काल गोयल ने उक्त फर्जी अकाउंट ब्लॉक किया और इसकी सूचना निगम आयुक्त को दी। निगम आयुक्त के संज्ञान में मामला आने के बाद उन्होंने तुरंत एडवाईजरी करते हुए कहा कि यदि कोई मेरे नाम से फर्जी एकाउंट बनाकर और मेरी फोटोयुक्त डीपी लगाकर पैसे की मांग करता है, तो उसे इग्नोर करें और तत्काल मुझे अवगत भी कराएं। इसके




पूर्व भी सोशल मीडिया पर नवंबर-2025 में फर्जी अकाउंट बनाकर राशि मांगने की घटना हो चुकी है। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के नाम से सोमवार को किसी अज्ञात व्यक्ति ने 84 56 8481763 नंबर पर निगम आयुक्त की फोटो लगाकर फर्जी एकाउंट बनाया और सहायक यंत्री विजय गोयल को 3 मैसेज किए।

मैसेज देखकर गोयल को शक हुआ और उन्होंने तत्काल उक्त फर्जी अकाउंट को ब्लॉक करते हुए निगम आयुक्त को अवगत कराया। निगम आयुक्त ने बताया कि यदि कोई मेरे नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर और मेरी फोटोयुक्त डीपी लगाकर पैसे की मांग करता है तो उसे इग्नोर करें और तत्काल मुझे अवगत भी कराएं।

### तीन माह पहले भी ठगी की हुई थी कोशिश


नवंबर माह में किसी ने एक मोबाइल नंबर पर निगम आयुक्त का फोटो लगाकर फर्जी अकाउंट बनाया था और स्वयं के मीटिंग में होने एवं बैंक अकाउंट में ऑनलाइन ट्रांसफर में कुछ समस्या आने का हवाला देते हुए 50 हजार रुपए की राशि एचडीएफसी बैंक में रिया इकरोया नाम के व्यक्ति के अकाउंट में ट्रांसफर करने को कहा था। सोशल मीडिया पर उक्त व्यक्ति ने एचडीएफसी बैंक की रोईंग शाखा का अकाउंट नंबर-50100553727629 एवं आईएफएससी कोड एचडीएफसी 0002245 भी दिया था। उस दौरान भी निगम आयुक्त ने तत्काल एडवाईजरी जारी कर दी थी।

## निगम के वाहन से पेट्रोल चोरी करते लोगों का वीडियो वायरल




नगर निगम में लगे एक चार पहिया वाहन से पेट्रोल चोरी करने घटनाएं लगातार सामने आ रही है। ऐसा ही एक मामला विगत दिनों सामने आया। नगर निगम के वाहन से पेट्रोल चोरी करना का एक वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। यह वीडियो एमपी नगर क्षेत्र में किसी वाइन शॉप के आसपास का बताया जा रहा है। वीडियों में कुछ लोग वाहन के पीछे टैंक की तरफ खड़े होकर पेट्रोल निकालते नजर आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### प्राण-प्रतिष्ठा समारोह भागवत कथा 22 से

**औबेदुल्लागंज।** खेड़ापति माता मंदिर हिरानिया में 22 से 28 फरवरी तक नव देवी हनुमंत लाल शिव परिवार का प्राण प्रतिष्ठा समारोह और शिव शक्ति लघुरुद्र यज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए डॉक्टर माखन नागर, जेपी मिश्रा, रामेश्वर नागर, आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा प्रवक्ता पंडित राजेंद्र प्रसाद शास्त्री, यज्ञाचार्य पंडित आशीष व्यास, पंडित रामबाबू दुबे, पुजारी खेड़ापति मंदिर एवं ब्रह्मलीन गुरुजी रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर चल रही है। इसके साथ ही लोगों को घर-घर और दुकान-दुकान जाकर आमंत्रण दिया जा रहा है।

### पटवा को दी शादी की सालगिरह की बधाई



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा उनकी पत्नी मोना पटवा को शादी की सालगिरह पर भोजपुर मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी ने बधाई दी। इस अवसर पर पंकज कोठारी ने कहा कि उनका जीवन सुखमय हो एवं भगवान भोले बाबा उनको दीर्घायु प्रदान करें।

### पूज्य सिंधी समाज की नवीन कार्यकारिणी गठित

**औबेदुल्लागंज।** पूज्य सिंधी समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। समाज द्वारा कमलेश मेघानी को फिर मीडिया प्रचार-प्रसार प्रभारी नियुक्त किया गया है। समिति में अध्यक्ष के रूप में रमेश वासवानी, उपाध्यक्ष भुरामल आडवाणी, सचिव रतन मेघानी, कोषाध्यक्ष साजन वासवानी को बनाया है। कमलेश मेघानी ने समाज के वरिष्ठजनों एवं मुख्य युवा कार्यकारी समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज सेवा में सदैव समर्पित रहेंगे और अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएंगे।



### खेड़ापति माता मंदिर में पर्ण कुटी पूजन आज

**औबेदुल्लागंज।** हिरानिया स्थित पुरातन श्री खेड़ापति माता मंदिर में मंगलवार को प्राचीन प्रतिमाओं का पर्ण कुटी पूजन एवं हवन विधान आयोजित किया जाएगा। समिति के वरिष्ठ रामेश्वर नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। औबेदुल्लागंज सहित आसपास के सभी नगरवासियों से कार्यक्रम में सम्मिलित होकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 8305 | | |
| दिनः | 270 | 94 | 789 |
| रातः | 229 | 33 | 238 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 457 | 62 | 138 |
| रातः | 117 | 91 | 245 |

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित संजय नगर जाटखेड़ी में हुई वारदात

# मामूली कहासुनी के बाद भांजे के सामने मामा के सीने में चाकू घोंपकर की हत्या

मृतक गुटखा खरीदने किराना दुकान गया था, वहां पर बदमाश ने कहा, तू महाराष्ट्र से यहां क्या करने आया... इसी बात पर दोनों के बीच हुआ विवाद, फिर बदमाश ने चाकू से युवक पर हमला कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित संजय नगर जाटखेड़ी में रविवार शाम भांजे के साथ गुटखा खरीदने गए मामा की बदमाश ने चाकू गोदकर हत्या कर दी। दरअसल, मृतक गुटखा खरीद रहा था, तभी दुकान के पास बैठे बदमाश ने उसे कह दिया कि तू महाराष्ट्र से यहां क्या करने आया है। इसी बात पर मामूली कहासुनी हुई फिर हाथपाई पर बात आ गई। आरोपी ने मृतक को थप्पड़ जड़ दिया था। मृतक ने विरोध में थप्पड़ मारा तो आरोपी ने उसके सीने में चकू घोंप दिया। भांजा उसे लेकर एम्स पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने भांजे की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।

पुलिस के अनुसार पवन गवई (26) मूलतः महाराष्ट्र का था। उसकी बहन मिसरोद स्थित संजय नगर, जाटखेड़ी में रहती है। वह अक्सर अपनी बहन के घर आता था। करीब दो दिन पहले ही वह बहन के घर आया था। रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे पवन अपने 16 साल के भांजे निखिल आरोले के साथ मोहल्ले की एक दुकान पर गुटखा खरीदने पहुंचा। दुकान के पास बल्लू रिछारिया नामक युवक मिला। उसने पवन से कहा कि तू महाराष्ट्र से यहां क्यों आता रहता है। इस पर पवन ने बताया कि वह अपनी बहन के घर आया है, इससे तुझे क्या परेशानी है। इस पर बल्लू ने उसे एक थप्पड़ मार दिया। थप्पड़ का जवाब पवन ने थप्पड़ से दिया था। गुस्से में बल्लू ने जेब से चाकू निकाला और पवन के सीने में घोंप दिया। चाकू सीने में बांई ओर लगा था, जिससे महज दो इंच का घाव लगा था, लेकिन चाकू हार्ट तक पहुंचने से पवन का हार्ट पंचर हो गया। वह मौके पर ही गिर गया था।

**पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया**



**चाकू हार्ट तक पहुंचने से पवन का हार्ट पंचर हो गया और जान जली गई**

### निखिल लेकर पहुंचा एम्स

सड़क पर गिरकर तड़प रहे पवन को भांजा निखिल एम्स लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करते ही पवन को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने निखिल की शिकायत पर आरोपी बल्लू रिछारिया के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

## प्रेम-प्रसंग में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

अयोध्या नगर थाना बाइपास पर रहने वाले बीस साल के युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन ने सोमवार तड़के उसका शव फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। सोमवार को शव का पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन की माने तो उसका प्रेमिका से मोबाइल पर विवाद हुआ था। इसी के चलते उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार राहुल खांबरा पिता राज खांबरा (20) अयोध्या बाइपास पर रहता था और प्राइवेट काम करता था। वह महज दसवीं तक पढ़ा था। परिजन ने बताया कि रविवार रात राहुल ने खाना खाया और अपने कमरे में सोने के लिए चला गया। सोमवार तड़के उसे फांसी के फंदे पर लटका देखा था। परिजन ने पुलिस को बताया कि राहुल का एक युवती से प्रेम-प्रसंग था। दोनों की शादी कराना चाहते थे। रविवार की रात को युवक का प्रेमिका से विवाद हुआ था। परिजन का कहना है कि मोबाइल पर हुए विवाद के कारण राहुल ने फांसी लगाई है।

## शिव बारात में पत्थरबाजी, डीजे ऑपरेटर का साथी घायल

**पुलिस की दलील, किसी ने रंजिश के चलते केवल युवक को मारा है पत्थर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दस नंबर मार्केट में शिव बरात पर पत्थरबाजी का मामला सामने आया है। हालांकि पुलिस की दलील है कि बल लगा हुआ था और पत्थरबाजी नहीं हुई है। डीजे ऑपरेटर के साथी को जरूर किसी ने पत्थर मारा है। पत्थर मारने का कारण उसकी आपसी रंजिश की बात सामने आई है। हबीबगंज पुलिस ने डीजे ऑपरेटर के साथी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी पर पत्थर मारने का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार शनिवार को 12 नंबर मल्टी से शिव बरात निकल रही थी। शिव बारात दस नंबर मार्केट पर पहुंची थी। युवक बारात में डांस कर रहे थे। फुलवारी के पास बारात पहुंचते ही रात करीब साढ़े 8 बजे के आसपास डीजे ऑपरेटर के साथी सोनू गिरी को सिर में पीछे की तरफ पत्थर आकर लगा। पत्थर लगने से उसे चोट आई है। पत्थर लगते ही गहमा गहमी का माहोल निर्मित हो गया। हालांकि पुलिस बल वहां मौजूद था। पुलिस ने स्थिति पर नियंत्रण कर लिया। थाना प्रभारी संजीव चौकसे का कहना है कि पत्थरबाजी नहीं हुई है। केवल एक ही पत्थर सोनू को सिर में पीछे की तरफ लगा है। पत्थर लगने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस वीडियो के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। इसके अलावा घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को

**भोपाल।** मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया कि धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, पांच किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। नेशनल लोक अदालत में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी जो आकलित सिविल दायित्व दस लाख तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी।

## अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद भोपाल इकाई ने किया स्टडी सर्कल का आयोजन

**विधिक संवाददाता, भोपाल।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की जिला इकाई भोपाल द्वारा जिला न्यायालय परिसर में स्टडी सर्किल का आयोजन प्रोफेशनल एथिक्स फॉर एडवोकेसी विषय पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के प्रशासनिक न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला थे। अपने उद्बोधन में न्यायमूर्ति शुक्ला ने कहा कि एक महान अधिवक्ता वह नहीं जो हर मामला जीत जाए, बल्कि वह है, जिसकी वजह से न्याय हारने न पाए।

उन्होंने विशेष रूप से युवा अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विधि की पढ़ाई पूरी कर न्यायालय में प्रवेश करने वाले नए अधिवक्ताओं के लिए किसी वरिष्ठ अधिवक्ता को गुरु मानकर उनके मार्गदर्शन में कार्य प्रारंभ करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किताबों से परे जो व्यावहारिक ज्ञान होता है। वह केवल अनुभव और वरिष्ठों के सान्निध्य से ही प्राप्त होता है। न्यायमूर्ति ने अधिवक्ताओं की यूनिफॉर्म की गरिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉक्टर और अधिवक्ता की वेशभूषा सिविल समाज में न्यायालय की पहचान को दर्शाती है। इसलिए इसकी मर्यादा बनाए रखना हर अधिवक्ता का कर्तव्य है।



## शिव बारात में उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम

**औबेदुल्लागंज।** नगर में देर रात्रि शिव मंदिर अर्जुन नगर से स्व. देवेंद्र गुप्ता की स्मृति में महाशिवरात्रि पर निकली भव्य शिव बारात, श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा पड़ा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत के साथ भव्य शिव बारात में बड़ी संख्या में श्रद्धालु नाचते-झूमते दिखाई दिए। बारात नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई निकली। 'हर-हर महादेव' के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर व्यापार महासंघ, सिंधी समाज, बहावलपुरी समाज के सदस्यों ने शिव बारात का स्वागत किया। मुख्य चौराहे पर स्व. विजय कोठारी की स्मृति में ठंडाई, वार्ड 13 के मुख्य गेट पर फलाहारी खिचड़ी वितरण की गई।

## नगर परिषद के अध्यक्ष पद के लिए हो सकती है सामान्य वर्ग की सीट

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद में चर्चा है कि औबेदुल्लागंज नगर परिषद सामान्य वर्ग को आवंटित होने की संभावना है। कांग्रेस की ओर से पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महेश जैन प्रबल दावेदार हैं एवं सामान्य सीट होती है तो उन पर कांग्रेस दाव लगाएगी। वहीं भाजपा की ओर से सामान्य वर्ग में नपा उपाध्यक्ष नमिता बागिश अग्रवाल सबसे आगे हैं। वे महिलाओं की पहली पसंद हैं। पार्षदों में भी वे लोकप्रिय हैं। इसीलिए भाजपा नमिता बागिश अग्रवाल पर दाव लगा सकती है। अगर ऐसा होता है तो महेश जैन कांग्रेस एवं भाजपा से नमिता बागिश अग्रवाल की जोरदार टक्कर होने की संभावना है।





## क्राइम ब्रांच ने तस्कर से 214 ग्राम चरस किया बरामद



**भोपाल।** क्राइम ब्रांच की टीम ने इंद्रा नगर पंप हाउस के पास से एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास 214 ग्राम चरस बरामद की है। बरामद चरस की कीमत 2 लाख 14 हजार रुपए बताई जा रही है। क्राइम ब्रांच आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर चरस के बारे में पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि इंद्रा नगर पंप हाउस के पास बैरागढ़ में एक युवक चरस बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना के बाद हरकत में आई क्राइम ब्रांच की टीम ने इलाके की घेराबंदी की। इस दौरान पंप हाउस के पास से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 214 ग्राम चरस मिली। पूछताछ में उसने अपना नाम रंजीत मारन उर्फ भूरा (23) ग्राम बिसनखेड़ी, गांधी नगर बताया। आरोपी से जब्त चरस की कीमत 2 लाख 14 हजार रुपए है। आरोपी रंजीत मारन पर पूर्व में मारपीट और आबकारी एक्ट के चार अपराध दर्ज है।

## भोपाल कोच फैक्ट्री सहित पमरे जोन में दस माह में 7230 कोचों और वैगनों की हुई मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पमरे जोन के भोपाल एवं कोटा स्थित रेल कारखानों में कोचों व वैगनों का पीरीयोडिक ओवर हालिंग का कार्य किया जाता है। दोनों कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक के मार्गदर्शन में अनुरक्षण डिपो में चालू वित्तीय वर्ष में कोचोंध्वैगनों का अनुरक्षण करके अच्छा प्रदर्शन किया है।

चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के दस माह में सीआरडब्लूएस भोपाल एवं डब्लूआरएस कोटा दोनों कारखानों में कुल 7230 कोचों व वैगनों का पीरियोडिक ओवर हॉलिंग किया गया, जिसमें सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना भोपाल ने 1041 कोचों का अनुरक्षण किया तथा कोटा वैगन रिपेयर वर्कशॉप ने 6189 वैगनों का अनुरक्षण कार्य किया। जनवरी माह की बात करे तो सीआरडब्लूएस भोपाल एवं डब्लूआरएस कोटा दोनों कारखानों में कुल 745 कोचों व वैगनों का पीरियोडिक ओवर हॉलिंग किया गया। जिसमें सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना भोपाल ने 125 कोचों का अनुरक्षण किया।

पांच दिन बाद भी नहीं लौटा, आधार कार्ड देखकर दी थी गाड़ी

# तीन हजार किराया देकर 15 लाख की थार गाड़ी ले भागा जालसाज, पुलिस ने दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनियां पुलिस ने ट्रेवल्स एजेंसी संचालक की शिकायत पर जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। पांच दिन पहले आरोपी तीन हजार रुपए प्रतिदिन के हिसाब से एक दिन के लिए थार गाड़ी किराए पर ले गया था। उसने तीन हजार रुपए किराए के अदा भी कर दिए थे, लेकिन उसके बाद वह गाड़ी लेकर नहीं लौटा। उसका मोबाइल भी लगातार बंद आ रहा है। यहां तक कि आरोपी ने गाड़ी में लगा जीपीएस सिस्टम भी निकाल फेंका है। प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक मूलरूप से शमशाबाद जिला विदिशा निवासी दीपक धाकड़ (33) यहां अमराई परिसर में ट्रेवल्स एजेंसी का संचालन करते हैं और बाग सेवनिया इलाके में रहते हैं। विगत 11 फरवरी की शाम करीब चार बजे रवि पटेल नामक एक युवक ट्रेवल्स के दफ्तर पहुंचा और दीपक धाकड़ से एक दिन के लिए थार गाड़ी किराए पर मांगी। रवि पटेल के आधार कार्ड से नाम और फोटो की तस्दीक कर तीन हजार रुपए प्रति चौबीस घंटे की दर से गाड़ी किराए पर दे दी। उन्होंने एक दिन का किराया तीन हजार रुपए भी ले लिया। फरियादी ने औपचारिकता के तौर पर थार गाड़ी के साथ रवि पटेल की एक तस्वीर भी ले ली। एसआई गंगाराम वर्मा ने बताया कि एक दिन का बोलकर गया रवि पटेल पांच दिन बाद भी नहीं लौटा। इस बीच फरियादी ने उसे कॉल करने की कोशिश की तो उसका मोबाइल भी लगातार स्विच आता रहा। गाड़ी की जीपीएस लोकेशन चेक करने पर पता चला कि आरोपी ने पहले ही गाड़ी से जीपीएस सिस्टम निकाल कर फेंक दिया था।

### नशे के हॉट स्पॉट में इतवारा मुखबिर तंत्र होगा सक्रिय

शहर में पांच जगहों पर नशे का कारोबार किया जा रहा है। इसके साथ शहर की कई स्लम बस्तियों में भी अवैध शराब, सिलोचन, गांजा और सूखे नशे किए जाते हैं, जिससे यहां के युवाओं में नशे की लत बढ़ रही है। शहर में पांच जगहों को पुलिस ने नशे को लेकर हॉट स्पॉट चिन्हित किया है। यह बात सोमवार को नशे के खिलाफ रखी गई नार्को बैठक में रखी गई। जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने बताया कि शहर में नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत नशे के कारोबार से जुड़े लोगों को चिन्हित कर पकड़ा जाएगा। इसके साथ इन जगहों पर मुखबिर तंत्र मजबूत कर नशे के अवैध कारोबार को रोकेगी। बैठक में पुलिस अफसरों ने कहा कि शहर में इतवारा सहित पांच जगहों को नशे के कारोबार के लिए हॉट स्पॉट चिन्हित किया है।

## घर में घुसकर डीएड की छात्रा से छेड़छाड़ परिजन ने धक्के देकर बाहर निकाला

**भागते समय गिरकर घायल हुआ आरोपी, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र में डीएड की छात्रा से घर में घुसकर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। छात्रा का शोर सुनकर भाई-पिता पहुंचे और आरोपी का विरोध किया। आरोपी भागते समय गिर गया और उसे चोट आई है। पुलिस ने उक्त मामले में छात्रा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 25 साल की युवती इलाके में रहती है और डीएड की पढ़ाई कर रही है। दो साल से उसकी पहचान मेहुल मौर्य से है। मेहुल उसके साथ कॉलेज में पढ़ता था। छात्रा ने पुलिस को बताया कि गत दिनों उसे कॉलेज का ऑनलाइन फार्म भरना था। इस दौरान मेहुल ने उसकी मदद की। इसके बाद से दोनों में बातचीत शुरू हो गई। छात्रा को पता चला कि मेहुल मौर्य नशे का आदी है। लिहाजा उसने उससे दूरी बढ़ानी शुरू कर दी। इस बात से नाराज मेहुल ने गत 14 फरवरी को छात्रा को कॉल किया। उसने उसका कॉल रिसीव नहीं किया। आरोपी ने उसके पिता को कॉल कर गालियां दे दी।

अगले ही दिन 15 फरवरी की सुबह आरोपी उसके घर में घुस गया और बुरी नियत से छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने लगा। छात्रा का शोर सुनकर उसके पिता और भाई पहुंच गए। उन्होंने मेहुल का विरोध किया और उसे धक्के देकर बाहर निकाल दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए। मेहुल को लगा कि अब उसके साथ मारपीट होगी। लिहाजा भागने के प्रयास में गिरकर घायल हो गया।



# कॉमेडी के लिबास में जीवन का सच्चा संदेश देता 'कैक्टस फ्लॉवर'

## 44वें वर्षगांठ समारोह में नाटक कैक्ट्स फ्लॉवर का मंचनः हास्य, व्यंग्य और संवेदना से परिपूर्ण है नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नृत्य, संगीत, साहित्य और रंगमंच की बहुरंगी आभा से आलोकित भारत भवन की 44वीं वर्षगांठ पर सोमवार की संध्या रंग-संवेदनाओं के नाम रही। इस अवसर पर प्रसिद्ध अंग्रेजी नाटककार येब बरोस की चर्चित कॉमेडी पर आधारित नाट्यकृति कैक्ट्स फ्लॉवर का प्रभावी मंचन हुआ। नाट्य रूपांतरण प्रवीण महुवाले का था और निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी राजीव वर्मा ने किया। प्रस्तुति भोपाल थिएटर समूह के कलाकारों ने दी। निर्देशक राजीव वर्मा ने कहा कि यह नाटक कॉमेडी के लिबास में जीवन का सच्चा संदेश देता है कि कांटों भरे जीवन में भी फूल खिल सकते हैं।



नाटक 'कैक्ट्स फ्लॉवर' का मंचन करते कलाकार।



जीवन का सच्चा संदेश देता नाटक 'कैक्ट्स फ्लॉवर' का मंचन।

### दिलफेंक मिज़ाज से आत्मबोध तक

'कैक्ट्स फ्लॉवर' की कथा एक ऐसे स्वच्छंद, दिलफेंक व्यक्ति के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो जीवन को मदमस्त भंवरे की तरह जीना चाहता है। आज इस फूल पर, कल उस फूल पर। उसके लिए प्रेम एक खेल है, प्रतिबद्धता एक बंधन। परंतु नाटक बुने छल-प्रपंच के जाल को दर्शकों के सामने रखता है। हास्य-स्थितियों और संवादों की चुस्त बुनावट के बीच यह स्पष्ट होता है कि भावनाओं से खिलवाड़ अंततः पीड़ा में बदलता है। दूसरी ओर कथा में ऐसे पात्र भी हैं जिनका जीवन कैक्टस के पौधे-सा है।

### सिनेमा में ताजा हुईं स्मृतियां

समारोह के अंतर्गत दोपहर में छवि प्रभाग की 'प्रणति श्रृंखला' में अभिनेता धर्मेन्द्र अभिनीत फिल्म आंखें का प्रदर्शन भी हुआ। वर्ष 1968 में प्रदर्शित इस फिल्म का निर्देशन और निर्माण रामानन्द सागर ने किया था।



## खबर संक्षेप

### एमवीएम कॉलेज में 'अभिरंगना' का आयोजन आज सुबह

**भोपाल।** मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय (एमवीएम) में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह अभिरंगना का आयोजन आज सुबह 11.30 पर महाविद्यालय सभागार में किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेतस सुखाड़िया, क्षेत्रीय संगठन मंत्री, अभाविप उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता डॉ. मथुरा प्रसाद, क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, नर्मदापुरम संभाग द्वारा की जा रही है।

### इतिहासकार शंभुदयाल गुरु की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आज



**भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य गजेटियर एवं अभिलेखागार के निदेशक रहे कीर्तिशेष शंभुदयाल गुरु को श्रद्धा-सुमन एवं गुरुजी के कृतित्व को स्मरणांजलि अर्पित करने के लिए मंगलवार, 17 फरवरी को अपराह्न 3 बजे माधवराव सप्रे समाचारपत्र संग्रहालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रखा गया है। मध्यप्रदेश इतिहास परिषद् के अध्यक्ष रहे शंभुदयाल गुरु इतिहास के प्रतिष्ठित विद्वान थे। मध्य प्रदेश के कई जिला गजेटियरों का आपने संपादन किया। शंभुदयाल गुरु का निधन महाशिवरात्रि के दिन 15 फरवरी, को 96 वर्ष की आयु में हो गया है।

### जागरुकता अभियानों के लिए स्वीप आइकॉन सारिका पुरस्कृत




**भोपाल।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के 32वें स्थापना दिवस पर राजधानी के निर्वाचन भवन में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोग की ब्रांड एंबेसडर सारिका घारू को उनकी विशेष सेवाओं और प्रभावी जागरूकता अभियानों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत, पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त आर परशुराम, राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव एवं सचिव दीपक सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर उनके कार्यों को सराहा।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 100 किमी की पहली वूमन हाईवे ड्राइव

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'हर वे- वूमन हाइवे ड्राइव क्लब' द्वारा भोपाल से होशंगाबाद तक 100 किमी की पहली हाईवे ड्राइव आयोजित की जा रही है, जिसमें शहर की 25 महिला ड्राइवर भाग लेंगी। ग्रुप की संस्थापक शिल्पा मालेयवार ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य महिलाओं में हाईवे ड्राइविंग के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाना है। क्लब 100, 200 और 300 किमी की श्रेणियों में ड्राइव आयोजित करेगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान यात्रा सुरक्षा नियमों का पूरी तरह ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि आगे भी सड़क सुरक्षा और वाहन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसके लिए महिलाओं का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा।

## भोजपुर मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का दूसरा दिन

# लोक के रंग, शास्त्र का सौंदर्य और सुरों के माधुर्य तक भोजपुर महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोजपुर के मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर तीन दिवसीय महादेव भोजपुर महोत्सव के दूसरे दिवस भी नृत्य, संगीत एवं लोक परम्पराओं की सौंदर्यपूर्ण छटा बिखरी। दूसरे दिवस की पहली प्रस्तुति बघेली लोकगायन की रही। शीला त्रिपाठी एवं साथी, भोपाल द्वारा सुमधुर आवाज में बघेलखंड की परम्पराओं में भगवान शिव की महिमा का गायन किया। उन्होंने अपने गायन की प्रारम्भ गौरी गणेश मनाऊं.... गीत के साथ किया। इसके बाद तप करत उमा जी आज...., मोरे अंगना मा आये भोलेनाथ...., से महाशिवरात्रि की अलौकिकता और दिव्यता की धारा प्रवाहित कर दी।



तीन दिवसीय महादेव भोजपुर महोत्सव के दूसरे दिन बघेली लोकगायन की प्रस्तुति देते कलाकार।

### शिव और सती प्रसंग, दक्ष प्रसंग को किया प्रस्तुत

इसके बाद उन्होंने शिव और सती प्रसंग, दक्ष प्रसंग, शिव पार्वती विवाह एवं शिव तांडव स्तोत्रम के साथ प्रस्तुति को विराम दिया। अंतिम प्रस्तुति सुविख्यात गायिका महालक्ष्मी अय्यर एवं साथी, मुम्बई की सुगम संगीत की रही।

## रूपक ताल में अर्धनारीश्वर की प्रस्तुति



तीन दिवसीय महादेव भोजपुर महोत्सव के दूसरे दिन नृत्यनाटिका की प्रस्तुति देतीं कलाकार।

अगली प्रस्तुति आकृति जैन एवं साथी द्वारा शिव केंद्रित नृत्यनाटिका की रही। उन्होंने कथक शैली में रूपक ताल में अर्धनारीश्वर कथा को दर्शाया। इसके बाद शिवोहम के माध्यम से भगवान शिव के स्वरूप को दर्शाया। इस प्रस्तुति ने अद्वैत वेदांत की उस भावना को दर्शाया जिसमें आत्मा और परमात्मा को एक माना जाता है।



# जुबिन नौटियाल की प्रस्तुति पर झूम उठे स्टूडेंट...



आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी में गीतों की प्रस्तुति देते जुबिन नौटियाल।

## आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी का 32वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरकेडीएफ युनिवर्सिटी में 32वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस के मौके पर शिक्षा, सम्मान और मनोरंजन से जुड़े कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक जुबिन नौटियाल की लाइव प्रस्तुति रही। जैसे ही उन्होंने अपने लोकप्रिय गीत गाए, छात्र-छात्राओं सहित मौजूद दर्शक झूम उठे और देर शाम तक संगीत का सिलसिला चलता रहा।

कार्यक्रम में विवि की कुलाधिपति साधना कपूर, चांसलर सिद्धार्थ कपूर, कुलाधिपति श्रृति कपूर, रुचि कपूर, सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय एवं आरकेडीएफ ग्रुप से जुड़े उन कर्मचारियों और अधिकारियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने संस्थान में 15, 20 और 25 वर्षों की सेवा पूरी की है। साथ ही शिक्षा, प्रशासन और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए।



स्थापना दिवस के अवसर पर आरकेडीएफ ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुनील कपूर का जन्मदिन भी मनाया गया।

# 'तेल और गैस बचाओ, हरित ऊर्जा अपनाओ' का दिया संदेश

### 'सक्षम 2025-26' जागरुकता अभियान का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंधन संरक्षण, ऊर्जा दक्षता और सतत विकास को जन-आंदोलन बनाने के उद्देश्य से आयोजित संरक्षण क्षमता महोत्सव 2025-26 (सक्षम) का समापन सोमवार को समन्वय भवन में हुआ। राष्ट्रीय स्तर के इस अभियान को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा 15 फरवरी तक पूरे देश में मनाया गया। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और गेल इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर अभियान की उपलब्धियों को साझा किया।

# साहित्य अकादमी का हिंदी भवन में लघुकथा महोत्सव का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लघुकथा कथा परिवार की आकार में छोटी लेकिन प्रभाव में बड़ी सदस्य है, लघुकथा की लोकप्रियता लेखकों पाठकों और आलोचकों के बीच उसके लघु आकार के कारण ही नहीं बल्कि उसके तीव्र प्रहार और प्रभाव के कारण हुई है।

यह उदगार हैं निदेशक साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल डॉ. विकास दवे के जो हिंदी भवन में साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित लघुकथा महोत्सव - 2026 में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कांता रॉय निदेशक लघुकथा शोध केंद्र ने इस अवसर पर कहा, आज मध्यप्रदेश में लघुकथा के लिए ऐतिहासिक दिन है, नए लघुकथा लेखक अच्छा लेखन कर रहे हैं लेखन के लिए पढ़ना बहुत ज़रूरी है।

### मायाराम सुरजन भवन में 'नाट्य शास्त्र की प्रासंगिकता' विषय पर कार्यशाला

# नाट्यशास्त्र केवल अभिनय विधा नहीं, बल्कि जीवन, समाज और अध्यात्म का शास्त्र है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नाट्यशास्त्र केवल अभिनय विधा नहीं, बल्कि जीवन, समाज और अध्यात्म का शास्त्र है। भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र की विविध विधाओं को अपने शिष्यों को प्रदान कर इसे लोगों तक पहुंचाया, भरत मुनि से लेकर ग्रीक साहित्यकारों द्वारा नाटक के हर पहलुओं की प्रासंगिक पर चर्चा की डॉ. रविंद्र मुंडे ने, मौका था आरम्भ थियेटर एंड सोशियों वेलफेयर द्वारा मायाराम सुरजन भवन में आयोजित नाट्य कार्यशाला का। 'नाट्य शास्त्र की प्रासंगिकता' विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विवि के प्रभारी डॉ. रविंद्र मुंडे द्वारा प्रतिभागियों को नाट्य कला की बारीकियों से अवगत कराया गया।



### चार वेदों के साथ पंचम वेद नाट्य शास्त्र है

उन्होंने बताया कि नाट्य शास्त्र अपने आपम में गहरा अर्थ समेटे हुए है। जिसके माध्यम से मोक्ष भी प्राप्त किया जा सकता है। भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र की सभी विधाएं अपने शिष्यों को बताई थीं। और सही अर्थों में मन के भाव को प्रकट करना ही नाटक है, समाज का आइना नाट्य शास्त्र है। उन्होंने कहा कि चार वेदों के साथ पंचम वेद नाट्य शास्त्र है, जिसके बिना एक कलाकार का जीवन अधूरा है।

# नदियों की पवित्रता बनाए रखना भी ईश्वर भक्ति




नदियों की नदियों की कहानी नदियों जुबानी की प्रस्तुति देते स्कूली बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पर्यावरण सरंक्षण पर निरंतर जागरूकता कार्यक्रम कर रहे शारदा विद्या मंदिर के बच्चों ने नदियों की कहानी-नदियों की जुबानी कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें देश-प्रदेश की नदियों के बारे बताते हुए बच्चे नदियों के नाम लिखे रंग-बिरंगे पोस्टर मंच पर लाए और प्रमुख नदियों के नाम लेकर बताया कि जीव जगत के लिए नदियां मां की तरह हैं, इसलिए नदियों को प्रदूषित करना बंद करें और रेत खनन को सख्ती से रोका जाए।

### शहर में दो दिवसीय भोपाल फिल्म फेस्टिवल 21 एवं 22 फरवरी को कुशाभाऊ कन्वेंशन सेंटर में

# फिल्मकार अनुराग बसु, हुमा कुरैशी, बेजॉय नाम्बियार, हंसल मेहता लेंगे क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश मॉर्फिक द्वारा प्रस्तुत 'द भोपाल फिल्म फेस्टिवल' का पहला संस्करण 21 एवं 22 फरवरी को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा। दो दिवसीय यह फेस्टिवल मध्य भारत का सबसे बड़ा फिल्म फेस्टिवल है, जो फिल्मों को देखने, समझने और उन पर सार्थक चर्चा के लिए एक विशेष मंच प्रदान करता है। हार्ट ऑफ इंडिया से सिनेमा थीम पर आयोजित यह फिल्म महोत्सव शहर को सिनेमा जगत में ऐसा मुकाम दिलाना चाहता है, जहां स्थानीय कहानियों और कलाकारों को भी एक वैश्विक मंच मिल सके। इस फिल्मोत्सव में नवीन और अनुभवी फिल्मकारों की चुनी हुई फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी, जिनमें मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक बदलाव से जुड़े विषयों पर आधारित फिल्में शामिल होंगी।









### तीन श्रेणियों में विभाजित प्रतियोगिता

प्रतियोगिता की श्रेणियां हैं- जनरल फिक्शन एवं नॉन-फिक्शन, वीमेनस वॉइसेज और हार्ट ऑफ इंडिया। जो स्थानीय संस्कृति से जुड़ी कहानियों को सामने लाती हैं। कार्यक्रम में प्रसिद्ध फिल्मकार अनुराग बसु विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। साथ ही बेजॉय नाम्बियार, हंसल मेहता, स्मृति किरण, हुमा कुरैशी, यशोवर्धन मिश्रा, अशोक मिश्रा और अचिन जैन के साथ मास्टरक्लास और बातचीत के सत्र होंगे। फेस्टिवल में कार्निवल ऑफ कल्चर्स भी आयोजित होगा एक उत्सव, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, हस्तशिल्प बाजार, क्षेत्रीय व्यंजन और इंटरएक्टिव इंस्टॉलेशन शामिल होंगे।

# विकास को नई गति देगी एआई, दुनिया भर के लोगों को मिलेगा लाभ

## एआई इंपैक्ट समिट 2026 में बोले ब्रिटेन के डिप्टी पीएम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार की शाम को एआई इंपैक्ट समिट का उद्घाटन किया। इस समिट में दुनियाभर से कई नेता शामिल हुए। ब्रिटेन के डिप्टी पीएम डेविड लैमी और एआई मंत्री कनिष्क नारायण के नेतृत्व में ब्रिटेन का प्रतिनिधिमंडल भारत आया हुआ है। इस अवसर पर लैमी ने कहा कि एआई इंपैक्ट समिट के दौरान ब्रिटेन का ध्यान इस बात पर रहेगा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) किस प्रकार विकास को गति दे सकती है, नए रोजगार सृजित कर सकती है, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार कर सकती है और दुनिया भर के लोगों को लाभ पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि हम एआई के पूर्ण लाभों और क्षमता को उजागर करने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ मिलकर कैसे काम कर सकते हैं। साथ ही साथ मजबूत और निष्पक्ष सुरक्षा मानकों को शामिल कर सकते हैं जो हम सभी की रक्षा करते हैं। भारत के विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसआईटी) ने कहा कि भारत और ब्रिटेन 'स्वाभाविक तकनीकी साझेदार' हैं और इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और विप्रो जैसी सॉफ्टवेयर दिग्गज कंपनियां पूरे यूके में अपने परिचालन का विस्तार कर रही हैं।


डिप्टी पीएम डेविड लैमी

वहीं जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय (एमईटीआई) के उप निदेशक (डिप्टी डायरेक्टर) ताकुमी मियाकावा ने कहा कि जापान में भी एआई को लेकर नई सरकार काफी गंभीर है। उन्होंने बताया कि जापान की पीएम भी एआई के महत्व पर जोर दे चुकी हैं। जापान सरकार अपने एआई उद्योग और कंपनियों को मॉडल विकसित करने में सहयोग दे रही है।

*ब्रिटेन के डिप्टी पीएम ने कहा कि एआई इंपैक्ट समिट के दौरान ब्रिटेन का ध्यान इस बात पर रहेगा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता किस प्रकार विकास को गति दे सकती है, नए रोजगार सृजित कर सकती है, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार कर सकती है और दुनिया भर के लोगों को लाभ पहुंचा सकती है*

### जापान सरकार एआई उद्योग और कंपनियों के मॉडल विकसित कर रही

### भारत एआई परिवर्तन की अग्रिम पंक्ति में: पीएम मोदी


पीएम मोदी को जियो प्लेटफार्म की एआई सेवाएं बताते आकाश अंबानी

पीएम नरेंद्र मोदी ने एआई इंडिया इंपैक्ट समिट में आए वैश्विक प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि 1.4 अरब भारतीयों की शक्ति, मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, उभरते स्टार्टअप इकोसिस्टम और अत्याधुनिक शोध के कारण भारत आज एआई परिवर्तन की अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। उन्होंने इसे देश के युवाओं की क्षमता का प्रमाण बताते हुए कहा कि भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है और जिम्मेदार व समावेशी तरीके से वैश्विक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस समिट में मानवता की सेवा, समावेशी विकास को गति देने और धरती की रक्षा करने वाले जन-केंद्रित नवाचारों को प्रोत्साहित करने में एआई की प्रभावी भूमिका पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा।

### उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने एआई इंपैक्ट समिट की दी बधाई

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने ग्लोबल साउथ में होने वाले पहले इंडिया एआई इंपैक्ट समिट की बधाई दी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इंपैक्ट समिट शुरू हो रहा है। भारत, लोगों को सबसे पहले रखने वाला, लोकतांत्रिक एआई भविष्य को आकार देने की कोशिशों में सबसे आगे है। यह समिट की थीम, 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' में भी दिखता है। एआई के विकास के केंद्र में पब्लिक गुड, एक्सेसिबिलिटी और वैश्विक सहयोग को रखकर, भारत वैश्विक उत्तर की तकनीकी ताकत को ग्लोबल साउथ के स्केल और पोटेंशियल से जोड़ना चाहता है, जिससे दुनिया भर में सबको साथ लेकर चलने वाली और शेयर्ड प्रोग्रेस हो सके।


सीपी राधाकृष्णन

### एआई अपनाने में देरी न करें, इसे रोजगार से जोड़ें: नागेश्वरन

भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि एआई को अपनाने के लिए स्पष्ट रणनीति और बड़े पैमाने पर रोजगार के साथ तकनीक को जोड़ने की प्रतिबद्धता जरूरी है। उन्होंने कहा कि देशों को निर्णायक कदम उठाते हुए मजबूत शिक्षा व्यवस्था, उच्च गुणवत्ता वाले कौशल विकास, श्रम-प्रधान सेवा क्षेत्रों का विस्तार और नियामकीय बाधाओं को दूर करने पर ध्यान देना होगा। एआई को अपनाने की प्रक्रिया एक सहयोगात्मक प्रयास होनी चाहिए, जिसमें निजी क्षेत्र, अकादमिक जगत और नीति-निर्माताओं की संयुक्त भागीदारी जरूरी है। एआई अपनाने का अवसर अभी खुला है, लेकिन यह हमेशा के लिए नहीं रहेगा, इसलिए तेजी और तत्काल कार्रवाई की जरूरत है।


वी. अनंत नागेश्वरन

### एआई से छात्रों को मेडिकल ई-बुक्स देंगे: डॉ. श्रीनिवास

एआई इंपैक्ट समिट में स्वास्थ्य मंत्रालय के डिप्टी डायरेक्टर जनरल (मेडिकल एजुकेशन) डॉ. बी. श्रीनिवास ने कहा कि दूरदराज के मेडिकल कॉलेजों के छात्रों को ई-बुक्स, डिजिटल क्लिनिकल मैटेरियल और तकनीकी अध्ययन सामग्री पहुंचाने के लिए सरकार एआई की मदद से इन छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री पहुंचाने की रणनीति बना रही है। उन्होंने बताया कि नेशनल मेडिकल लाइब्रेरी के जरिए ई-बुक्स और डिजिटल क्लिनिकल कंटेंट उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस पहल के पहले चरण में छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 57 सरकारी मेडिकल कॉलेजों को शामिल किया जाएगा।


डॉ. बी. श्रीनिवास

## भारत बनेगा दुनिया का 'एआई प्रोवाइडर': विशेषज्ञ

### तेजी से बेहतर हो रहे एआई मॉडल: चंदोक

माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष पुनीत चंदोक ने कहा कि एआई मॉडल बहुत तेजी से बेहतर हो रहे हैं और अगले तीन वर्षों में इस क्षेत्र में बहुत बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। पुनीत चंदोक ने यह बात एआई इंपैक्ट समिट 2026 में आयोजित 'एआई फॉर डिजास्टर मैनेजमेंट: एंटिसिपेटरी, हाइपरलोकल, स्केलेबल' सत्र के दौरान कही। चंदोक ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में एआई ने जिस रफ्तार से प्रगति की है, उससे साफ है कि यह तकनीक तेजी से बदल रही है। उन्होंने बताया कि आज के एआई मॉडल बेहद उन्नत हैं।


पुनीत चंदोक

### एआई से रोजगार खत्म नहीं होंगे: बिखचंदानी

इंफो एज के सह संस्थापक संजीव बिखचंदानी ने कहा कि राजीव गांधी की सरकार के समय कहा गया कि बैंकों में कम्प्यूटरों का इस्तेमाल होगा। तब कहा गया कि इससे रोजगार जाएंगे, लेकिन किसी की नौकरी नहीं गई। प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल में हमेशा यह डर रहता है कि इससे रोजगार खत्म होंगे, लेकिन ऐसा होता नहीं है। लोगों के पास अब सुनने का समय नहीं है। वे 50 मिनट का पॉडकास्ट नहीं सुन पाते। इसका सार जानने के लिए भी लोग एआई टूल का इस्तेमाल करते हैं। उससे तीन-चार पन्नों का सार निकल जाता है।


संजीव

### 'युवाएआई' के जरिए नई पीढ़ी को जोड़ने की कोशिश



*इस समिट का एक बड़ा आकर्षित 'युवाएआई' कार्यक्रम है। यह एक ग्लोबल यूथ चैलेंज है और इसका उद्देश्य छात्रों और युवा पेशेवरों में एआई को लेकर जागरूकता फैलाना है। इस चैलेंज में 38 से अधिक देशों से 2,500 से अधिक आवेदन आए थे। इसमें से शीर्ष 20 फाइनलिस्ट का चयन इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय द्वारा किया गया है, जिसमें 15 टीम भारत से हैं। इन शीर्ष 20 फाइनलिस्ट का चयन 2025 के आखिर में कई राउंड्स की प्रतियोगिता के बाद किया गया था। इन शीर्ष 20 फाइनलिस्ट को इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 के जरिए वैश्विक मंच पर अपने इनोवेशन को दिखाने का मौका मिलेगा।*

### भारत के लिए एआई क्रिएटर बनने का अवसर: सभरवाल

कोरोवर एआई और भारतजीपीटी एआई के संस्थापक और सीईओ अंकुश सभरवाल ने कह कि मौजूदा समय में जो भी ऐप्स आ रहे हैं उनमें एआई का उपयोग हो रहा है। आगे इसमें और बढ़ोतरी होगी। ऐसे हम सभी धीरे-धीरे एआई के यूजर बनेंगे। ऐसे में एआई भारत के लिए क्रिएटर बनने का बड़ा अवसर है, क्योंकि इससे सॉल्यूशंस बनाना आसान हो गया है, अब केवल इंजीनियर ही नहीं कोई व्यक्ति भी ऐप बना सकता है।


अंकुश

### कृषि क्षेत्र में एआई काफी बदलाव लाएगा: सेठी

खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के राष्ट्रीय तकनीकी समन्वयक संजय सेठी ने कहा कि कृषि क्षेत्र में एआई काफी बदलाव ला सकता है। यह मौसम को समझने, खेती के समय सही आवश्यकताओं का अनुमान लगाने और खाद्य श्रृंखला को छोटा करने में काफी मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले दो से तीन वर्षों में कृषि क्षेत्र पर एआई का प्रभाव अधिक देखने को मिलेगा।


संजय सेठी

## भारत ने बनाया एआई पवेलियन

एआई इंपैक्ट समिट 2026 में सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पवेलियन के जरिए भारत की एआई क्षमता का प्रदर्शन किया। इस पवेलियन का उद्देश्य भारत के एआई इकोसिस्टम को न केवल वैश्विक प्रौद्योगिकी के उपभोक्ता के रूप में, बल्कि स्वदेशी, विस्तार योग्य और सामाजिक रूप से प्रासंगिक एआई समाधानों के क्रिएटर्स के रूप में प्रस्तुत करना है। यह पवेलियन, जिसमें वेव्स क्रिएटर्स कॉर्नर स्थित है, एक मीडिया और संवाद स्थल के रूप में डिजाइन किया गया है जहां नीति निर्माता, स्टार्टअप, क्रिएटर्स और उद्योगपति भारत में एआई के विकास पर चर्चा कर सकते हैं। यह पवेलियन स्वास्थ्य सेवा, मीडिया, कंटेंट, शासन और सामाजिक प्रभाव जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत भारतीय स्टार्टअप और उद्यमियों को प्रमुखता प्रदान करता है।


एआई पवेलियन

### 13 देशों के पवेलियन लगाए गए

एक्सपो में ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीका सहित 13 देशों के पवेलियन लगाए गए हैं, जो एआई क्षेत्र में वैश्विक सहयोग को प्रदर्शित करेंगे।

### 300 से अधिक प्रदर्शनी पवेलियन और लाइव प्रदर्शन

एक्सपो में 300 से अधिक प्रदर्शनी पवेलियन और लाइव प्रदर्शन होंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा तीन प्रमुख विषयों लोग, ग्रह और उन्नति पर आधारित है। लोग के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और नागरिक सेवाओं में एआई का उपयोग दिखाया जाएगा। वहीं ग्रह में पर्यावरण और जलवायु से जुड़े समाधान पेश किए जाएंगे। इसके साथ ही उन्नति में उद्योग, कारोबार और आर्थिक विकास में एआई की भूमिका बताई जाएगी।

### एआई पेशेवरों की मांग पूरा करेगा भारत

विशेषज्ञों का मानना है कि यूरोप, अमेरिका, चीन और एशिया के बीच प्रौद्योगिकी प्रतिस्पर्धा के इस दौर में भारत अपने डिजिटल मॉडल जैसे आधार, यूपीआई और ओपन नेटवर्क को एक संतुलित और समावेशी विकल्प के रूप में पेश करता रहा है। भारत को उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में एआई पेशेवरों की दुनिया में मांग तेजी से बढ़ेगी और अपनी विशाल युवा आबादी तथा आईटी कौशल के दम पर वह इस जरूरत को पूरा करने वाला प्रमुख स्रोत बन सकता है।

### विदेशी प्रतिनिधि कर सकेंगे यूपीआई पेमेंट

नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने घोषणा की कि उसने 'यूपीआई वन वर्ल्ड' वॉलेट सेवा को एआई समिट में शामिल होने वाले विदेशी मेहमानों के लिए बढ़ा दिया है। 40 से ज्यादा देशों से आए प्रतिनिधि अब भारत में अपने प्रवास के दौरान आसानी और सुरक्षित तरीके से यूपीआई पेमेंट कर सकेंगे। इस पायलट पहल के तहत विदेशी यात्री बिना भारतीय मोबाइल नंबर या स्थानीय बैंक खाते के भी यूपीआई के जरिए रियल-टाइम पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) भुगतान कर सकेंगे। इसका मतलब है कि अंतरराष्ट्रीय मेहमान भारत की संस्कृति, खरीदारी और खानपान का आनंद लेते हुए 'मेड इन इंडिया' डिजिटल पेमेंट तकनीक का उपयोग कर सकेंगे। 'यूपीआई वन वर्ल्ड' वॉलेट अधिकृत प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट (पीपीआई) जारीकर्ताओं के माध्यम से नई दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और भारत मंडपम के हॉल 14 में स्थित एनपीसीआई पवेलियन पर उपलब्ध कराया जा रहा है, जहां यह सम्मेलन हो रहा है।



यूपीआई

---

## खबर संक्षेप

### अहमदाबाद के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में उस समय हड़कंप मच गया, जब कई स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जानकारी सामने आते ही स्कूल प्रशासन, जिला शिक्षा विभाग और पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने पुष्टि की है कि, अहमदाबाद के कई स्कूलों को धमकी भरे मेल प्राप्त हुए हैं। इनमें बड़े स्कूल शामिल बताए जा रहे हैं।



### अबू सलेम को अदालत से नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 1993 मुंबई बम धमाकों के आरोपी और कुख्यात गैंगस्टर अबू सलेम की उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है, जिसमें उसने खुद को तुरंत रिहा करने की मांग की थी। सलेम का दावा है कि वह 25 साल की सजा पूरी कर चुका है और पिछले 10 महीनों से उसे गैर-कानूनी हिरासत में रखा गया है।



### रोहित शेट्टी मामले में 6 आरोपियों की पेशी

**मुंबइर।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने रोहित शेट्टी हाउस फायरिंग केस में एक और संदिग्ध को आगरा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान विष्णु कुशवाहा के रूप में हुई है और उसे जल्द ही कोर्ट में पेश किया जाएगा। अब तक इस केस के सिलसिले में कुल 12 संदिग्धों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आगरा, नोएडा, हरियाणा से कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया था।



## नए आपराधिक कानूनों को बताया उपलब्धि माओवादी हिंसा खत्म होने का भरोसा जताया

*दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस परेड में शामिल हुए केंद्रीय गृह मंत्री*

### गृह मंत्री अमित शाह ने 10 नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस परेड समारोह में कहा आने वाले समय में देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे। इससे देश में आपराधिक मामलों में सजा की दर 80 फीसदी बढ़ जाएगी। यह कानून लागू होने के बाद मामलों का निपटारा करने और सजा की दर को बढ़ाने में मददगार साबित होंगे। उन्होंने कहा माओवादी हिंसा के खिलाफ लड़ाई अपने आखिरी दौर में है और इस वर्ष मार्च तक यह खतरा हमेशा के लिए खत्म होने का भरोसा जताया। इस अवसर पर उन्होंने 10 नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

### सेफ सिटी प्रोजेक्ट के प्रथम चरण का किया शुभारंभ


स्थापना दिवस परेड में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह परियोजनाओं का शुभारंत करते हुए

गृह मंत्री ने स्पेशल सेल के लिए एक इंटीग्रेटेड हेडक्वार्टर और सेफ सिटी प्रोजेक्ट का पहले फेज की भी शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सेफ सिटी प्रोजेक्ट के पहले फेज़ के तहत, 10,000 एआई आधारित सीसीटीवी कैमरों में से 2,100 को निगरानी नेटवर्क से जोड़ा गया है। साथ ही, पहले से मौजूद 15,000 सीसीटीवी कैमरों को भी इसके साथ जोड़ गया है। देश की राजधानी में कानून-व्यवस्था बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### दिल्ली देश के लोकतंत्र की धड़कन

शाह ने कहा कि दिल्ली केवल एक शहर नहीं है, बल्कि हमारे देश के लोकतंत्र की धड़कन है। यह राष्ट्र के स्वाभिमान और अस्मिता का केंद्र है। राजधानी होने के कारण यहां की सुरक्षा व्यवस्था का स्तर सर्वोच्च होना अत्यंत आवश्यक है। दिल्ली में अनेक कूटनीतिक बैठकें, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और राष्ट्रीय पर्वों का आयोजन होता है। साथ ही यहां राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री का आधिकारिक निवास है। इन सभी महत्वपूर्ण संस्थानों और आयोजनों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस की जिम्मेदारियां और भी अधिक बढ़ जाती हैं।

### स्पेशल सेल की अहम भूमिका

अमित शाह ने कहा कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नशीले पदार्थों के सिंडिकेट, जाली भारतीय मुद्रा नोटों के गिरोह, जटिल साइबर अपराधों और संगठित अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की है। इतना ही नहीं, आतंकवादी घटनाओं की जांच में भी स्पेशल सेल ने सफल और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### अंग्रेजों के कानून निरस्त किए

शाह ने कहा कि अंग्रेजों द्वारा लगभग 150 साल पहले बनाए गए कानूनों को निरस्त कर हमने न्याय-केंद्रित प्रणाली स्थापित की है। इन कानूनों के देश भर में पूर्ण क्रियान्वयन के बाद, देश में हुए अपराध में 3 साल के भीतर सुप्रीम कोर्ट तक न्याय दिलाना हम सुनिश्चित करेंगे। नए कानूनों के पूरी तरह लागू होने के बाद दोष सिद्धि दर को हम 80 प्रतिशत तक ले जाने में सफल होंगे।

## जयशंकर, कनाडाई विदेश मंत्री से मिले

### ऊर्जा, तकनीक और व्यापार समेत कई क्षेत्रों में सहयोग पर की चर्चा


जयशंकर और अनीता आनंद

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की। सितंबर 2025 के बाद से यह उनकी पांचवीं मुलाकात थी। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में लगातार प्रगति पर जोर दिया।

कनाडा सरकार ने बयान में कहा कि विदेश मंत्री अनीता आनंद ने जर्मनी में म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के मौके पर भारत के विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर से मुलाकात की। सितंबर 2025 के बाद से मंत्रियों के बीच यह पांचवीं मीटिंग है, जो कनाडा-भारत के संबंध में बढ़ती रफ्तार को दिखाती है। और लोगों के बीच मजबूत संबंधों पर बनी है। मंत्रियों ने ऊर्जा, तकनीक और व्यापार समेत कई क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने पर चर्चा की।

### भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

बयान में कहा गया कि मंत्री आनंद ने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के नाते कनाडा के लिए एक साझेदार के तौर पर भारत की अहमियत पर ध्यान दिया। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के व्यापार, उद्योग और श्रमिक के लिए साझा तकनीकी फायदों और साझेदारी के बड़े मौकों की पुष्टि की। दोनों पक्षों ने अक्टूबर 2025 में घोषित कनाडा-भारत संबंधों के लिए जॉइंट रोड मैप पर हुई ठोस प्रगति पर भी जोर दिया और रोड मैप की प्राथमिकताओं को मजबूत करने के साथ-साथ आर्थिक मजबूती और स्थिरता के लिए कनाडा-भारत व्यापार को बढ़ाने और उसमें विविधता लाने के लिए अपना वादा दोहराया। वहीं जयशंकर ने कहा कि कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ बातचीत करके बहुत अच्छा लगा। भारत-कनाडा के संबंध लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

## न्यूजीलैंड के मंत्री रेटी बोले

### एफटीए से दोनों देशों के रिश्तों को नई रफ्तार, एआई में सहयोग करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड के बीच हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को दोनों देशों के बीच बढ़ते भरोसे और साझेदारी का बड़ा संकेत माना जा रहा है। इसी बीच न्यूजीलैंड के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री शेन रेटी ने इस व्यापार समझौते पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता व्यापार, तकनीक और सहयोग के नए अवसर खोलेगा। यह एफटीए न सिर्फ आर्थिक संबंध मजबूत करेगा, बल्कि भारत और न्यूजीलैंड की रणनीतिक साझेदारी को भी नई ऊंचाई देगा। रेटी ने कहा कि भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच पहले से ही अच्छे और गहरे संबंध हैं और यह एफटीए उसी रिश्ते को आगे बढ़ाने का अगला कदम है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से दोनों देशों को व्यापार, तकनीक और अन्य क्षेत्रों में साथ मिलकर काम करने का बड़ा अवसर मिलेगा। रेटी ने भारत की वैश्विक स्तर पर बढ़ती भूमिका, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में, की भी सराहना की।



## भारत ने अपने सीमाई इलाकों पर सुरक्षा को मजबूत किया

# ईएलएफ की सफलता से सड़क पर उतर रहे सैन्य विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम के डिब्रूगढ़ में शनिवार (15 फरवरी) को मोरान बायपास पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) के सफल परीक्षण के साथ भारत ने अपने सीमाई इलाकों पर बड़ी रणनीतिक बढ़त हासिल कर ली है। दरअसल, इस हाईवे पर भारतीय वायुसेना का सी-130जे सुपर हरक्यूलीज एयरक्राफ्ट उतरा है, जो कि अपने वर्ग में सबसे बड़े सैन्य विमानों में से एक है। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी भी सवार थे। रक्षा विशेषज्ञों की मानें तो भारत की ओर से जिस तरह से अब पूर्वोत्तर में भी एक हाईवे को विमानों के रनवे के तौर पर इस्तेमाल किया है, यह चीन के लिए बड़ा सिरदर्द बन सकता है।

*यहां 40 से 74 टन के विमान उतर सकते सड़क मोटी और ठोस कंक्रीट की होती है*


असम में सी-130जे सुपर हरक्यूलीज एयरक्राफ्ट उतरा

### वैकल्पिक रनवे तैयार किए

भारत में हाईवे को रनवे के तौर पर इस्तेमाल करने की तकनीक को इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) कहा जाता है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग प्रणाली के भीतर ही निर्मित एक वैकल्पिक रनवे होता है, जिसे विशेष रूप से सैन्य और आपातकालीन जरूरतों के लिए डिजाइन किया जाता है। इन हाईवे स्ट्रिप्सको भारतीय वायुसेना के समन्वय से बनाया जाता है। इन्हें विशेष पेवमेंट क्वालिटी कंक्रीट (पीक्यूसी) से तैयार किया जाता है, ताकि ये आधुनिक विमानों के उतरते समय पैदा होने वाली अत्यधिक गर्मी और उनके भारी वजन को सहने लायक क्षमता के बन सकें।

### वायु शक्ति को सुरक्षित रखने में सक्षम

युद्ध की स्थिति में अगर मुख्य हवाई पट्टियां ध्वस्त या क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, तो ये ईएलएफ वायुसेना को एक सुरक्षित बैकअप के तौर पर विकल्प प्रदान करते हैं। इन पर विमानों में जल्दी से ईंधन आपूर्ति और हथियारों को लोड किया जा सकता है, जो युद्ध क्षेत्र में तत्काल प्रतिक्रिया के लिए अहम है। ये 40 टन तक के लड़ाकू विमानों- जैसे राफेल, सुखोई, तेजस, मिराज और 74 टन तक के परिवहन विमानों- जैसे सी-17 ग्लोबमास्टर और सी-130जे सुपर हरक्यूलिस की लैंडिंग और टेक-ऑफ को संभालने में सक्षम हैं।

### देश में 28 स्थान चिन्हित

केंद्र सरकार और वायुसेना ने देश में कुल 28 ईएलएफ साइट्स की पहचान की, जो आपात स्थितियो में लड़ाकू विमानों के लिए अहम साबित हो सकती हैं। भारत में मौजूदा समय में लगभग 15 ऐसे ईएलएफ चालू हो चुके हैं, जो राजस्थान के रेगिस्तान से लेकर उत्तर प्रदेश के एक्सप्रेस-वे और पूर्वोत्तर के रणनीतिक क्षेत्रों तक फैले हुए हैं। इनमें यमुना एक्सप्रेस-वे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, और राजस्थान में एनएच-925ए जैसे महत्वपूर्ण स्थल शामिल हैं।





टी20 क्रिकेट में प्रदर्शन

| | |
|---|---|
| मैच | 518 |
| पारी | 513 |
| विकेट | 700 |
| औसत | 18.5 |
| इकानॉमी | 6.58 |
| 5 विकेट हॉल | 04 |
| 4 विकेट हॉल | 18 |

## राशिद ने रचा इतिहास...

### टी20 में 700 विकेट लेने वाले बने पहले गेंदबाज

*टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 28वें लीग मैच में अफगानिस्तान ने यूएई को 5 विकेट से हरा दिया। इस मैच में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने यूएई के खिलाफ एक विकेट लिया और वो टी20 प्रारुप में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए। टी20 में इस वक्त सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में राशिद खान पहले नंबर पर हैं। राशिद खान ने यूएई के खिलाफ एक विकेट लेते ही इतिहास रच दिया और टी20 प्रारुप में वो 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। राशिद खान ने ये कमाल अपने टी20 करियर के 518वें मैच की 513वें पारी में किया। इन मैचों में राशिद खान का औसत 18.5 का है जबकि इकानॉमी रेट 6.58 का रहा है।*

# अफगानिस्तान की विश्व कप में पहली जीत, यूएई को पांच विकेट से दी मात

## जीत के साथ सुपर आठ में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अजमतुल्लाह उमरजई के ऑलराउंड प्रदर्शन और सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान के अर्धशतक से अफगानिस्तान ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में यूएई को पांच विकेट से हराकर सुपर आठ में जगह बनाने की अपनी धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखा। यूएई के 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने जादरान (53 रन, 41 गेंद, छह चौके, एक छक्का), दारविश रसूली (23 गेंद में 33 रन) और अजमतुल्लाह (21 गेंद में नाबाद 40 रन, तीन छक्के, दो चौके) की पारियों से 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन बनाकर जीत दर्ज की। पहले दो मैच में शिकस्त झेलने वाले अफगानिस्तान के ग्रुप में अब दो अंक हैं। यूएई के भी दो अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका छह अंक के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर चुका है जबकि न्यूजीलैंड के चार अंक हैं। इन सभी टीम ने तीन-तीन मैच खेले हैं। यूएई की ओर से जुनैद सिद्दिकी ने 23 जबकि मोहम्मद अरफान ने 30 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए।



### यूएई की टीम 160 रन पर ढेर

इससे पहले अजमतुल्लाह (15 रन पर चार विकेट) और मुजीब उर रहमान (31 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने यूएई की टीम नौ विकेट पर 160 रन ही बना सकी। शोएब खान ने 48 गेंद में चार छक्कों और छह चौकों से 68 रन की पारी खेलने के अलावा आलीशान शराफू (40) के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।

## ऑस्ट्रेलिया की हार, श्रीलंका सुपर-8 में पहुंचा

ऑस्ट्रेलिया को टी-20 वर्ल्ड कप में एक और करारी हार झेलनी पड़ी है। उसे सोमवार के तीसरे मैच में श्रीलंका ने 8 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम इस टूर्नामेंट से लगभग बाहर हो गई है। अब उसकी उम्मीदें जिम्बाब्वे की हार पर टिकीं हैं। अगर जिम्बाब्वे मंगलवार को होने वाले मैच में आयरलैंड को हरा देती है, तो ऑस्ट्रेलिया बाहर हो जाएगी। पल्लेकेले स्टेडियम में ग्रुप बी के इस मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। ऑस्ट्रेलिया 20 ओवर में 181 रन पर ऑलआउट हो गई।

### निसंका की शतकीय पारी

श्रीलंका ने 182 रन का टारगेट 18 ओवर में 2 विकेट पर हासिल कर लिया। पथुम निसंका ने 52 बॉल पर नाबाद 100 रन की पारी खेली। निसंका ने इस टूर्नामेंट का पहला शतक लगाया। कुसल मेंडिस ने 51 रन बनाए। मार्कस स्टोयनिस को 2 विकेट मिले। ऑस्ट्रेलिया से ट्रेविस हेड ने 56 और मिचेल मार्श ने 54 रन की पारी खेली।



# 'सुपर-8' में पहुंचा इंग्लैंड

## इटली को हराया, जैक्स ने जड़ा अर्धशतक

**कोलकाता।** इंग्लैंड ने टी20 वर्ल्ड कप के 29वें मुकाबले में इटली के खिलाफ 24 रन से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में तीसरी जीत के साथ इंग्लैंड ने 'सुपर-8' में जगह बना ली है। इंग्लैंड के अलावा ग्रुप-सी से वेस्टइंडीज भी अगले दौर के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। ईडन गार्डन्स में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 7 विकेट खोकर 202 रन बनाए। इस टीम के लिए फिलिप सॉल्ट ने जोस बटलर के साथ पहले विकेट के लिए 21 रन जोड़े। बटलर महज 3 रन बनाकर आउट हुए, जबकि सॉल्ट ने 28 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। यह टीम 105 के स्कोर तक अपने 5 विकेट खो चुकी थी, जहां से विल जैक्स ने सैम करन के साथ छठे विकेट के लिए 25 गेंदों में 54 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। जैक्स 22 गेंदों में 4 छक्कों और 3 चौकों के साथ 53 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि करन ने 19 गेंदों में 25 रन का योगदान दिया। विपक्षी खेमे से ग्रांट स्टीवर्ट और क्रिशन कलुगामागे ने 2-2 विकेट निकाले।

### इटली के मेनेंटी ने जड़े 6 छक्के, खेली 60 रन की पारी

इसके जवाब में इटली की टीम 178 रन पर सिमट गई। इस टीम ने महज 22 के स्कोर तक अपने 3 विकेट खो दिए थे। यहां से जस्टिन मोस्का ने बेन मेनेंटी के साथ चौथे विकेट के लिए 48 गेंदों में 92 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 114 के स्कोर तक पहुंचाया। बेन मेनेंटी 25 गेंदों में 6 छक्कों और 4 चौकों के साथ 60 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद मोस्का ने ग्रांट स्टीवर्ट (45) के साथ छठे विकेट के लिए 21 रन जुटाकर टीम को 135 के स्कोर तक पहुंचा दिया। इटली ने 135 के स्कोर पर पांचवां विकेट गंवाया, जिसके बाद 16वें ओवर की लगातार दो गेंदों पर विकेट खोकर टीम संकट में आ गई, लेकिन यहां से स्टीवर्ट ने जसप्रीत सिंह (12) के साथ 18 गेंदों में 40 रन की साझेदारी करते हुए टीम में एक बार फिर जीत की उम्मीद जगाई, लेकिन इस साझेदारी के टूटते ही टीम बिखर गई।

## खबर संक्षेप



### नेपाल के खिलाड़ियों पर दबाव डालना जरूरी

**मुंबई।** नेपाल के कोच निक पोथास का मानना है कि अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों पर आगे और अधिक दबाव डालने की जरूरत है और उन्होंने अपने खिलाड़ियों से अपील की कि वे मंगलवार को स्कॉटलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के अपने मैच में पिछले दो मैचों में की गई गलतियों को न दोहराएं। नेपाल ने टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दी लेकिन उसके बाद से उसके प्रदर्शन में गिरावट आई है।

### द.अफ्रीका के खिलाफ हार का कोई असर नहीं पड़ेगा: ग्लेन फिलिप्स

**चेन्नई।** न्यूजीलैंड के केग्लेन फिलिप्स ने कहा, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली हार का असर ग्रुप डी में सबसे निचले पायदान पर कनाडा के खिलाफ उनके मैच पर नहीं पड़ेगा और टीम इस मुकाबले को जीतकर सुपर 8 में जगह पक्की करने की कोशिश करेगी। न्यूजीलैंड फिलहाल तीन मैचों में दो जीत के साथ दूसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका 6 अंकों के साथ सुपर 8 में पहुंच चुका है। फिलिप्स ने कहा, ' पिछले दिन दक्षिण अफ्रीका ने खेल के हर पहलू में शानदार प्रदर्शन किया।

# रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल : पडिक्कल ने जड़ा दोहरा शतक, कर्नाटक ने खड़ा किया रनों का पहाड़

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

कप्तान देवदत्त पडिक्कल के प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहले दोहरे शतक की मदद से कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में सोमवार को उत्तराखंड के खिलाफ छह विकेट पर 689 रन बनाए । रविचंद्रन स्मरण ने भी 191 गेंद में 11 चौकों की मदद से नाबाद 121 रन की पारी खेली। पडिक्कल ने 330 गेंद में 29 चौकों और तीन छक्कों के साथ 232 रन बनाए।



### कर्नाटक ने रखी लय कायम

अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 355 रन से आगे खेलते हुए कर्नाटक ने उसी लय को कायम रखा । पडिक्कल और करुण नायर (105 गेंद में 60 रन ) ने तीसरे विकेट के लिए 129 रन जोड़े। उत्तरखंड को पहली सफलता अभय नेगी ने दिलाई, जिन्होंने करुण को विकेटकीपर सौरभ रावत के हाथों लपकवाया। पडिक्कल ने 288 गेंद में अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह स्मरण के साथ 59 रन की साझेदारी करने के बाद लक्ष्य रायचंदानी की गेंद पर विकेटकीपर रावत को कैच देकर लौटे। श्रेयस गोपाल खाता भी नहीं खोल सके और आदित्य रावत की गेंद पर बोल्ड हो गए। वहीं पडिक्कल के आउट होने के बाद स्मरण ने विकेटकीपर कृतिक कृष्णा के साथ 123 रन की साझेदारी की। कृष्णा ने 103 गेंद में 60 रन बनाए, जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल था । आफ स्पिनर अवनीश सुधा ने कृष्णा को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा । इसके बाद विद्याधर पाटिल (नाबाद 35) ने स्मरण के साथ सातवें विकेट की अटूट साझेदारी में 81 रन जोड़ लिए हैं।

बंगाल की टीम ने पहली पारी में बनाए 328 रन

# जम्मू कश्मीर और बंगाल में टक्कर आकिब के सत्र में 50 विकेट पूरे

एजेंसी ▶▶| कल्याणी

मोहम्मद शमी के तीन विकेट के बावजूद जम्मू कश्मीर ने बंगाल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को पांच विकेट पर 198 रन बना लिए, जिससे मुकाबला अभी भी बराबरी का है। बंगाल ने पांच विकेट पर 249 रन से आगे खेलते हुए पहली पारी में 328 रन बनाए। जम्मू कश्मीर के लिए आकिब नबी ने 26 ओवरों में 87 रन देकर पांच विकेट लिए । इस रणजी सत्र में उनके 50 विकेट पूरे हो गए हैं । बंगाल के लिए फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज सुदीप कुमार घरामी कल के स्कोर में दस रन और जोड़कर 146 रन पर आउट हो गए । अनुभवी सुमंता गुप्ता ने 36 गेंद में 39 रन बनाए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सुनील कुमार ने 20 ओवरों में 41 रन देकर तीन विकेट लिए।



# चोटिल हेज़लवुड की जगह स्टीव स्मिथ टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| पल्लीकल

ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मैच से कुछ घंटे पहले चोटिल तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की जगह बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल कर दिया। इस तरह स्मिथ ऑस्ट्रेलियाई टीम के 15वें सदस्य बन गए हैं। आईसीसी ने कहा, ' स्मिथ को पिंडली की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर होने वाले हेज़लवुड की जगह टीम में शामिल किया गया है। टीम के चिकित्सकों को उम्मीद थी कि वह (हेज़लवुड) टूर्नामेंट के



अंतिम चरण में खेलने के लिए समय पर फिट हो जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।' इससे पहले चोटिल कप्तान मिचेल मार्श के कवर के तौर पर स्मिथ को श्रीलंका भेजा गया था।

## आज सुबह 11 बजे से कनाडा और न्यूजीलैंड में होगी टक्कर

# पावरप्ले की कमजोरी को दूर करने की कोशिश करेगा न्यूजीलैंड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में न्यूजीलैंड की कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आ गई थी और उसकी टीम अब कनाडा के खिलाफ मंगलवार को होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में इन्हें दूर करने और सुपर आठ में जगह पक्की करने की कोशिश करेगा।

विश्व कप से ठीक पहले भारत में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने के बाद न्यूजीलैंड की टीम उपमहाद्वीप की परिस्थितियों से काफी हद तक अभ्यस्त होकर



टूर्नामेंट में उतरी। अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ आसान जीत ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया।

### रचिन की खराब फॉर्म चिंता का विषय

न्यूजीलैंड के लिए पावरप्ले की परेशानियां लगातार चिंता का विषय बनी हुई हैं, क्योंकि शुरुआती विकेट गिरने से लय बिगड़ जाती है और मध्य क्रम के बल्लेबाजों को पारी को संवारने का काम करना पड़ता है। न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर रचिन रविंद्र की खराब फॉर्म भी टीम के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। वह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं। अब जबकि टूर्नामेंट अगले दौर में प्रवेश करने वाला है तो न्यूजीलैंड के टीम प्रबंधन उनके जल्दी लय में लौटने की उम्मीद कर रहा होगा।


**म.प्र. जन अभियान परिषद्**

(योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, म.प्र. शासन)

राजीव गाँधी भवन द्वितीय खण्ड, 35 श्यामला हिल्स, भोपाल, ईमेल socjap@mp.gov.in, दूरभाष: 0755-3511442

क्र. 645/जअप/निविदा/2026 भोपाल, दिनांक 10.02.2026

**कोरियर सेवाओं हेतु ई-निविदा आमंत्रण (अल्पकालिक 14 दिवस)**

म.प्र. जन अभियान परिषद् के भोपाल स्थित राज्य कार्यालय में कोरियर सेवाओं के लिये ई-निविदा (अल्पकालिक 14 दिवस) आमंत्रित की जाती है।

कोरियर निविदा की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है।

(निदेशक सेल)

म.प्र. जन अभियान परिषद्

जी - 25905/25 स्वच्छता ही सेवा है।

**मध्यप्रदेश शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग**

प्रथम तल, विन्ध्याचल भवन, भोपाल मध्य प्रदेश

फोन: 0755-25511230 फैक्स: 0755-2551185 ईमेल: lladbho@mp.nic.in

क्रमांक 1456/2764/21-अ (स्था)/IT/2026 भोपाल, दिनांक 09/02/2026

// निविदा सूचना //

कार्यालय म.प्र. शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग, भोपाल द्वारा शासकीय उपयोग हेतु Canon Scanner Dr-M1060 II with 1 year warranty को जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय किये जाने हेतु बिड क्र. GEM/2026/B/7210689 दिनांक 09.02.2026 Bid End Date 02-03-2026 13:00 द्वारा निविदा आमंत्रित की गई है। विस्तृत जानकारी कृपया जेम पोर्टल एवं विभागीय वेबसाईट https://www.law.mp.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी निविदा को स्वीकृत करने/अस्वीकृत करने का अधिकार प्रमुख सचिव/सचिव विधि और विधायी कार्य विभाग के पास सुरक्षित रहेगा।

(सुधा मालवीय)

स्टॉफ ऑफिसर

म.प्र. शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग, भोपाल

जी - 25901/25 स्वच्छता ही सेवा है।

**Government Women's Polytechnic College**

Shivaji Nagar, Bhopal - 462016 (M.P.)

Phone: 0755-2576839, Fax: 0755-257684

Email: info@gwpbpl.org, Website: www.gwpbpl.ac.in

Estb.1964 Approved by AICTE & Affiliated to RGPV Bhopal

NBA

Excellence in Technical Education for Women Empowerment

क्रमांक / शामपॉमभो/स्टोर/2026/230-A भोपाल, दिनांक: 09/02/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

शासकीय महिला पॉलीटेकनिक महाविद्यालय, शिवाजी नगर भोपाल द्वारा जैम पोर्टल के माध्यम से फर्नीचर हेतु निविदायें जारी की गई हैं। संस्था द्वारा जारी निविदाओं में सम्मिलित होने हेतु जैम पोर्टल के माध्यम से पोर्टल पर दर्शित प्रक्रिया के अनुसार निविदा में भाग लिया जा सकता है। निविदा क्रमांक GEM/2026/B/7209082, GEM/2026/B/7209116, जारी करने की तिथि 09/02/2026 अंतिम तिथि 02/03/2026

प्राचार्य

जी - 25888/25 स्वच्छता ही सेवा है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग कमांक-1, राज. परि. प्रशा., लो.नि.वि., ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल,**

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है:-

| स.क्र. | टेन्डर नं | निविदा क्र. एवं दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | निषिदा प्रपत्र ऑनलाईन विक्रय डाऊनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_CPA_480576_1 | 002/SAC dt. 05.02.26 | राजधानी संभाग क्र.1, सीपीए लो.नि.वि. भोपाल के अधीन नेहरू नगर चौराहा पर ब्लैक स्पॉट एवं लेफ्ट टर्न का सुधार का कार्य । | Rs.36.14 | Rs.50.000.00 | Rs.5,000/- | 25.02.26 |

उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेन्डर डोक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं आनलॉइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25.02.2026 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री,

राजधानी संभाग क्रमांक-1, राज. परि. प्रशा., लो.नि.वि.,

ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल 0755-2464382

जी - 25910/25 स्वच्छता ही सेवा है।

**कार्यालय, अधीक्षक सब जेल नसरूल्लागंज जिला सीहोर**

Email id- jsnasrullahganj@mp.gov.in

क्रमांक 210 / निविदा/2026 नसरूल्लागंज, दिनांक 11/02/2026

-: ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना :-

वर्ष 2026-2027 (द्वितीय आमंत्रण)

म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 एवं म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 के अंतर्गत सब जेल नसरूल्लागंज में परिरूद्ध बंदियों हेतु वर्ष 2025-2026 में लगने वाली विद्युत सामग्री, स्वच्छता सामग्री, सब्जियाँ, फल, दवाईयाँ, भवन निर्माण सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों के क्रय हेतु निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति (online system) के माध्यम से आमंत्रित की गई है। समस्त जानकारी बेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7. | प्री-बीड मिटिंग की तिथि- | दिनांक 07.03.2026 को समय प्रातः 12:00 बजे | कार्यालय सब जेल नसरूल्लागंज पर नियत समय पर होगी। |
| 8. | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि- (निविदा फार्म का मूल्य 1000 रुपए प्रतिफार्म- राशि ऑनलाईन महालखाकार ग्वालियर म.प्र. शीर्ष 0056, जेलें-800 अन्य प्राप्तियाँ मे जमा की जावेगी, यदि निविदा की कुल रकम 5.00 लाख से कम हो तो निविदा फार्म क्रय की राशि 500/- प्रति फार्म देय होगी। | दिनांक 11.03.2026 समय शाम 12:00 बजे तक | बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 9. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि- | दिनांक 11.03.2026 समय शाम 02:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन स्वीकार की जावेगी। |
| 10. | नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 11.03.2026 को दोपहर 05:00 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक, सब जेल नसरूल्लागंज पर जमा करें। |
| 11. | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) खोलने की ऑनलाईन तिथि एवं नमूना परीक्षण की तिथि | दिनांक 12.03.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे | कार्यालय अधीक्षक, सब जेल नसरूल्लागंज में तकनीकी निविदा खोलने की कार्यवाही की जायेगी। |
| 12. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 13.03.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे | कार्यालय अधीक्षक, सब जेल नसरूल्लागंज पर वित्तीय निविदा खोलने की कार्यवाही की जायेगी। |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (online system) क्रेडिट कार्ड या ऑन लाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित समस्त जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाईट पर देखे। निविदा संबंधी समस्त कार्यवाही सहायक जेल अधीक्षक सब जेल नसरूल्लागंज द्वारा की जावेगी। निविदा के संबंध में किया जाने वाला कोई भी संशोधन संबंधित वेबसाईट पर किया जायेगा। जिसका प्रकाशन पृथक से समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा।

सहायक जेल अधीक्षक

सब जेल नसरूल्लागंज

जिला सीहोर

जी - 25915/25 स्वच्छता ही सेवा है।




**खबर संक्षेप**

## पंचायतों में पिछड़ा पीएम आवास का काम, सचिवों को जारी किए नोटिस

**भोपाल।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र की पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास का काम पिछड़ रहा है, जिससे लोगों को घर नहीं मिल पा रहे हैं। पिछले दिनों जनपद पंचायत फंदा के गढ़मुर्रा में ईंटखेड़ी सड़क और सूखी सेवनिया सेक्टर की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने समीक्षा की। बैठक में बताया कि ग्राम पंचायत खामखेडा के सचिव को आवास का लक्ष्य पूरा नहीं करने पर सचिव को सस्पेंड कर दिया है, जबकि प्रधानमंत्री आवास मे 40 प्रतिशत से कम काम करने पर ग्राम पंचायत अचारपुरा, अमोनी, सुरैयानगर, अगरिया, बालमपुर, बरखेडीअब्दुल्ला, के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एडीईओ, पीसीओ को नोटिस जारी किए गए हैं।

## पर्यटन क्षेत्र में युवाओं को रोजगार के कई अवसर: पद्मश्री डॉ. नारायण व्यास



**भोपाल।** पर्यटन क्षेत्र में युवाओं को रोजगार के अनेक अवसर हैं। ऐतिहासिक धरोहरों के अध्ययन से भारतीय संस्कृति, ज्ञान और परंपराओं को निकट से जाना जा सकता है और वर्तमान जीवन शैली उसका बेहतर उपयोग किया जा सकता है। उक्त विचार पुरातत्ववेत्ता पद्मश्री डॉ. नारायण व्यास ने सोमवार को राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय (भेल) के वार्षिक स्नेह सम्मेलन विहान के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. नारायण व्यास ने कहा कि पर्यटन और विशेष रूप से ऐतिहासिक पर्यटन क्षेत्र में युवाओं को रोजगार के अनेक अवसर हैं। ऐतिहासिक धरोहरों के अध्ययन से भारतीय संस्कृति, ज्ञान और परंपराओं को निकट से जाना जा सकता है और वर्तमान जीवन शैली में उसका बेहतर उपयोग किया जा सकता है।

### राज्य निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस समारोह में वक्ताओं ने रखे विचार

# बीएलओ से सीईओ तक सभी की भूमिका अहम: ओपी रावत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएलओ से लेकर चीफ इलेक्शन ऑफिसर तक सभी इलेक्शन कमीशन हैं। निर्वाचन में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। भारत निर्वाचन आयोग के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त ओ.पी. रावत ने यह बात सोमवार को प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के 32वें स्थापना दिवस समारोह में कही। रावत ने वन नेशन-वन इलेक्शन में स्थानीय निर्वाचन की भूमिका विषय पर बोलते हुए कहा कि इस पर चर्चा 2015 में शुरू हई थी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इसमें सहमति व्यक्त की गयी थी। रावत ने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन को लागू करने पर भी राज्य निर्वाचन आयोग जरूरी होंगे। पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव इनके माध्यम ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरी उम्मीद है कि वन नेशन-वन इलेक्शन का ड्राफ्ट जरूर मंजूर होगा। रावत ने माडल कोड ऑफ कंडक्ट के बारे में भी विस्तार से चर्चा की।

### हर वोट-हर निकाय महत्वपूर्ण है: परशुराम

पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त आर. परशुराम ने स्थानीय निर्वाचन में सुधार की चुनौती विषय पर कहा कि हर वोट-हर निकाय महत्वपूर्ण है। परशुराम ने कहा कि चुनाव, चुनाव होता है, चाहे वह लोकसभा का हो या पंचायत का। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में प्रिपेयर, प्रिपेयर और प्रिपेयर के फार्मूले का हमेशा पालन करना चाहिए। नवीनतम तकनीकों के उपयोग से घबराना नहीं चाहिए। मप्र राज्य निर्वाचन आयोग तुलनात्मक रूप से अधिक अधिकार संपन्न है। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोगों की पिछली बैठक में मध्यप्रदेश को राज्य निर्वाचन आयोगों का वर्ल्ड बैंक कहा गया। श्रीवास्तव ने कहा कि यह समारोह विशेष इसलिए भी है, क्योंकि सभी उपस्थित अतिथियों ने निर्वाचन की यात्रा को प्रेरणा और दिशा प्रदान की है।

## इंडिगो एयरवेज की बेंगलुरू उड़ान इंदौर डायवर्ट यात्रियों की फूली रहीं सांसें

**संतनगर।** इंडिगो एयरवेज़ की आज सोमवार को बेंगलुरु से आ रही भोपाल उड़ान को अचानक इंदौर डाइवर्ट कर दिया गया जिससे यात्रियों की सांसें फूल गई। हालाँकि यह उड़ान भोपाल तो आ गई थी लेकिन राजा भोज एयरपोर्ट पर लैंडिंग की अनुमति न मिलने के कारण उस फ़्लाइट को कुछ देर के लिए इंदौर डायवर्ट कर दिया गया था। इसके 2 घंटे बाद इंडिगो एयरवेज़ की बेंगलुरू उड़ान सुबह 9 बजे के बजाय ग्यारह बजे भोपाल आयी और भोपाल से यात्रियों को लेकर बेंगलुरु के लिए रवाना हुई संबंधित अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन रीज़न के चलते उक्त उड़ान को इंदौर डायवर्ट किया गया था।

## साल का पहला सूर्य ग्रहण आज

**भोपाल।** इस साल का पहला सूर्य ग्रहण आज रहेगा। हालांकि यह ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा। इसके चलते भारत में इसका कोई असर नहीं होगा। साल का यह पहला सूर्य ग्रहण कुंभ राशि में लगेगा और राहु भी इस दौरान कुंभ में ही रहेगा।

### कैफे संचालक की शिकायत पर केस दर्ज

# युवकों ने कैफे में की तोड़फोड़ सीसीटीवी में कैद हुई वारदात




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर जोन टू में सोमवार शाम कैफे संचालक से मारपीट करते हुए दर्जनभर युवकों ने ईंट और पत्थर से हमला कर दिया। इस हमले में कैफे संचालक को गंभीर चोट आई है। हमले की वजह पुराना विवाद बताया जा रहा है। पुलिस ने कैफे संचालक की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट और तोड़फोड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार जोन टू एमपी नगर में सोमवार शाम करीब आधा दर्जन युवक पहुंचे थे। युवकों ने कैफे संचालक से बहस शुरू कर दी। कैफे के बाहर शुरू हुई बहस के बाद आरोपी कैफे संचालक से मारपीट करने लगे और बाहर पड़ी ईट और पत्थर से हमला कर दिया।

मोहित विश्वकर्मा जोन टू में चाय कैफे का संचालन करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि दर्जनभर बदमाश सोमवार शाम उनके कैफे के सामने पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि हमारा दो दिन पहले कैफे के पास विवाद हुआ था। विवाद के बाद पुलिस को तुमने जानकारी दी है। इसी का बदला लेने आरोपियों ने कैफे संचालक मोहित विश्वकर्मा से मारपीट की।

### तृतीय चरण में शुरू किया काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन

# स्वास्थ्य कर्मचारियों की चेतावनी: 23 तक मांगें नहीं मानी तो 24 को 'भोपाल भरो आंदोलन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



लंबित मांगों का निराकरण नहीं होने से आक्रोशित राजधानी भोपाल समेत प्रदेश भर के स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सोमवार से आंदोलन के तृतीय चरण में अस्पतालों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी 14 सूत्रीय और आयुष विभाग की नौ सूत्रीय मांगों को लेकर 16, 17 और 18 फरवरी को काली पट्टी बांधकर अपने अपने कार्यस्थलों पर सेवाएं देंगे।

इसके बाद भी मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो 24 फरवरी को सामूहिक हड़ताल करते हुए भोपाल भरो आंदोलन किया जाएगा। समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कौरव ने बताया कि भोपाल के जेपी अस्पताल, हमीदिया अस्पताल, काटजू अस्पताल सहित प्रदेश भर के जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। कौरव ने बताया कि मंत्री, विधायक से लेकर अधिकारियों को ज्ञापन से लेकर मांग पत्र सौंपकर अपनी मांगों से अवगत करा चुके है। हर बार उनकी तरफ से सिर्फआश्वासन ही मिला, मांगों का निराकरण नहीं हुआ। विभाग से कई बार चर्चा उपरांत मांगों के निराकरण पर सहमति बनने के बाद भी आज दिनांक तक आदेश न होने के कारण प्रदेश के स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।

### मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, अधिकारी-कर्मचारियों की मांगों का करें शीघ्र निराकरण

मप्र संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि अगर 23 फरवरी तक मांगों का निराकरण नहीं किया जाता है तो प्रदेश में लगातार आंदोलन जारी रहेगा। मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर आग्रह किया है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से विचार कर शीघ्र निराकरण करें।

## कांग्रेस का 'नेशनल टेलेंट हंट' लॉन्च

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस ने संगठन को धार देने और प्रवक्ताओं की नई टीम तैयार करने के उद्देश्य से 'नेशनल टेलेंट हंट' की शुरुआत की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि प्रदेश की मीडिया जनता की आवाज उठाती है और कांग्रेस इस प्रक्रिया में वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध लोगों को अवसर देना चाहती है। उन्होंने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 28 तारीख तय की गई है और इच्छुक कार्यकर्ताओं को प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आवेदन करना अनिवार्य होगा। पटवारी ने कहा कि मीडिया से जुड़े लोग भी यदि कांग्रेस की विचारधारा के साथ जुड़ना चाहते हैं तो वे इस टेलेंट हंट में हिस्सा ले सकते हैं। उनका दावा है कि इससे पार्टी को ऐसे प्रवक्ता मिलेंगे जो तथ्यों और रिसर्च के साथ अपनी बात रख सकें। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि यह पहल कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतंत्र में जनता के सवालों के सही जवाब नहीं मिल रहे हैं।

# अवैध बाउंड्रीवॉल पर चली जेसीबी, अवैध दीवारें तोड़ीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



नगर निगम के अतिक्रमण अमले ने सोमवार को कोलार और नीलबढ़ में अवैध निर्माण और अतिक्रमण को हटाने की बडी कार्रवाई की। कोलार में दशहरा मैदान के सामने अवैध रूप से टीन की बाउंड्रीवाल को जेसीबी के माध्यम से तोड़ा और यहां से करीब चार ट्रक सामग्री जप्त की। इसी तरह नीलबढ़ क्षेत्र में निर्माणाधीन शॉपिंग काम्प्लेक्स में प्रथम तल पर अवैध रूप से बनाई गईं चार दीवारों को भी तोड़ा। भवन अनुज्ञा शाखा और जिला प्रशासन की इस कार्रवाई में निगम प्रशासन ने सहयोग किया। निगम के अतिक्रमण अमले ने शहर के दो दर्जन से ज्यादा क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की अपनी कार्रवाई जारी रखी।

निगम आयुक्त के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने श्यामला हिल्स, जवाहर चौक, 12 नम्बर स्टॉप, एमपी नगर जोन-1, न्यू अदालत, बोर्ड आफिस, हथाईखेड़ा, अयोध्या बायपास, गोविन्दपुरा, लांबाखेड़ा, लालघाटी, एयरपोर्ट रोड दाता कालोनी, लालघाटी विजय नगर, लालघाटी ब्रिज, आशाराम तिराहा, हलालपुर बस स्टैंड, बुधवारा चार बत्ती चौराहा आदि क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाए। अवैध चबूतरे और छप्पर हटाए गए करोद चौराहे क्षेत्र से अवैध रूप से बना छप्पर, अशोका गार्डन रामानंद नगर गुरू नानक कालोनी में अवैध रूप से बनें चबूतरे तथा लालघाटी विजय नगर कालोनी से आवागमन में बाधक रेत, गिट्टी आदि भवन निर्माण सामग्री सहित अन्य प्रकार के अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की गई।

## एवीएफओ भर्ती के परिणाम जारी करने की मांग

**भोपाल।** समूह-5 संयुक्त भर्ती परीक्षा वर्ष 2024 के अंतर्गत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी (एवीएफओ) पद के लिए संशोधित परिणाम एवं विस्तृत प्रतीक्षा सूची जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर मांग की है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, इंदौर खंडपीठ द्वारा याचिका क्रमांक डब्ल्यूपी-19468-2019 में पारित आदेश के अनुसार उक्त पद के लिए केवल पशुपालन विज्ञान में डिप्लोमा धारक अभ्यर्थी ही पात्र माने गए हैं। जिससे 191 से अधिक पद रिक्त रह गए हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि नियम पुस्तिका के अध्याय-1, नियम क्रमांक-5 के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 40 प्रतिशत तथा अनारक्षित वर्ग के लिए 50 प्रतिशत न्यूनतम अंक निर्धारित हैं।

# श्रेष्ठ कार्य के लिए किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वतंत्रता सेनानी स्व विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति में विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तियों को कुक्कुट भवन सभागृह में सम्मानित किया गया।गत दिवस राज्य सभा सदस्य श्रीमती माया नारोलिया, खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग और विधायक श्री भगवान दास सबनानी ने प्रशासन,विधि,साहित्य,जनसंपर्क और छायाकारी से जुड़े साधकों को सम्मानित किया। इनमें रिटायर्ड अपर मुख्य सचिव और प्राथमिक पुनर्गठन आयोग के सदस्य श्री शिव नारायण मिश्र,अशोक पांडे, डी के मालवीय,अशोक मनवानी और अनिल दीक्षित आदि शामिल हैं।क्षितिज किरण के संपादक के के सक्सेना ने सभी का स्वागत किया। स्व सिन्हा के पौत्र और क्षितिज किरण के सहायक संपादक विलक्षण सक्सेना ने यह जानकारी दी।




# एमबीबीएस छात्रा सुसाइड मामला: मोबाइल पर मिला सुसाइड नोट, तनाव का उल्लेख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमबीबीएस की छात्रा रोशनी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में बड़ा मोड़ आ गया है। रोशनी ने आत्महत्या की थी। इस बात की पुष्टि उसके मोबाइल की जांच में की गई। दअरसल, रोशनी का मोबाइल पुलिस ने जब्त कर जांच के लिए भेजा था। मोबाइल की जांच में उसका डेटा रिकवर किया गया तो पता चला कि रोशनी ने खुद के ही मोबाइल पर वाट्सएप पर एक सुसाइड नोट भेजा था। सुसाइड नोट में उसने आत्महत्या की वजह पढ़ाई का तनाव लिखा था। उसने सुसाइड नोट में माता-पिता के लिए लिखा था कि वह पढ़ाई के बढ़ते दबाव के कारण आत्महत्या जैसा कदम उठा रही है। उल्लेखनीय है कि 10 फरवरी की सुबह जीएमसी की छात्रा रोशनी की बीडीए कॉलोनी कोहेफिजा स्थित गर्ल्स हॉस्टल में टॉप फ्लौर पर बने बाथरूम में लाश मिली थी। बाथरूम अंदर से लॉक था। पुलिस को रोशनी के पास से फिनाइल की बोटल भी मिली थी।

**स्थानीय खेल समाचार**




## खो खो, कबड्डी में यूटीडी बीयू विजेता

**भोपाल।** वनवासी कल्याण परिषद द्वारा कबड्डी, खो-खो एवं रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न जिलों क्लबों ने सहभागिता की। यूटीडी, बीयू कबड्डी, खो-खो प्रतियोगिता में विजेता रहा। प्रतियोगिता का उद्घाटन खेल मंत्री विश्वास सारंग ने किया एवं समापन एवं पुरस्कार वितरण बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर एसके जैन ने किया।

# बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय में महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ





**सुप्रिया जाटव के निर्देशन में 100 छात्राएं ले रही हिस्सा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत शारीरिक शिक्षा विभाग, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय में महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम की मुख्य आत्मरक्षा प्रशिक्षक सुप्रिया जाटव हैं, जो विक्रम अवॉर्ड प्राप्त, यूएस ओपन विजेता एवं कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट हैं। प्रशिक्षण में लगभग 100 छात्राएं सहभागिता कर रही हैं।

### छात्राओं को मानसिक व शारीरिक रूप से सशक्त बनाना है उद्देश्य

इस प्रशिक्षण के माध्यम से छात्राओं को आत्मरक्षा के आवश्यक कौशल एवं तकनीकें सिखाई जा रही हैं, जिससे उनमें आत्मविश्वास, दक्षता तथा विपरीत परिस्थितियों में सजगता से प्रतिक्रिया करने की क्षमता विकसित हो सके। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना है ताकि वे अपनी सुरक्षा स्वयं सुनिश्चित कर सकें।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930